मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 32.0 | 19.4 |
| जमशेदपुर | 31.8 | 17.0 |
| डालटनगंज | 31.5 | 12.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



शनिवार 09 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 321

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

चुनावी समर

# महिलाओं को लुभाने, महंगाई, जोड़-तोड़ व सीट बंटवारे पर टिकी नजर

केंद्र ने 100 रुपये घटाए सिलेंडर के दाम

## सिलेंडर के दाम घटने से नारी शक्ति और सशक्त होगी: मोदी

**नयी दिल्ली।** महिला दिवस पर शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी महिलाओं को बधाई दी. साथ ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 100 रुपए कम करने का भी ऐलान किया. पीएम मोदी ने कहा कि सिलेंडर के दाम घटने से नारी शक्ति का



जीवन आसान होगा, परिवारों का बोझ कम होगा. यह पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा. वहीं, पीएम ने भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार का वितरण किया. अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आइए हम भारत के लिए, दुनिया के लिए सृजन करें. अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया. रचनाकारों से आग्रह किया कि वे नारी शक्ति को अपने विषय-वस्तु का हिस्सा बनायें.

कांग्रेस का मोदी सरकार पर निशाना

## मोदी हैं तो महंगाई है, महिलाएं त्रस्त हैं...और मोदी चुप हैं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने महिला दिवस पर शुक्रवार को दावा किया कि पीएम मोदी के नेतृत्ववाली सरकार के कार्यकाल में श्रम बल में महिलाओं की हिस्सेदारी लगातार कम हुई है, जिससे अर्थव्यवस्था कमजोर हो सकती है. पार्टी महासचिव



जयराम रमेश ने आरोप भी लगाया कि मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराध की जघन्य घटनाओं और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ लगे आरोपों पर पीएम ने चुप्पी साध रखी है. रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, महिला दिवस पर उम्मीद नहीं है कि आज प्रधानमंत्री महिलाओं को बधाई देने की औपचारिकता निभाने के अलावा भी कुछ करेंगे. कांग्रेस नेता ने सवाल किया पीएम मोदी ने अभी तक मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया? भाजपा सांसद बृज भूषण सिंह पर महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाये हैं, पर मोदी चुप हैं. इस मुद्दे पर पीएम का रुख क्या है? क्या मोदी बृजभूषण को मोदी के परिवार का सदस्य मानते हैं? उन्होंने कहा, मोदी हैं तो महंगाई है.

उद्धव ने नितिन गडकरी को दिया खुला ऑफर

## गडकरी जी, भाजपा छोड़िए एमवीए से लड़ जाइए चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र से भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हुई. इसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम नहीं है. इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को एमवीए से चुनाव



लड़ने का खुला ऑफर दे दिया है. उन्होंने कहा है कि भाजपा छोड़ दो, एमवीए से चुनाव लड़ो. दिल्ली के सामने मत झुको. भाजपा की लिस्ट सामने आ गई है. अनेक नाम सामने हैं. जिन कृपाशंकर सिंह पर बीजेपी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था उनका नाम भी पीएम मोदी के साथ लिस्ट में है, लेकिन नितिन गडकरी जिन्होंने इतने सालों तक महाराष्ट्र में भाजपा के लिए आधार तैयार करने का काम किया. उनका नाम वहां नहीं है. इसलिए गडकरी जी हम आपको एमवीए से चुनाव जितवाकर लाएंगे. इस पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस कहा है कि, नितिन गडकरी हमारे बड़े नेता हैं. उद्धव की पार्टी सिर्फ बैंड बाजा वाली है.

सीट शेयरिंग पर बिहार एनडीए की दिल्ली में बैठक

## 70 प्लस वालों का कटेगा टिकट, कई पर बना संशय

**नयी दिल्ली।** आम चुनाव को लेकर बिहार में एनडीए के घटक दलों की दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है. इसमें हर सीट पर उम्मीदवार चयन को लेकर मंथन जारी है. एनडीए घटकों के अपने-अपने दावों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर



तमाम बड़े नेता बैठक में मौजूद रहे. नेतृत्व के समक्ष चुनौती यह है कि 70 प्लस वालों का टिकट काटा जाए. साल 2022 में जयपुर में भाजपा की बैठक हुई थी. इसमें 70 की उम्र पार कर चुके सांसदों को संगठन के काम में लगाने का निर्णय हुआ था. बिहार के कई सांसदों के टिकट पर संशय है. बिहार भाजपा के सीनियर लीडर पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी पहले ही शिकार हो चुके हैं, उनका राज्यसभा का टिकट भी कट चुका है. बात करें आरके सिंह, अश्विनी चौबे, राधा मोहन सिंह, रविशंकर की तो इनके नाम पर भी संशय बरकरार है, क्योंकि ये सभी सांसद भी 70 की उम्र को पार कर चुके हैं. वहीं अपने बयान को लेकर अकसर सुर्खियों में गिरिराज सिंह के टिकट को लेकर संशय बरकरार है.

### सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 60,900 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस ने जारी की 39 कैंडिडेट की पहली लिस्ट

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने 39 लोगों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. कांग्रेस ने शुक्रवार को पहली कैंडिडेट लिस्ट जारी कर इस पर मुहर लगा दी है. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है. कांग्रेस की पहली सूची में 39 नाम सामने आए हैं. इनमें वायनाड से राहुल गांधी, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, मेघालय से विंसेंट पाला और त्रिपुरा वेस्ट से आशीष साहा का नाम सामने आया है. 39 उम्मीदवारों वाली कांग्रेस की इस पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य कैटेगरी से हैं, जबकि 24 उम्मीदवार पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज से हैं.

-पूरी सूची देखें पेज 12 पर

### पीडीपी के लिए सीट नहीं छोड़ सकते : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ सीट साझेदारी के लिए गठबंधन करने से इनकार किया है. उन्होंने कहा कि वह पीडीपी के साथ सीट बंटवारे के लिए समझौता नहीं करेंगे. एक प्रेसवार्ता उमर ने कहा कि अगर उन्हें पहले यह कहा गया होता कि उन्हें नेकां को पीडीपी के साथ साझेदारी करनी पडेग़ी तो उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल ही नहीं होती.

### शिव बारात में शामिल 14 बच्चे करंट से झुलसे

**कोटा/जयपुर।** राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गये. इनमें से कई की हालत गंभीर है.

ईंट भट्ठा में काम करने आये थे, पैसे मांगने पर मारपीट करता है भट्ठा मालिक

# नरकोपी में छत्तीसगढ़ के 6 परिवार के 21 मजदूर बंधक

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

**सत्य शरण मिश्रा/प्रवीण कुमार। नरकोपी (रांची)**

रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा में छत्तीसगढ़ के 6 परिवारों के 21 लोग पिछले कई महीने से बंधक बने हुए हैं. भट्ठा मालिक न इन्हें मजदूरी दे रहा है, और न ही वापस घर जाने दे रहा. दिन-रात इन मजदूरों की निगरानी की जा रही कि कहीं ये भाग न जाएं. ये लोग 5 महीने पहले यहां काम करने आये थे. छत्तीसगढ़ के बस्ती जिले के सिंदरी गांव से दो मजदूर पहले परिवार के साथ नरकोपी पहुंचे. यहां टैब नाम से बनाए जाने वाले ईंट भट्ठा के मालिक तबारक खान से उनकी मुलाकात हुई. तबारक ने मजदूरों को 1000 ईंट बनाने पर 750 रुपए की दर से भुगतान की बात कही. इसके बाद तीन महीने पहले सिंदरी के ही 4 और परिवार के लोग भी भट्ठे पर काम करने पहुंचे. मजदूरों ने आरोप लगाया है कि तबारक उन्हें पूरी मजदूरी नहीं दे रहा. पैसा मांगने पर उनके साथ मारपीट की गयी. महिलाओं को भी नहीं बख्शा. मजदूर पूजा के साथ मारपीट हुई. इसके बाद बाकी मजदूरों ने इधर-उधर छिप कर खुद को बचाया. फिलहाल सभी मजदूर अपने घर वापस जाने के लिए गुहार लगा रहे हैं.

**21 लोगों में 5 छोटे बच्चे भी हैं :** सोनिया मनाहर ने कहा कि हमलोग यहां आकर फंस गये हैं. मालिक न पैसे दे रहा और न वापस छत्तीसगढ़ जाने दे रहा. पैसे की बात करने पर गुस्सा जाता है और बात-बात पर धमकी देता है. 6 परिवार के 16 लोग यहां मजदूरी कर रहे हैं, जबकि 5 छोटे बच्चे हैं. ईंटों से बने छोटे से दड़बे में पूरा परिवार नर्क में जी रहा है. रात में भी चौकीदार निगरानी करता है कि कहीं हमलोग भाग न जाएं.

## मजदूर भाग न जाएं, इसलिए की जाती है निगरानी



1000 ईंट बनाने पर 750 रुपये देने का था वादा, दे रहा सिर्फ 350 रुपये

### मजदूरी मांगने पर भड़क जाता है तबारक

मजदूर सुनील मनाहर ने बताया कि वह पांच महीने पहले छत्तीसगढ़ से यहां मजदूरी करने आया था. ईंट भट्ठा मालिक तबारक ने कहा कि 1000 ईंट बनाने पर 750 रुपए दिया जाएगा, लेकिन उसने कभी वादे के मुताबिक भुगतान नहीं किया. कभी-कभार 1000-1200 रुपए दे देता है. ऐसे में उसने तबारक से कहा कि वह उनका हिसाब कर दे वो वापस अपने घर चला जाएंगे. इसपर तबारक भड़क गया और कहा कि 1000 ईंट पर 350 रुपए की दर से वो भुगतान करेगा.

### भट्ठा मालिक ने मजदूरों की पिटाई भी करवाई

मजदूर आशू ने बताया कि वह 3 महीने पहले ईंट भट्ठा में काम करने छत्तीसगढ़ ये यहां आया था. ईंट भट्ठा मालिक ने वादे के मुताबिक मजदूरी का भुगतान नहीं किया. जब उसने कम मजदूरी देने का विरोध किया, तो तबरेज ने अपने 17-18 लोगों को ईंट भट्ठा में बुला लिया और मजदूरों के साथ गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दिया.

### बेहद बुरे दौर से गुजर रहे मजदूर, हैं परेशान

मजदूर सुकालू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 6 परिवार के लोग इस इंट भट्ठे में बुरे दौर से गुजर रहे हैं. भट्ठा मालिक मजदूरी नहीं दे रहा और न ही उन्हें वापस उनके घर जाने दिया जा रहा है. अपना घर छोड़कर इतनी दूर पेट की खातिर पूरे परिवार को लेकर आया था, लेकिन यहां बुरी तरह फंस गया है. मजदूरी करके भी परिवार का पेट नहीं पाल पा रहा है.

### बंधक मजदूरों की लिस्ट

| नाम | उम्र |
| --- | --- |
| जीतू मनाहर | 30 साल |
| पूजा मनाहर | 29 साल |
| जसमीन मनाहर | 5 साल |
| अंशु मनाहर | 22 साल |
| अनीता मनाहर | 20 साल |
| रिया मनाहर | 7 महीना |
| सुकालू रात्रे | 48 साल |
| रिक्की रात्रे | 20 साल |
| बिंदिया रात्रे | 18 साल |
| दिव्या रात्रे | 16 साल |
| प्रीति रात्रे | 12 साल |
| सुनीला मनाहर | 22 साल |
| सुनीता मनाहर | 20 साल |
| दीपिका कुरे | 24 साल |
| पिंकी कुरे | 21 साल |
| महिरा कुरे | 8 महीना |
| अश्विनी मनाहर | 24 साल |
| सोनिया मनाहर | 22 साल |
| आयशा मनाहर | 6 महीना |
| दयाराम टंडन | 55 साल |
| रिहान मनाहर | 8 महीना |

### मजदूरों को करवाएंगे रेस्क्यू : उपायुक्त

मामले में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि शुभम संदेश से मामला संज्ञान में आया है. वे इसपर कार्रवाई करेंगे और मजदूरों को वहां से रेस्क्यू करवाएंगे.

### क्या कहता है ईंट भट्ठा मालिक तबारक खान

भट्ठा के मालिक तबारक से इस मामले पर बात की गई, तो उन्होंने कहा कि हमने किसी को बंधक नहीं बनाया. सभी आजाद हैं और जहां मर्जी वहां जा सकते हैं. हमने किसी को नहीं रोका है. वे लोग बचने के लिए ऐसा आरोप लगा रहे हैं. तबारक ने माना कि 1000 ईंट पर 750 रुपए की दर से भुगतान की बात हुई थी. कहा कि यह रेट पूरे सीजन के लिए है. यानी जबतक ईंट बन कर पूरी तरह तैयार नहीं हो जाती, तबतक उनको काम करना है. इसमें कई महीने लगते हैं, लेकिन ये मजदूर पूरे सीजन काम नहीं करना चाहते. आधा काम करके वापस जाना चाह रहे हैं. अगर मजदूर चले गये तो हमारा तो नुकसान हो जाएगा. उन्होंने कहा कि आप दूसरे ईंट भट्ठों से भी पता कर लें. सब जगह यही नियम है कि अगर मजदूर बीच में काम छोड़ता है, तो उसे 750 की जगह 350 की दर से भुगतान किया जाता है. जहां तक मारपीट करने का सवाल है तो हमने किसी को नहीं मारा, उल्टे उन मजदूरों ने हमारे कोयला मजदूर की पिटाई की थी.

## सीएम ने लिया बाबा का आशीर्वाद



महाशिवरात्रि पर रांची के पहाड़ी मंदिर से निकली शिव बारात में शामिल हुए सीएम चंपाई सोरेन. **फोटो : रमीज**

जिस केस की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच कर रही है

# झारखंड पर पड़ेगा व्यापक असर

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची/दिल्ली**

खनिजों से झारखंड को राजस्व का एक बड़ा हिस्सा मिलता है. ऐसे में खान-खदान से जुड़े फैसले का सबसे अधिक असर झारखंड पर ही पड़ेगा. ऐसे ही एक मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है. इसलिए इस मामले को जानना जरूरी है. खान-खदान की रॉयल्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में नौ जजों की बेंच सुनवाई कर रही है. डेढ़ दशक से चल रहे इस मामले में बड़ा फैसला आने वाला है. इस फैसले का झारखंड पर व्यापक असर पड़ेगा.

खान-खदान व इसकी रॉयल्टी से जुड़े 11 बिंदुओं पर फैसला होना है. वर्ष 1957 में केंद्र सरकार ने माइंस एंड मिनरल डेवलपमेंट एक्ट लागू किया था. जिसके बाद से केंद्र व राज्यों के बीच विवाद चल रहा है. वर्ष 2011 में तत्कालीन जस्टिस एसएच कपाड़िया अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच से इस मामले को नौ जजों की बेंच को भेजा था. कुल 11 बिंदुओं पर सुनवाई करने की बात कही गई थी. दरअसल, केंद्र ने वर्ष 1957 में जब माइंस एंड मिनरल डेवलपमेंट एक्ट लागू किया था, तो एक झटके में माइंस और मिनरल्स का पूरा कंट्रोल केंद्र के पास चला गया. इस कानून के सेक्शन नौ के मुताबिक, राज्य से माइंस लेने पर केंद्र को रॉयल्टी देनी पड़ेगी. तमिलनाडु की सरकार ने इस नियम को पहली बार चुनौती दी थी. उसके बाद से अब तक बिहार, बंगाल और यूपी सरकार की तरफ से रॉयल्टी के मामले को लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जा चुका हो.

वर्ष 1989 में सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की वृहद पीठ ने इसी तरह से जुड़े एक मामले में यह फैसला सुनाया था कि माइंस से मिलने वाली रॉयल्टी केंद्र सरकार को मिलेगी. लेकिन वर्ष 2004 में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने केसूराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड बनाम बंगाल सरकार के मामले में सुनवाई करते हुए यह पाया कि रॉयल्टी एक खर्च है. लेकिन इंडिया सीमेंट बनाम तमिलनाडु सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिया था, वह अलग था. दोनों मामलों में अलग-अलग फैसलों के कारण इस मामले को नौ जजों की बेंच के समक्ष भेजा गया.

### आनेवाला है बड़ा फैसला



**माइंस व मिनरल्स पर केंद्र व राज्यों की शक्तियों का होगा निर्धारण :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले की सुनवाई के बाद जो भी फैसला आयेगा, उसका असर झारखंड समेत उन सभी राज्यों पर पड़ेगा, जहां माइंस और मिनरल हैं. शीर्ष अदालत का फैसला माइंस और मिनरल के मामले में केंद्र और राज्य सरकार की शक्तियों का निर्धारण करेगा. अब तक हुई सुनवाई में झारखंड की ओर से बहस करते हुए वरीय अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने महत्वपूर्ण खनिजों पर टैक्स लगाने के अधिकार को चुपचाप छीनने के किसी भी प्रयास के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि राज्य की टैक्स लगाने की शक्ति को संरक्षित करने के महत्व को देखते हुए फैसला लिया जाना चाहिए.

## राष्ट्रपति मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति की पत्नी और समाजसेवी सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने का ऐलान किया है. पीएम ने कहा, मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया है. सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान प्रेरणादायक रहा है. रास में उनकी उपस्थिति हमारी नारी शक्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है. उनके फलदायी संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं. उधर, प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति



ने कहा कि राज्यसभा के लिए उनका नामांकन महिला दिवस के दिन होना उनके लिए दोहरी खुशी की बात है. सुधा ने कभी इस पद की मांग नहीं की और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं है कि सरकार ने उन्हें उम्मीदवार क्यों बनाया है. मैं बहुत खुश हूं. मैं पीएम की आभारी हूं. मूर्ति फिलहाल थाईलैंड की यात्रा पर हैं.

### सुधा मूर्ति कौन हैं ?

सुधा मूर्ति लेखिका हैं. सुधा ने 8 उपन्यास लिखे हैं. वह टेल्को में काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर भी हैं. सुधा मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी हैं. सुधा के दो बच्चे हैं, बेटी अक्षता और बेटा रोहन. अक्षता ब्रिटेन के पीएम की पत्नी हैं. रोहन, मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के साथ ही एक डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन स्टार्ट अप सोरोको के संस्थापक हैं.

सुप्रीम आदेश — किसी दूसरे देश की स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देना गुनाह नहीं

# सभी को सरकार के फैसले की आलोचना करने का अधिकार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की 'व्हाट्सऐप स्टेटस' के जरिए आलोचना करने के मामले में एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी और कहा कि प्रत्येक नागरिक को सरकार के किसी भी फैसले की आलोचना करने का अधिकार है. शीर्ष कोर्ट ने इस मामले के संबंध में बंबई हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया. उसने प्रोफेसर जावेद अहमद हाजम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादसं) की धारा 153 ए (सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देने) के तहत दर्ज मामले को रद्द कर दिया. महाराष्ट्र पुलिस ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के संबंध में व्हाट्सऐप पर संदेश पोस्ट करने के लिए हाजम के खिलाफ कोल्हापुर के हतकणंगले पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की थी. हाजम ने इन व्हाट्सऐप संदेशों में कहा था कि 5 अगस्त - जम्मू-कश्मीर के लिए काला दिवस और 14 अगस्त- पाकिस्तान को स्वतंत्रता दिवस मुबारक.

## शीर्ष कोर्ट ने रद्द किया बंबई हाईकोर्ट का फैसला

कोर्ट ने कहा कि हर नागरिक को दूसरे देशों के नागरिकों को उनके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने का अधिकार है. अगर भारत का नागरिक 14 अगस्त को पाकिस्तान के नागरिकों को शुभकामनाएं देता है जो इसमें गलत नहीं है. पाकिस्तान 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाता है. न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि भारत का संविधान अनुच्छेद 19 (1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है. इस के तहत प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की कार्रवाई और उस मामले में सरकार के प्रत्येक फैसले की आलोचना करने का अधिकार है. उन्हें यह कहने का अधिकार है कि वह सरकार के फैसले से नाखुश हैं.



### शांतिपूर्वक प्रदर्शन करना लोकतंत्र का अभिन्न अंग

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वैध और कानूनी तरीके से असहमति का अधिकार अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अधिकारों का एक अभिन्न अंग है. प्रत्येक व्यक्ति को असंतोष जताने के दूसरे लोगों के अधिकार का सम्मान करना चाहिए. सरकार के निर्णयों के खिलाफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन करना लोकतंत्र का अभिन्न अंग है. इस मामले में अपीलकर्ता ने कोई हद पार नहीं की. शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कहा कि लोगों के एक समूह की भावनाएं भड़कने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. अपीलकर्ता के अध्यापक, छात्र और अभिभावक व्हाट्सऐप समूह के कथित तौर पर सदस्य हैं. जैसा कि न्यायमूर्ति विवियन बोस ने कहा कि अपीलकर्ता द्वारा उनके 'व्हाट्सऐप स्टेटस' पर इस्तेमाल किए गए शब्दों का प्रभाव उनके समूह में शामिल महिलाओं और पुरुषों के स्तर के आधार पर आंका जाएगा. उसने कहा कि हम कमजोर और खराब मानसिकता वाले लोगों के स्तर से इसे नहीं देख सकते.

▼ ब्रीफ खबरें

## झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक 12 मार्च को

**रांची।** झारखंड की चंपाई सोरेन सरकार की कैबिनेट की बैठक 12 मार्च को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में होगी. संभवत : लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व यह अंतिम कैबिनेट की बैठक होगी. इसलिए इस बैठक में सरकार कई अहम निर्णय ले सकती है.

## जेपीएससी परीक्षा 17 को एडमिट कार्ड जारी नहीं

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सिविल सेवा की परीक्षा के महज 9 दिन बचे हैं. लेकिन अब तक असका एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है. 11वीं जेपीएससी की परीक्षा 17 मार्च को होनी है. इसके लिए आवेदन फरवरी के पहले सप्ताह से लिया गया है. 17 मार्च को परीक्षा होगी या नहीं, इस बात को लेकर अभ्यर्थियों में चिंता भी है. हालांकि एडमिट कार्ड जारी होने या नहीं होने की कोई आधिकारिक सूचना अब तक जारी नहीं हुई है.

## पीजीटी अभ्यर्थियों ने की भूख हड़ताल

**रांची ।** पीजीटी के अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल की. इसके साथ इन्होंने दो पुतला बनाया और उसे फांसी के फंदे में लटकाया है. भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार या तो हमारा रिजल्ट दे या तो हमें फांसी दे. उन्होंने आगे कहा कि जब विज्ञापन 11 विषय के लिए निकला और परीक्षा 11 विषयों की हुई, लेकिन केवल चार विषय का रिजल्ट जारी कर नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया है. मालूम हो कि पिछले चार दिनों से पीजीटी के अभ्यर्थी राजभवन के सामने धरना पर बैठे हैं. इनके धरने पर बैठने के बीच ही 4 विषय के 1280 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया.

## मई-जून माह में हो सकती है जेट परीक्षा

**रांची।** झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेट) की परीक्षा मई या जून में ली जा सकती है. इसके लिए झारखंड लोक सेवा आयोग ने नोटिफिकेशन जारी किया है. जेपीएससी के अनुसार जल्द ही इसके लिए आवेदन फॉर्म निकाला जाएगा. जेट परीक्षा के आधार पर झारखंड के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पीएचडी में नामांकन ले सकते हैं. वहीं सहायक प्राध्यापक के लिए भी जेट मान्य होगा. अगर 2024 में जेट की परीक्षा होती है, तो यह परीक्षा 16 साल के बाद होगी. जेट में कुल 43 विषयों के लिए परीक्षा ली जाएगी. इसमें दो पेपर होगा, जैसे नेट में होता है. उसी प्रकार से अंक और प्रश्न पत्र दो होंगे.

## तीसरा मोर्चा सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ेगा

**रांची।** झारखंड तीसरा मोर्चा की बैठक पुराना विधानसभा में हुई. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मोर्चा राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी. इसके लिए मोर्चा की घटक पार्टियों से संभावित उम्मीदवारों की सूची नाम के साथ मांगी गई है. बैठक की अध्यक्षता करते हुए तीसरा मोर्चा के संयोजक सह पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने कहा कि बहुत जल्द कौन सीट पर तीसरा मोर्चा के कौन उम्मीदवार होंगे, इसकी घोषणा कर दी जाएगी. बैठक में बहुजन समाज सदन मोर्चा, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी, झारखंड नवनिर्माण दल, अंबेडकर राइट पार्टी ऑफ इंडिया, पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा, एआईएमआईएम, अखिल भारतीय मानव सेवा दल, झारखंड जन क्रांति मोर्चा, सदन विकास परिषद सहित कई पार्टी व संगठन के नेता शामिल थे.

### हजारीबाग की चट्टी बारियातू पंचायत के पगार गांव की बिरहोर बच्ची की मौत को लेकर मानवाधिकार आयोग से लगाई गई गुहार

# एनटीपीसी पर कार्रवाई हो...चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन ने आयोग को लिखा पत्र

संवाददाता। रांची/हजारीबाग

हजारीबाग जिले की चट्टी बरियातू पंचायत के पगार गांव स्थित बिरहोर टोला निवासी किरनी बिरहोर(10 वर्षीय) की मौत 28 फरवरी की रात में हो गई थी. इस मामले में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर एनटीपीसी पर कारवाई करने का अनुरोध किया है.पत्र में कहा गया है कि एनटीपीसी 25 अप्रैल 2022 से यहां खनन का काम कर रही है. लेकिन इलाके में रह रहे परिवारों को उचित मुआवजा दिये बगैर यहां खनन का काम किया जा रहा है. ऐसे में सवाल उठता है कि बिना बिरहोर परिवारों (आदिम जनजाति) की सुरक्षा और पुनर्निवास के खनन कार्य कैसे चालू कर दिया गया?

**खास बातें**

- फाउंडेशन के सचिव ने पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की
- एनटीपीसी 25 अप्रैल 2022 से यहां खनन का काम कर रही

**कंपनी की लापरवाही से सरकार के प्रयासों पर सवाल उठाए जा रहे हैं**

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट को देखें तो कंपनी इन सवालों का कोई उचित जवाब नहीं दे रही है. यह बहुत ही गंभीर मसला है. केंद्र और राज्य सरकार विलुप्त होने के कगार पर खड़ी इन आदिम जनजातियों की सुरक्षा के लिए कई योजनाएं चला रही हैं, लेकिन खनन कर रही कंपनियों की लापरवाही से सरकार के प्रयासों पर सवाल उठ खड़े हो रहे हैं. साथ ही पूरे इलाके में रह रही आदिम जनजाति के मानवाधिकारों को भी सुरक्षित नहीं रखा जा रहा है.पत्र में मांग की गयी है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पूरे मामले की जांच अपने स्तर से कराते हुए कंपनी से इस संबंध में सवाल करे? साथ ही किरनी बिरहोर को परिजनों और अन्य बिरहोर आदिवासियों को कंपनी से उचित मुआवजा दिलाने के लिए कंपनी को आदेश जारी करें.

**शुभम संदेश इंपैक्ट**



छपी खबर.

### परियोजना क्षेत्र से बाहर का मामला बता कंपनी ने पल्ला झाड़ लिया था

एनटीपीसी ने बच्ची की मौत के मामले को अपने परियोजना क्षेत्र से बाहर का बताकर पल्ला झाड़ लिया था. आरोप है कि मामले को दबाने के लिए कोयला खनन कर रही एनटीपीसी की एमडीओ ऋतिक कंपनी ने बिरहोर बच्ची के परिजनों को 40 हजार मुआवजा दे दिया, जिसमें 5 हजार नकद और 35 हजार पिता बिरू बिरहोर के बैंक खाते में डाले गये हैं.

### मौत के बाद बच्ची के शव को जल्द दफनाने का डाला गया दबाव

किरनी के पिता बिरू बिरहोर ने बताया कि बच्ची की मौत के बाद शव जल्द दफनाने के लिए कंपनी ने जोर भी दिया. बिरहोर टोला के वार्ड सदस्य ने कहा किरनी की मौत प्रदूषण के कारण हुई है. वह कुछ दिने से बीमार थी. उसे इलाज के लिए केरेडारी स्वास्थ केंद्र ले जाया गया, जहां उचित इलाज की व्यवस्था नहीं होने से सभी वापस लौट गये. उसके बाद किरनी की मौत हो गयी.

### झारखंड में चंपाई सोरेन सरकार ने पहली बार लाया बच्चों के लिए अलग बाल बजट

# बच्चों के विकास पर 5 विभाग खर्च करेंगे 8866 करोड़

**कौशल आनंद। रांची ।** झारखंड हमारे नौनिहालों बच्चों के विकास पर 5 विभाग मिलकर 8866.69 करोड़ रुपये खर्च करेंगे. झारखंड में बच्चों के कुपोषण से मुक्ति, शिक्षा, बौद्धिक व खेल विकास के लिए अलग-अलग विभाग विभिन्न प्रकार के कार्य करेंगे. झारखंड गठन के बाद पहली बार चंपाई सोरेन सरकार ने अलग से बाल बजट लाया है, जिसका मुख्य उद्देश्य केवल बच्चों में फोकस रहेगा.



**पांच विभाग जो बाल बजट (2024-25) पर करेंगे खर्च**

| 3143.88 | 1818.86 | 1993.07 | 1881.50 | 29.38 |
|---|---|---|---|---|
| स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग | स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग | महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग | अजा, अजजा, अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | नगर एवं आवास विभाग |

**क्या काम होगा, क्या होगा फायदा**

*काम : झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय योजना के तहत गैर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रखंडों में केजीबी के आधार पर अवासीय विद्यालय स्थापित किया जाएगा.*

*फायदा :19950 ड्रॉपआउट लड़कियों को 12वीं कक्षा तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा. इसके तहत कम से कम 75 प्रतिशत नामांकन एसटी, एससी और अल्पसंख्यक लड़कियों के लिए होगा. शिक्षा में लैंगिक और सामाजिक अंतर को दूर किया जाएगा.*

*काम : निःशुल्क स्कूल किट का वितरण*

*फायदा : गरीब छात्रों को निःशुल्क पुस्तक और लेखन सामाग्री दिया जाएगा, जो बच्चे इसे खरीदने में सक्षम नहीं हैं.*

*काम : मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना*

*फायदा : इसका लाभ केवल उन छात्रों को दिया जाएगा, जो सरकार द्वारा पहले से जारी छात्रवृति योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं. एसटी-एससी, ओबीसी व अल्पसंख्यक छात्रों को कक्षा 9 से 10 और 11-12 को दस महीने तक 1500 और 2300 रुपये छात्रवृति मिलेगी. इससे 48955 छात्र लाभान्वित होंगे.*

*काम : मध्याह्न भोजन योजना*

*फायदा : वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों को गर्म पका मध्याह्न भोजना देना. इससे कुपोषण दूर होगा और नामांकन 100 प्रतिशत किया जाएगा. अतिरिक्त भोजन के तहत अंडे और फल प्रदान किया जाएंगे.*

*काम : समग्र शिक्षा अभियान*

*फायदा : इसके तहत एकीकृत विद्यालयों को बढ़ावा देना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और नक्सल प्रभावित एवं लड़कियों के तस्करी से प्रभावित क्षेत्रों के लिए आवासीय विद्यालयों पर जोरा. खेल व शारीरिक गतिविधियां, आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण, आईसीटी और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर.*

*काम : कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का सुदृढ़ीकरण और क्षमता संवर्धन*

*फायदा : इसके तहत छात्रों की क्षमता में वृद्धि उपकरण का प्रावधान होगा.*

*काम : पाठ्य पुस्तकों का निःशुल्क वितरण*

*फायदा : सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और बहुभाषी पाठ्य पुस्तक का वितरण.*

*काम : पीटीटीसी/डाइट का सुदृढ़ीकरण*

*फायदा : छात्रों को क्वालिटीपूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण जिलों में अवस्थित पीटीटीसी व डाइट किया जाएगा.*

*काम : निःशुल्क पोषक वितरण*

*फायदा : कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को निःशुल्क पोषाक और 6 से 8 कक्षा के बच्चों को जूता-मोजा दिया जाएगा.*

*काम : निःशुल्क साइकिल वितरण*

*फायदा : स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए आठवीं कक्षा में नामांकित सभी छात्रों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाएगी.*

*काम : नवजात शिशु बेबी केयर किट*

*फायदा : शिशु दर मृत्यु पर लगाम लगाने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में तौलिया, कंबल, पाउडर, बेबी साबुन, तेल, मच्छरदानी आदि का वितरण. इससे 6.5 लाख नवजात बच्चों को देखभाल किया जा सकेगा.*

*काम : किशोरियों को मुफ्त सेनेटरी नैपकिन वितरण*

*फायदा : किशोरी बच्चियां जो गरीब होती हैं, वह मासिक शुरू होने पर बाजार के महंगी सेनेटरी नैपकिन नहीं खरीद पाती हैं, कपड़ा इस्तेमाल करती हैं, इससे बीमारी उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है, इसलिए सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में वर्ग 6 से 12 किशोरियों को फ्री सेनेटरी नैपकिन दिया जाएगा.*

*काम : रिप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ और हेल्थ सिस्टम*

*फायदा : गर्भवती महिलाओं को 180 आयरन-फोलिक एसिड गोलियां, मृत्यु दर को कम करने के लिए लेबर रूम ऑपरेशन थियेटर, पूर्ण टीकाकरण कवरेज बढ़ाना, नवजात शिशुओं की सुरक्षा आदि.*

*काम : पूरक पोषण कार्यक्रम*

*फायदा : टेक होम राशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रां में प्रति दिन लाभार्थी को 5 रुपये की लागत से सूक्ष्म पोषक तत्व युक्त फोर्टिफाइड भोजन देना. इसके अतिरिक्त प्रति लाभार्थी प्रति दिन, प्रति 7 रुपये में 600 कैलोरी ऊर्जा व 18-20 ग्राम प्रोटीन का पूरक आहार देना.*

*काम : बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ*

*फायदा : लैंगिक भेदभाव को रोकने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत लड़कियों के लिए 7.6 प्रतिशत ब्याज की दर से बचत खाता खोलना.*

*काम : मुख्यमंत्री लाडली योजना*

*फायदा : नवजात बालिक (केवल दो) के नाम पांच वर्ष तक डाकघर में हर साल 6 हजार रुपये जमा कराए जाएंगे. लड़कियों के लिए कक्षा 6 में 2 हजार, 9 में 4 हजार, 11 में 7,500 रुपये जमा कराए जाएंगे. जब लड़की 12 वीं जाएगी तब उन्हे प्रतिमाह 200 रुपये मिलेगा. 21 वर्ष होने पर 1 लाख मिलेगी. शादी के समय 60 हजार रुपये मिलेंगे.*

*काम : सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना*

*फायदा : सभी लड़कियों को कक्षा 8 से 12 तक छह किश्तों में 40 हजार रुपये दिए जाएंगे.*

*काम : प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना*

*फायदा : गरीबी रेखा से नीचे गर्भवती महिला को उसकी पहली गर्भावस्था पर 5 हजार रुपये दी जाएगी.*

*काम : राजीव गांधी सबला योजना*

*फायदा : किशोरियों को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए वैसे लड़कियां जो स्कूल छोड़ चुकी हैं, उसके लिए ब्रिज लर्निंग, कौशल प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी. कुपोषण से मुक्ति के लिए 11 से 14 वर्ष की आयुवर्ग में स्कूल से बाहर रहने किशोरी लड़कियों और 15-18 वर्ष की सभी लड़कियों को 300 दिन के लिए प्रति दिन रुपये 9.50 की दर से 600 कैलोरी, 18-20 ग्राम प्रोटिन और हेल्दीकैरी मिल प्रदान किया जाएगा.*

*काम : पहाड़िया डे स्कूल मध्याह्न भोजन योजना*

*फायदा : पहाड़िया जनजाति के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति के लिए सार्वजनिक संस्थानों में दाखिले छात्रों को हरे सब्जियां, अंडे, सोयाबीन आदि भोजन में दिए जाएंगे.*

*काम : साइकिल योजना*

*फायदा : सरकारी स्कूलों एवं मदरसों में कक्षा 8 में दाखिल लेने वाली एसटी-एससी, ओबीसी व अल्पसंख्यक बच्चों को साइकिल खरीदने के लिए राशि प्रदान.*

*काम : वीर शहीद हो खेल विकास योजना*

*फायदा : 10 हजार अतिरिक्त वीर शहीद पोटो, हो खेल मैदान का निर्माण होगा. इस योजना के तहत सभी पंचायत में मनरेगा के तहत एक-एक खेल मैदान भी बनेगा. साथ ही प्रखंड एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा.*

*काम : अटल शहरी पुनर्जीवन एवं शहरी परिवर्तन योजना*

*फायदा : विभिन्न क्षेत्रों में 35 पार्क बच्चों के लिए बनाया जाएगा.*

# दीक्षांत समारोह से पूर्व एफओ के पद छोड़ने से उठ रहे सवाल

रजनीश प्रसाद। रांची

**रांची विवि**

- 19 फरवरी से 5 मार्च तक छुट्टी पर थे, 6 मार्च को पद छोड़ा
- वीसी डॉ अजीत के 20 माह के कार्यकाल में 4 एफओ बने

**दीक्षांत समारोह 15 को**
यूजी पीजी और पीएचडी : 40,000 डिग्रियां
स्नातक :400 डिग्रियां
पीएचडी : करीब 3700

रांची विश्वविद्यालय में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा. 15 मार्च को दीक्षांत समारोह है. दीक्षांत समारोह से 9 दिन पहले वित्त पदाधिकारी (एफओ) डॉ. ज्योति प्रकाश ने अपना पद छोड़ दिया. इससे पहले वह 19 फरवरी से पांच मार्च तक छुट्टी पर थे. छुट्टी की वजह खराब स्वास्थ्य बताया था. छह मार्च को अपने कार्यालय में आए और एफओ का पद छोड़ कर पुनः अपने विभाग जाने का निर्णय लिया. उनके अवकाश के दौरान विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहू एफओ के प्रभार में थे. सात मार्च से एफओ का अतिरिक्त प्रभार डिप्टी रजिस्ट्रार-एक डॉ. प्रीतम कुमार को दे दिया गया है.

अचानक से, वह भी दीक्षांत समारोह से पहले डॉ ज्योति प्रकाश का एफओ पद छोड़ने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं. सवाल उठने लगा कि ऐसा क्या चल रहा है कि विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के 20 माह के कार्यकाल में चार एफओ बनाने पड़े. डॉ. प्रीतम कुमार चौथे एफओ हैं. डॉ सिन्हा ने जिस वक्त कुलपति का पद संभाला था, उस वक्त डॉ कुमार आदित्येंद्रनाथ शहदेव एफओ के पद पर थे. दो माह बाद ही डॉ ज्योति प्रकाश को एफओ बनाया गया. फिर प्रभारी एफओ के रूप में डॉ सुदेश कुमार साहू और डॉ प्रीतम कुमार रहे. विश्वविद्यालय के अंदरखाने चर्चा है कि कोई भी वित्तीय अनियमितता में नहीं फंसना चाहता. इसलिए यह स्थिति बन रही है.

रांची विवि में इससे पहले जब अधिकारियों की फेरबदल की गयी थी, तब डॉ एके झा को हटा कर डॉ राजकुमार शर्मा को परीक्षा नियंत्रक बनाया गया था. एके झा झारखंड हाईकोर्ट चले गये. हाईकोर्ट के आदेश के बाद एके झा को दोबारा परीक्षा नियंत्रक बनाया गया.

# महिला दिवस पर महिलाओं ने किया रांची-टोरी मेमू ट्रेन का परिचालन

संवाददाता। रांची

8 मार्च को हर साल पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. इसी कड़ी में हटिया जोन से ट्रेन संख्या 08689/08690 रांची-टोरी- रांची मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन महिलाओं द्वारा किया गया. इस ट्रेन की पूरी जिम्मेवारी महिलाओं के कंधे पर थी. यह ट्रेन सुबह 8.30 बजे हटिया स्टेशन से रवाना हुई.

**रात में महिलाओं को ट्रेन से नहीं उतारा जा सकता :** अगर किसी वजह से कोई महिला बिना टिकट के ट्रेन में सफर कर रही है तो रात के वक्त टीटी महिला को ट्रेन से नहीं उतार सकता है. अगर कोई टीटी ऐसा करता है तो महिला इसके खिलाफ रेलवे अथॉरिटी को शिकायत कर सकती है. बता दें कि बिना टिकट ट्रेन में सफर करना गैरकानूनी है. लेकिन रात में अगर महिला को उतारा जाता है, तब उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आरपीएफ या जीआरपी की होती है.

| ट्रेनों के परिचालन में ये महिलाएं शामिल रहीं |
|---|
| लोको पायलट |
| दीपाली अमृत |
| गीता कुमारी खलखो |
| टीटीई |
| ज्योति कुजूर |
| एडलिन केरकेट्टा |
| दीपती कच्छप |
| गुरुवारी सोय |
| नवप्रीत कौर |
| एसए नायडू |
| पतरसिया भेंगरा |
| अनारिता केरकेट्टा |
| ट्रेन मैनेजर |
| नीता कुमारी |
| रेल सुरक्षा बल |
| प्रियंका कुमारी |
| कुमारी अंजना |
| प्रीति |
| पूजा सूर |
| प्रियंका कुशवाहा |

# सरकार आंदोलनकारियों का हित चिंतक बने : जितेंद्र सिंह

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की पुरजोर मांग उठाई गई. कहा गया कि राज्य गठन की तिथि से सभी को सम्मान राशि समान रुप से 50-50 हजार रुपये दिए जाएं. इन्हीं मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 9 मार्च को आहूत आर्थिक नाकेबंदी को व्यापक व सफल बनाने का फैसला लिया गया. सभी जिलों में इसकी तैयारी करीब पूरी कर ली गई है. आंदोलनकारी परंपरागत हथियारों से लैस रहेंगे और स्वयं झारखंड आंदोलनकारी अपनी आवाज बनेंगे. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा झारखंड आंदोलनकारी के व्यापक हितार्थ में वर्ष 2020 से लगातार आंदोलनरत रही है. आंदोलनकारी के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए राज्य गठन की तिथि से राजकीय मान सम्मान अलग पहचान व सम्मान राशि 50-50 हजार रुपये प्रत्येक आंदोलनकारी को दिया जाना चाहिए. यह आंदोलनकारी के न्याय संगत व वैधानिक मांग है जिस पर सरकार को त्वरित कार्रवाई करते हुए आंदोलनकारियों के हित में उदारता के साथ बड़ा निर्णय लेना चाहिए.

**रखी मांग**

### मुसलमानों को आबादी के अनुसार भागीदारी मिले

# चार मुस्लिम उम्मीदवारों को दें टिकट: मुफ्ती

रेहान अहमद। रांची

मुस्लिम मजलिस-ए-उलमा झारखंड ने राज्य में मुसलमानों की आबादी के अनुपात में 4 लोकसभा सीटों की मांग की है. मजलिस-ए-उलमा के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को राजनीति में भागीदारी से वंचित रखने की हर मुमकिन कोशिश की है.

उन्होंने मांग की है कि झारखंड में कांग्रेस व जेएमएम लोकसभा में दो-दो मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट दें. शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैयद



तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था, लेकिन राजनीति में आज भी मुसलमानों को छला जा रहा है. उन्होंने एनडीए व इंडिया गठबंधन से मांग की है कि झारखंड समेत पूरे देश में आबादी के अनुपात में मुसलमानों को राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित की जाए.

### गुलाम अहमद मीर से मिले

मुस्लिम मजलिस-ए-उलमा झारखंड का प्रतिनिधमंडल अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी के नेतृत्व में शुक्रवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से सर्किट हाउस में मिले. इसमें आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की 2 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस कोटा से मुस्लिम उमीदवारों को टिकट देने की मांग रखी. कहा कि हम इंडिया गठबंधन से झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारने की मांग कर रहे हैं. जिसमें से कांग्रेस कोटे से दो और जेएमएम कोटे से दो उम्मीदवार हो. प्रतिनिधिमंडल में मौलाना तौफीक अहमद कादरी, मौलाना सैय्यद तहजीबुल हसन रिजवी,जकी इनाम, शोएब अंसारी आदि शामिल रहे.

CLASSIFIED












राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शनिवार 09 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 321 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### अभय सुंदरी गर्ल्स हाई स्कूल हीरापुर में 8 और झरिया गुजराती हिंदी मध्य विद्यालय में 14 शिक्षकों की नियुक्ति का मामला

# धनबाद उपायुक्त की जांच रिपोर्ट: सगे भाई को नौकरी देने में फंसे डीएसई भूतनाथ

**संवाददाता। धनबाद**

जिले के अल्पसंख्यक विद्यालयों में हुई शिक्षक शिक्षिकाओं की नियुक्ति में अपने सगे भाई को नौकरी देने के आरोप में डीएसई भूतनाथ रजवार कटघरे में आ गए हैं. तत्कालीन उपायुक्त वरुण रंजन ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में जिला शिक्षा अधीक्षक पर कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग को भेजा है. मामला 2022 में हुई शिक्षकों की नियुक्ति का है. बताते चलें कि जिला शिक्षा अधीक्षक बीएन रजवार ने पद पर रहते हुए अपने क्षेत्राधीन अल्पसंख्यक स्कूल में अपने भाई सुशील रजवार की नियुक्ति कराई है. मामले की शिकायत मिलने के बाद तत्कालीन उपायुक्त वरुण रंजन ने जांच की थी. रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि डीएसई का अपने भाई की नियुक्ति का अनुमोदन किया जाना, उनके सरकारी आचार संहिता के विरुद्ध प्रतीत होता है.

रिपोर्ट के आधार पर धनबाद के तत्कालीन डीसी वरुण रंजन ने रजवार के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को पत्र लिखा. जिले के अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षक बहाली में अनियमितता की शिकायत के बाद जांच का आदेश दिया गया था. शिकायत में कहा गया था, कि शिक्षक बहाली में कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी ने अपने करीबियों की नियुक्ति कराई है. अभय सुंदरी गर्ल्स हाई स्कूल हीरापुर, धनबाद में 8 और झरिया गुजराती हिंदी मध्य विद्यालय में 14 शिक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2022 में हुई थी. रजवार के खिलाफ निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन धनबाद से जांच कराई गई.



**2022**

में हुई थी नियुक्ति, करीबियों को दिलाई गई नौकरियां, पैरवी व पैसे का जमकर हुआ था खेल

तत्कालीन उपायुक्त वरूण रंजन ने की थी मामले की जांच, रिपोर्ट में डीएसई भूतनाथ रजवार फंसे

### शिक्षकों की बहाली में पैसे लेकर पैरवी तक की बातें आई थीं सामने

जिले में अल्पसंख्यक विद्यालय में बहाली का मामला काफी तूल पकड़ा था, बहाली के खिलाफ करीब तीन दर्जन से भी अधिक शिकायत विभाग को मिली थी, शिक्षकों की बहाली में पैसा से लेकर पैरवी तक की बातें खुलकर सामने आई थी, अब धनबाद जिले के निवर्तमान उपायुक्त वरुण रंजन की अनुशंसा ने इस पूरी नियुक्ति प्रक्रिया पर एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है, इसमें केवल जिला शिक्षा अधीक्षक ही नहीं बल्कि अल्पसंख्यक विद्यालय की कमेटियां भी कटघरे में आ गई हैं. क्योंकि इस नियुक्ति मामले में डीआरडीए कमेटी की प्रक्रिया को भले फॉलो किया गया लेकिन सर्विस कंडक्ट रूल को दरकिनार कर दिया गया. सर्विस कंडक्ट रूल के मुताबिक यदि कोई अभ्यर्थी सगा या ब्ल्ड रिलेशन का हो तो नियुक्ति प्रक्रिया में संबंधित व्यक्ति अपने वरीय अधिकारियों को सूचित करता है और अंतिम निर्णय वो खुद नहीं ले सकता है .ऐसा नहीं करना ही नियम में बेइमानी और नियमों को पालन नहीं करना है. इन नियुक्तियों में ऐसा ही किया गया, हालांकि सफाई ये दी जा रही है कि साक्षात्कार बोर्ड में डीएसई नहीं थे, लेकिन अंतिम निर्णय में तो वे थे. इसी कारण मामले में अनियमितता की शिकायत उठनी लगीं. इधर ये भी कि अल्पसंख्यक विद्यालयों में कमेटियों की खूब मनमानी चलती है. नौकरी देने से लेकर हर काम में कमेटी ही बतौर सर्वेसर्वा होती है. इस नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, अभी इस मामले में कई और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं, डीएसई के भाई समेत कई अन्य लोगों की नौकरियां भी दांव पर लगी हुई हैं.

---

### वर्चस्व की जंग : तेतुलमुड़ी में विधायक व झामुमो नेता हरेंद्र चौहान समर्थकों में टकराव

# लोडिंग प्वाइंट बना रणक्षेत्र



**संवाददाता। कतरास**

जोगता की बीसीसीएल एरिया पांच के तेतुलमुड़ी कोयला लोडिंग प्वाइंट में शुक्रवार को विधायक ढुल्लू महतो व संयुक्त मोर्चा समर्थकों ने जमकर तांडव मचाया. पुलिस की मौजूदगी में बमों के धमाकों और गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका गूंज उठा. घंटों दोनों पक्ष एक दूसरे को ललकारते रहे. इस दौरान दो दर्जन से अधिक गोलियां चलीं. बम विस्फोट किए गए. उपद्रवियों ने प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व मीडिया कर्मियों के वाहनों को भी नहीं बक्शा. वाहनों को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया. बावजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही. घटनास्थल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें झामुमो नेता हरेन्द्र चौहान के जुलूस के खिलाफ एक गुट के लोग लगातार फायरिंग कर रहे हैं. एक व्यक्ति को बम फेंकते भी देखा जा सकता है.

सुबह से ही बाघमारा विधायक व झामुमो के हरेंद्र चौहान गुट के समर्थकों के बीच सुबह से कई बार हल्की नोक झोंक के बाद अंततः गोली चालन व बम विसफोट किया गया. विडंबना रही कि यह पूरी घटना प्रशासन की मौजूदगी में घटी. स्थिति पूरी बिगड़ जाने के बाद पुलिस बल हरकत में आया और नियंत्रित करने में जुट गया. मौके से पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ कर भगाया. वहीं घटनास्थल से आधा दर्जन के करीब जिंदा बम और जिंदा कारतूस के खोखे और बमों के अवशेष बरामद किये गये. घटना के बाद क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है और पुलिस के संरक्षण में लोड गाड़ियों को डंप से बाहर निकाला गया. मौके पर जोगता, लोयाबाद, तेतुलमारी, ईस्ट बसूरिया के अलावा कई थाना ओपी की पुलिस तैनात थी. धरना के लिए बने टेंट को उपद्रवियों ने तोड़ कर गिरा दिया. विधायक समर्थक एटक के बैनर तले प्रकाश वर्मा व राजाराम यादव के नेतृत्व में धरना दे रहे थे, जबकि चक्का जाम और धरना का विरोध हरेन्द्र चौहान के समर्थक जेएमएम का झंडा लेकर कर रहे थे, भीड़ विधायक ढुल्लू महतो मुर्दाबाद हरेन्द्र चौहान जिंदाबाद के नारे लगा रही थी. जिसके बाद अचानक माहौल बिगड़ गई.

**बरामद गोली और बम**



#### खास बातें

- गोली और बम के धमाकों से दहला पूरा इलाका
- ढुल्लू समर्थकों ने पुलिस के सामने दिखाया दुस्साहस

**खुली सड़क पर चले बम और गोलियां** : दो गुटों के वर्चस्व की जंग में घंटों पूरा इलाका रणक्षेत्र बना रहा. जम कर बम बरसे और गोलियां चलीं. पुलिस इस दौरान मूकदर्शक बनी रही.



#### ढुल्लू महतो की अनैतिक कोशिशों को नाकाम कर दिया जाएगा: हरेंद्र चौहान

हरेंद्र चौहान ने कहा कि विधायक अपने समर्थकों की आड़ में मोदडीह कोलडंप पर कब्जा करने की कोशिश में है लेकिन उसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा. हरेंद्र चौहान ने कहा कि उनके समर्थकों ने क़ब्ज़े की कोशिश का विरोध किया है जवाब में विधायक समर्थकों ने गोली और बम से हमला किया है यह घटना पुलिस की मौजूदगी में घटी है उनके मजदूर साथियों ने इस हिंसक कार्रवाई का अहिंसक तरीके से विरोध किया है. चौहान का कहना था ढुल्लू महतो की अनैतिक कोशिशों को नाकाम कर दिया जाएगा.

#### गुंडई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी: प्रकाश वर्मा

इधर विधायक समर्थक प्रकाश वर्मा ने बताया कि मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चल रहा था तभी अचानक संयुक्त मोर्चा के लोग झामुमो नेता हरेंद्र चौहान के नेतृत्व में धरना स्थल पर पहुंचे और गोलीबम चलते हुए धरना के बने टेंट में तोड़फोड़ तथा धरनार्थियों के लिए बन रहे खाना को जमीन पर फेंक दिया और लोगों के साथ मारपीट करने लगे. इस तरह की गुंडई किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

#### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: सीओ

मौके पर पहुंचे पुटकी सीओ विकास आनंद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फ़िलहाल स्थिति नियंत्रण में है. कोल डम्प से सभी ट्रकों को बाहर निकाल लिया गया है. साथ ही यह भी कहा कि घटना की जांच सभी दृष्टिकोण से की जा रही है. दोषियों को बख्शा नही जाएगा.

---

# खेलने में बिकी गाड़ी तो लालबाबू ने लॉटरी बेच कमाए करोड़ों रुपये

**रंजीत कुमार सिंह। धनबाद**

- गांधीनगर के लालबाबू सिंह के ब्रांड की कोलियरी क्षेत्र में अच्छी पकड़
- एक दर्जन आटो, कई चारपहिया वाहन और करोड़ों की संपत्ति का मालिक है लालबाबू
- पचास से अधिक हॉकर बेचते हैं लालबाबू के ब्रांड की लॉटरी

गांधी नगर धनसार के लालबाबू सिंह के पास जीवनयापन के लिए दो 407 वाहन था, फिर उसे लॉटरी की लत लग गयी, लॉटरी खेलने लगा और उसकी गाड़ी तक बिक गई. बेरोजगार हो गया, लेकिन अब उसके पास चार-पांच चार पहिया वाहन हैं, एक दर्जन से अधिक आटो का मालिक है. और करोड़ों की संपत्ति भी. क्योंकि लालबाबू अब लॉटरी खेलता नहीं, बेचता है. जी हां, लालबाबू धनसार और आसपास के इलाकों में लॉटरी धंधेबाजों का बड़ा नाम है. कभी वह खुद बंगाल की लॉटरी लाता था और इलाके में घूम-घूम कर बेचता था, वक्त के साथ उसने भी कारोबार का तरीका बदला, अब वो खुद का ब्रांड बिकवाता है, उसके पास भी करीब पचास से अधिक हॉकर हैं, जो उसके ब्रांड की लॉटरी को पुराना बाजार, बैंकमोड़, गांधी नगर, पानी टंकी, झरिया पुल, तेतुलतल्ला, जोराफाटक, विक्ट्री, भूली, झरिया इलाकों में बेचते हैं. लालबाबू सिंह के ब्रांड की लॉटरी कोलियरी क्षेत्र में जमकर बिकती है.

**असंगठित मजदूर से लेकर बीसीसीएल कर्मी बनते हैं शिकार :** कोलियरी क्षेत्रों में लॉटरी की जमकर बिक्री होती है, चाहे असंगठित मजदूर हो, आउट सोर्सिंग में काम करने वाला हो या फिर बीसीसीएल का कर्मचारी. लॉटरी का नशा सबको अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है. कोलियरी क्षेत्रों में झरिया के समीर, जामाडोबा के तनवीर और लालबाबू सिंह की लॉटरी की डिमांड सबसे अधिक होती है. तीन-चार सौ रुपये प्रतिदिन की पगार लेने वाले मजदूर लालच में आकर अपनी रकम जुआ में लगा देते हैं. इन क्षेत्रों में उधारी में भी लॉटरी खरीदने की सुविधा हासिल है.लॉटरी के कारोबारी भी तकनीक का भरपूर उपयोग कर रहे हैं, बंधे ग्राहकों को वाट्सएप पर ही फोटो भेजकर उनके स्लॉट की बुकिंग की जाती है.




#### दो लाख जीतने के बाद इतना हारा कि लगा ली फांसी

ये सच्चाई लॉटरी खेलने वाले सभी लोगों को जाननी चाहिए, क्योंकि हमेशा जुआ ही जीतता है और जुआरी हारता है. जुआ खिलाने वाले कभी नुकसान में नहीं रहते, जबकि खेलने वाले न सिर्फ आर्थकि बल्कि मानसिक, शारीरिक और सामाजिक हर तरह से बर्बाद होते हैं, इसकी ही मिसाल है, विक्ट्री कोलियरी के रहने वाले बीसीसीएल कर्मी सत्येंद्र चौहान, जिन्होंने लॉटरी खेलने के चक्कर में जान तक गवां दी. हुआ है कि एक बार लॉटरी में उसे दो लाख रुपये का इनाम उठ गया था, ये इनाम उसके लिए मौत बनकर आया, इनाम उठने के बाद वह रकम बढ़ाकर खेलने लगा, फिर कर्ज लेकर खेलने लगा, अंत में उसके सिर पर कर्जदारों का बोझ बढ़ता चला गया, बीसीसीएल में काम करने के बाद भी वो अपने कर्ज को नहीं तोड़ पाया, हर बार यही सोच रही कि शायद इस बार इनाम उठ जाए तो सारे कर्ज उतर जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और वह मानसिक रूप से टूटना लगा. 4 मार्च 2021 को उसने अपने ही घर में फांसी लगा कर जान दे दी. पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों का प्यार भी सत्येंद्र का लॉटरी की प्रति दीवानगी को कम नहीं कर पाया, आज उनके बिना उनकी पत्नी और बच्चे दुनिया की जंग लड़ रहे हैं.

#### हॉकरों को 10 से 20 प्रतिशत कमीशन

लॉटरी की अवैध कमाई में हॉकरों को भी मोटी कमाई का लालच दिया जाता हे. बेरोजगारी के साथ-साथ संगे-संग कमाई इस अवैध कारोबार से जुड़ने में मददगार होती जा रहा है. उपर से हॉकर को एक लॉटरी बेचने पर दस से बीस प्रतिशत कमीशन दिया जाता है. एक लॉटरी की कीमत 100 रुपये है, और दिनभर में पचास लॉटरी उसने बेच दिया तो उसके पांच सौ रुपये हो गए. सिर्फ इतना ही नहीं इनाम उठने पर भी कुछ रुपये अलग से दिए जाते हैं. इन कारणों से धनबाद जिले में हजारों की संख्या में लॉटरी के हॉकर बन चुके हैं, जो इस अवैध कारोबार को फलने-फूलने में दिन रात जुटे हैं. नामी धंधेबाजों के पास 200-250 तक हॉकर हैं, जो न सिर्फ धनबाद बल्कि अन्य जिलों में भी लॉटरी ले जाकर बेचने का काम करते हैं.

#### बेटी की हत्या कर दफनाया अब पुलिस कर रही तलाश

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के सलतुआ में बाप ने बेटी की हत्या कर शव जंगल में दफना दिया. और फरार हो गया. जब ग्रामीणों को भनक लगी तो पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. अब पुलिस इस मामले में पिता की तलाश में जुट गयी है.

---

### धनबाद स्टेशन की 75% कमान महिलाओं के हाथ में रही

# महिला दिवस पर मिला सम्मान धनबाद स्टेशन की मिली कमान





- स्टेशन मास्टर से लेकर कंट्रोल रूम तक महिलाओं के जिम्मे

**संवाददाता। धनबाद**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर धनबाद रेल मंडल ने महिलाओं को सम्मान देते हुए स्टेशन की बड़ी जिम्मेवारियां देते हुए 75% कमान महिलाओं को सौंपा. स्टेशन परिसर आधी आबादी संचालित कर रही थीं. स्टेशन मास्टर से लेकर, आरआरआई ऑपरेटिंग कंट्रोल, टिकट घर, कंट्रोल रूम, पूछताछ केंद्र, यार्ड, गार्ड स्टोर, टीसी यहां तक की सुरक्षा के लिए भी आरपीएफ में महिलाएं बढ़-चढ़कर शामिल हुईं.

एमयू का परिचालन महिला कर्मियों के जिम्मे रहा तो वहीं धनबाद-सिंदरी ट्रेन में गार्ड की कमान भी महिला ही संभाल रही थी. स्टेशन मास्टर संजय कुमार ने महिला कर्मियों का हौसला बढ़ाया. धनबाद के साथ रेल मंडल के गोमो, चंद्रपुरा, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, डाल्टेनगंज, बरकाकाना आदि स्टेशनों पर भी महिलाएं ही ड्यूटी पर तैनात थीं.

मौके पर स्टेशन मास्टर संजय कुमार ने बताया कि महिला दिवस पर स्टेशन में 75% महिलाएं कमान संभाल रही थीं. पूरा कार्य अच्छे तरीके से किया. आज के समय में महिलाएं पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं. हर क्षेत्र में अपने हुनर का डंका बजा रही हैं, इसलिए महिलाओं का सम्मान सिर्फ महिला दिवस पर ही नहीं हमेशा करनी चाहिए. वहीं महिला टीसी साधना कुमारी ने कहा कि महिला दिवस के दिन महिलाओं पर भरोसा कर धनबाद रेलवे स्टेशन को महिलाओं के हाथ में सौंपा गया है. इससे हम महिलाएं अपने आप में गर्व महसूस कर रहे हैं.

उन्होंने कहा कि आज की महिला हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र है. पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिला कर चल रही हैं.

---

### जानकारी | एक्सएलआरआई में प्रोडक्ट सिंपोजियम का आयोजन

# सफल उत्पाद प्रबंधन के लिए जरूरी है टाइम मैनेजमेंट : डोनाल्ड

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

एक्सएलआरआई जमशेदपुर के प्रोडक्शन क्लब की ओर से पहली बार प्रोडक्ट सिंपोजियम ऑरोरा 2024 का आयोजन किया गया. 'प्रोडक्ट प्लस : एक्सीलरेटिंग द हार्टबीट ऑफ इनोवेशन' थीम पर आधारित इस सिंपोजियम का उद्घाटन एक्सएलआरआई के डीन एडमिनिस्ट्रेशन व फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने किया. इस दौरान उनके साथ एंटर प्रेन्योरियल सेल के प्रमुख प्रोफेसर सुनील षाड़ंगी भी मौजूद थे.

फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने अपने संबोधन में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी सफल उत्पाद प्रबंधन के लिए आउट ऑफ द बॉक्स थिंकिंग, डिजाइन थिंकिंग, लीन स्टार्टअप और चुस्त कार्यप्रणाली पर बल दिया. उन्होंने उत्पाद प्रबंधकों के लिए आवश्यक गुणों के रूप में भावनात्मक बुद्धिमता, मुख्य दक्षताओं और अनुकूलनशीलता पर प्रकाश डाला.इस दौरान दो पैनल डिस्कशन सेशन का भी आयोजन किया गया. इसका विषय 'इनोवेशन इग्निशनः स्पार्किंग'तथा क्रिएटिविटी एंड लॉन्चिंग' था. इस दौरान वक्ता के रूप में यूबी सिक्योरिटीज के उत्पाद प्रमुख अभिषेक गोयल, जीरो टू 1 कन्सल्टिंग के टेक्निकल व प्रोडक्ट के प्रमुख राहुल गोयल, जेडएस एसोसिएट्स के निदेशक आरिफ अनवर, भांजू के ग्रुप पीएम श्रवण टिक्कू, एयरटेल डिजिटल के उत्पाद प्रमुख ऋषभ माथुर उपस्थित थे.




**ऐसे रखी अपनी बात**

#### दो सत्र में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

दो सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जी एंटरटेनमेंट के मुख्य उत्पाद और नवाचार अधिकारी भूषण कोलेरी ने अपनी बातों को रखते हुए अपने उत्पाद प्रबंधन कैरियर को सही तरीके से लांच करना विषय पर अपनी बातों को रखा. जिसमें श्री कोलेरी ने बैक-टू-बेसिक्स दृष्टिकोण का समर्थन किया, साथ ही जटिल सिद्धांतों के बजाय मूल सिद्धांतों पर बल दिया.दूसरे पैनल में पीएम प्लेबुक का अनावरण: रणनीतियां और उत्पाद उत्कृष्टता के लिए युक्तियां विषय पर सभी वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा. इस दौरान मुख्य रूप से एचटी डिजिटल के मुख्य उत्पाद अधिकारी अभिषेक शर्मा, लेंट्रा के उत्पाद विभाग के सीनियर वीपी अश्विनी पाटिल, रेडिंगटन के मुख्य ईकॉमर्स अधिकारी सत्यार्थ प्रियदर्शी, सेबर के उत्पाद प्रबंधन निदेशक सुशांत माथुर और माइक्रोसॉफ्ट के उत्पाद निदेशक संदीप श्रीवास्तव मौजूद थे. इस पैनल ने उत्पाद प्रबंधन उत्कृष्टता प्राप्त करने के मूल सिद्धांतों पर चर्चा की. इस दौरान बाजार की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए, डेटा-संचालित निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया गया.

**ब्रीफ खबरें**

### कीटनाशक के सेवन से गर्भवती महिला की मौत

**गुमला ।** कतरी निवासी गर्भवती महिला तरन्नुम परवीन की सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स ले जाने के दौरान मौत हो गई. महिला की मौत कीटनाशक के सेवन से हुई है. कीटनाशक उसे खिलाया गया या खुद खायी इस पर फिलहाल संशय है. मृतक महिला की मां के अनुसार उसकी बेटी को ससुराल वालों ने जहर देकर मारा है. मृतक महिला की मां ने बताया कि उसकी बेटी की शादी छह माह पहले कतरी निवासी तबरेज खान से हुई है. शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने उसकी बेटी को दहेज के लिए परेशान कर रहा है.

### हाथियों से बचाव के लिए मुखिया ने बांटी सामग्रियां

**बालूमाथ (लातेहार)।** धाधू पंचायत की मुखिया भगवती कुंवारी ने हाथियों से बचने के लिए ग्रामीणों के बीच सामग्रियों का वितरण किया. उन्होंने अपने निजी कोष से पटाखों का वितरण धाधू, पुरपानी व खरटिया गांव के ग्रामीणों को किया. मुखिया ने कहा कि जंगली हाथियों द्वारा इस क्षेत्र में ग्रामीणों को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है. वर्तमान में भी हाथियों के उपद्रव का भय स्थानीय ग्रामीणों में बना हुआ है. इसे ध्यान में रखकर ग्रामीणों के बीच पटाखों का वितरण किया गया है ताकि ग्रामीण आपातकाल में इसका प्रयोग कर हाथियों को भगा सकें.

### लातेहार में पॉलिथीन के सामानों की हो रही बिक्री

**लातेहार।** शहर में पुनः पॉलिथीन में खाने-पीने की सामग्रियों के अलावा अन्य सामग्रियों की बिक्री की जा रही है.ठेला- खोमचा से लेकर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पॉलिथीन की बैग में सामग्रियां बेची जा रही है. बताया जा रहा है कि शिवरात्रि मेला में तो पॉलिथीन बिक्री के लिए एक बड़ा दुकान लगाया गया है. जिसमें एक ट्रक सिर्फ विभिन्न तरह की पॉलिथीन मंगाई गई है. शहर के अन्य दुकानों में भी धड़ल्ले से पॉलिथीन की बिक्री किए जाने की सूचना है. नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा विगत कई वर्षों से पॉलिथीन बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है. सरकारी नीतियों के तहत पॉलिथीन की बिक्री व उपयोग करने वालों पर लगातार छापेमारी एवं आर्थिक दंड दिया जा रहा था.

### बिरहोरी में दोगोला कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन, पलामू ।** राजहरा पंचायत के बिरहोरी में महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया. पंचायत के मुखिया अजय पासवान, महेंद्र पांडे, मनोज कुमार यादव, शिव प्रसाद मेहता, अमित सिंह, उप मुखिया दिनेश राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की. मंच का संचालन भरदूल सिंह ने किया जबकि इसकी अध्यक्षता अमृत सिंह ने किया. मौके पर दुगोला कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. सुदर्शन यादव, सिरजा नंद पांडे के बीच शानदार मुकाबला हुआ. इसका उपस्थित दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया.

### कांडी में कुएं में डूबने से बच्चे की हुई मौत

**कांडी।** चटनिया पंचायत के घोड़दाग गांव में शुक्रवार को कुएं में डूबने से सुरेंद्र यादव के 10 वर्षीय पुत्र आनंद की मौत हो गई. घटना 11 बजे दिन की बताई जा रही है. सलागा पंचायत में निर्माणाधीन उक्त कुएं लालेश्वर यादव का है. परिजनों ने बताया कि आनंद अपने घर के बगल में निर्माणाधीन कुएं पर नहाने के दौरान अचानक डूबने लगा, जिसे बगल के ही राजा नाम के लड़के ने देखा व घरवालों को सूचना दिया. परिजनों द्वारा आनंद को कुएं से निकाल कर मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया.

**लातेहार में महिला पतंजलि योग समिति ने मनाया महिला दिवस, विविध कार्यक्रमों का आयोजन**

# महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर कर रही हैं: सुनीता गुप्ता

**संवाददाता। लातेहार**



विश्व महिला दिवस के मौके पर महिला पतंजलि योग समिति, लातेहार के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.अध्यक्षता महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनीता गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि महिला तभी सशक्त हो सकती है जब वह शारीरिक व आर्थिक रुप मजबूत होंगी. उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र अपना परचम लहरारही है. कई क्षेत्रों मे तो वह पुरुषों से भी आगे है. आज महिलाएं शिक्षा, प्रशाशनिक सेवा व खेल के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना रही है. उन्होंने महिलाओं को योग व प्रणायाम को अपने जीवन में उतारने की अपील की. कहा कि योग व प्रणायाम से मनुष्य निरोग हो सकता है. इससे असाध्य रोग तक दूर हो जाते हैं. 17 नवंबर 2013 से एक ट्रस्ट के रूप में कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा पूरे देश में योग व आयुर्वेद के माध्यम से एक करोड़ महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य है. इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया. कार्यक्रम में महिला योग प्रशिक्षिकाओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि लातेहार जिला परिषद पूनम देवी. मौके पर अमन, विक्की एवं कुमकुम के द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर नाटक प्रस्तुत किया गया.

### महिलाओं को समाज में मिले बराबरी का दर्जा: हरिकुमार

चंदवा (लातेहार)। कृषि फार्म परिसर बहुजन चेतना मंच ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया . कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदवा (पूर्वी) के पूर्व मुखिया पुष्पा देवी व संचालन मंच के कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने किया. बतौर मुख्य वक्ता हरिकुमार भगत ने कहा कि महिलाओं के बिना सृष्टि की कलपना नहीं की जा सकती है. महिलायें आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं. कई क्षेत्रों में तो पुरुषों से भी बेहतर है. समाज में महिलाओं को मान सम्मान के साथ बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए. कार्यक्रम को सतेंद्र राम, विजय पासवान, रीता देवी एवं अन्य ने भी संबोधित किया. मौके पर विनोद राम,अनिल उरांव व सुरेश कुमार उरांव सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे.



**पलामू प्रमंडल में महाशिवरात्रि पर कई जगहों पर मेले का आयोजन**

# बम बम बोल रहा है काशी...

**खास बातें**

- जिलों के शिव मंदिरों से निकाली गयी भव्य शिवबरात
- मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन,जुटी भारी भीड़

**संवाददाता। पड़वा/पलामू**



महाशिवरात्रि पर ज़िले के सिंगरा, रजवाडीह,भैसाखुर,जोड़, भूसही, शाहपुर, चैनपुर समेत कई जगहों पर मेला का हुआ आयोजन. मेला को लेकर बच्चे, महिलाओ और पुरूषों मे रहा काफी उत्साह. देवों के देव महादेव शिव शक्ति का प्रतीक है. उक्त बातें पलामू सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह ने कही. वे कजरी त्रिवेणी संगम तट स्थित महाशिवरात्रि के अवसर मेला में भक्ति जागरण कार्यक्रम उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे. कहा की शिव सृष्टि का कल्याण करते है. श्रृष्टि का प्रतीक भोले शंकर विष पीकर जनकल्याण कर दिए. इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. बिहार के सासाराम से पहुंची गायिका निशा गुप्ता ने बम बम बोल रहा है काशी.. गीत से शुरुआत किया. वही चंपा चमेली बेली लाल....गीत से भोला गुप्ता ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया. एक एक बढ़कर भक्ति गीत, नृत्य सहित होली गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया. मौके पर उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, रंजय सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, अनुज सिंह,रमेश सिंह, दीपक, सुमेर, बिहारी, पवन,अशोक सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

### चंदवा में शिव बारात देखने उमड़ी भीड़

**चंदवा (लातेहार)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई . प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर शिव भक्त भोले बाबा की अराधना करते दिखे . ब्लॉक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर,थाना टोली,गैरेज लेन स्थित भोले बाबा मंदिर,बुधबजार स्थित शिव मंदिर,थाना परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा . कई मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया . चंदवा शहर में शुक्रवार देर शाम शिव बरात निकाली गयी . शिव बारात को लेकर शिव भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया .महाशिवरात्रि को लेकर चंदवा पुलिस भी मुस्तैद दिखी . पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस हर चौक चौराहों पर तैनात थी .

### गढ़वा में शिवरात्रि पर निकली शिव बारात



गढ़वा। महाशिवरात्रि का पर्व जिले भर में पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ काफी धूमधाम से मनायी गई . विभिन्न शिवालयां में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर उमड़ती रही . जिला मुख्यालय सहित जिले के कई स्थानों पर मेला का भी आयोजन किया गया . शिव भक्तों ने उपवास रखकर महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया . कई शिवालयों में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया . जिला मुख्यालय स्थित शिव ढोंढ़ा मंदिर, जुड़वनियां शिव मंदिर, गढ़वा प्रखंड स्थित खोन्हर नाथ महादेव शिव मंदिर में परिसर में मेला का आयोजन किया गया . शिव ढोंढ़ा सहित अन्य स्थानों पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया . इस स्थानों में लगे मेले में काफी भीड़ उमड़ी . शिव भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की . शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुआें का आना शुरू हो गया था . भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को भांग, धतुरा, बेलपत्र, गन्ने का रस, दूध, दही आदि अर्पित किया . कई भक्तों ने रूद्राभिषेक भी किया . जिला मुख्यालय के समीपवर्ती खोन्हर स्थित शिव मंदिर में अहले सुबह से ही भक्त पहुंच गए थे . मेला में सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई थी .

### पांकी में 5 ड्रोन कैमरे से की गयी निगरानी

**मेदिनीनगर ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पांकी प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है. झारखंड पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों समेत 5 ड्रोन कैमरा से हर गतिविधि पर नजर रखी गयी . पुलिस के जवान हर चौक चौराहे सहित अन्य स्थानों पर तैनात किए गए . वही पांकी प्रखंड के प्रसिद्ध राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर में भी पुलिस बल की तैनाती की गई है. स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ,पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो के पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा व अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह के अलावा कई अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए थे .

### योगीवीर पहाड़ पर लगा शिवरात्रि मेला

**पाटन, पलामू ।** महाशिवरात्रि पर योगीवीर पहाड़ स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि मेला का आयोजन किया गया. साथ ही घोड़ा दौड़ और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये. इसका उद्घाटन विधायक पुष्पा देवी ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार मौजूद थे. कार्यक्रम में पूर्व जि प मुक्तेश्वर पांडेय, मुखिया प्रतिमा देवी, पूर्व जिप रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्ष इंदल मेहता, सचिन कामता सिंह, कोषाध्यक्ष अंजय सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह,जिला समिति सदस्य अशोक तिवारी, पाटन मंडल युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पंडवा मंडल अध्यक्ष यमुना सिंह, विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता, पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वसुंधरा यादव, पड़वा मंडल पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विष्णुदेव यादव, विनय सिंह और हजारों श्रद्धालु मौजूद थे.

# लातेहार के शिवालयों में भक्तों ने किया अभिषेक, लगे जयकारे



**संवाददाता। लातेहार**

महाशिवरात्रि के मौके पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में हजारों भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया. श्रद्धालुओं ने अपने व परिवार के सुख शांति की कामना की. बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह चार बजे महारुद्राभिषेक पूजा प्रारंभ हो गयी थी. पंडित मनोज दास शर्मा और महंत जीतू दास के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन किया. इसके बाद श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गयी. पुलिस बल को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई बार मशक्कत करनी पड़ी.

### ग्रामीण इलाकों में भी महाशिवरात्रि की धूम

रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बाजारटांड़ स्थित श्री सोमेश्वर शिव मंदिर में भी भक्तों ने भगवान शिव को जल अर्पण किये. बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया. महुआडांड़ .प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों के अलावा बेलटोली नदी के समीप स्थित शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया.

**गुमला के टांगीनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ी भक्तों की भीड़**

# जलाभिषेक के लिए लगी लाइन

**संवाददाता। गुमला**



गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया. श्रद्धालुओं ने जगह-जगह शिवलिंग में श्रद्धा भक्ति आस्था और विश्वास के साथ जलाभिषेक किया. बेलपत्र रोली चंदन धूप दीप से भगवान भोलेनाथ की पूजा की और घर परिवार के सुख शांति समृद्धि के लिए मंगलकामना की. डुमरी के प्राचीन मंदिर बाबा टांगीनाथ धाम, गुमला में करमटोली का बूढ़ा महादेव मंदिर, पालकोट का बूढ़ा महादेव मंदिर और देवगांव गुफा मंदिर, श्रृषिमुख पर्वत शिखर मनामोकना शिवलिंग, कामडारा का आमटोली पहाड़ गांव, बानपुर शिव मंदिर, सालेगुटू शिव मंदिर, बटेश्वर धाम जरिया, मंडा टांड शिव मंदिर, बसिया के महादेव कोना, देवीगुड़ी चौक, सिधमा, लोंगा, घाघरा के देवाकी बाबा धाम, चपका शिव मंदिर, सिरकोट शिव मंदिर,आदर भंडार टोली शिव मंदिर, बिशुनपुर के कोयलेश्वर धाम, रंगनाथ धाम, सेरका, रायडीह के प्राचीन वासुदेव कोना शिव मंदिर, मरदा का सदाशिव मंदिर आदि में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही. गुमला के धोधरा, मंसूरी बेड़ा, बेलगांव, मुरकुंडा, टोटो, आंजन आदि शिवालयों में भी भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की. जनजातीय क्षेत्रों में भी सनातन धर्मावलंबियों ने पूरी आस्था और पवित्रता के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की. इस अवसर पर जगह-जगह भंडारा का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने प्रसाद का वितरण कर सेवा और समरसता का संदेश दिया. जगह-जगह कलश यात्रा और अखंड हरिकीर्तन के आयोजन से पूरा वातावरण को भक्तिमय लग रहा था. गीत संगीत के कार्यक्रम से देर शाम तक रीझ रंग कर महा शिवरात्रि का उत्सव मनाया.

**खास बातें**

- शहर से गांव तक दिखा श्रद्धा भक्ति, आस्था व विश्वास
- भंडारा प्रसाद वितरण में दिखा सेवा व समरसता का भाव

**आस्था** **पांकी अनुमंडल के विभिन्न शिवालयों में उमड़ी महादेव के भक्तों की भीड़**

# डॉ. मेहता ने मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उदघाटन

**संवाददाता। पांकी(पलामू)**



पांकी के शिवालय परिसरों में आयोजित मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ उदघाटन किया. इस क्रम में विधायक सभी के लिए महाशिवरात्रि की मंगलकामना करते हुए कहा कि पारंपरिक व्रत, त्योहार व उत्सव मनाने के लिए किसी से अनुमति लेने की कोई जरूरत नहीं है. पूर्वजों ने जिस परंपरा को स्थापित किया है उसे बगैर किसी अवरोध के समाज का हर वर्ग मनाता आया है और भविष्य में भी मनाता रहेगा. इसमें किसी प्रकार का अवरोध अस्वीकार है. विधायक ने मंदिर परिसर तक आने-जाने वाले रास्ते को भी दुरुस्त कराने का भरोसा दिया. उन्होंने कहा श्रद्धालुओं को अपनी आस्था के अनुरूप में पूजा-पाठ करने में परेशानी नहीं होनी चाहिए. इसका ध्यान उन्हें हैं और इसे वे हर हाल में पूरा करने का प्रयास करेंगे. सरकार से इस कार्य के लिए राशि मिले अथवा नहीं परंतु वे आने वाले दिनों में इन कार्यो को अवश्य पूरा करेंगे. विधायक ने पांकी प्रखंड के कोनवाई शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित कलशयात्रा में भी शामिल हुए. इस क्रम में भाजपा नेता लाल सूरज सिंह भी उपस्थित थे. जोतांग गांव में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित भक्ति कार्यक्रम का भी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विशिष्ट अतिथि लाल सूरज के साथ उदघाटन किया. तरहसी प्रखंड के उदयपुरा-2 पंचायत के पिछुलिया में महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान विधायक ने शिवालय जीर्णोद्धार के लिए भी सहयोग राशि देते हुए श्रद्धालुओं को प्रोत्साहित किया. संजय प्रसाद, अजय गुप्ता, लाला प्रसाद यादव, प्रो. बचन ठाकुर आदि विशेष रूप से उपस्थित थे. महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सतबरवा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न गांव के शिवालयों में महिला शिव भक्तों द्वारा पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ती देखी गई. वहीं बोहिता चमरूवा पहाड़, मेला सह दुगोला का उद्घाटन पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शाशि भूषण मेहता ने किया. बाबा नागदेव धाम पहाड़ भक्ति जागरण का आयोजन किया जोगिया पोखरी दुगोला तथा सतबरवा राधा कृष्ण मंदिर से बरात निकल कर महावीर मंदिर पंहुचा जहां .

**खास बातें**

- उत्सव मनाने के लिए किसी से अनुमति लेने की कोई जरूरत नहीं है
- कोनवाई शिव मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा, उमड़ी भीड़

### वंदे भारत एक्सप्रेस को लातेहार स्टेशन में स्टॉपेज देने की मांग

**लातेहार ।** आगामी 12 मार्च से रांची से वाराणसी तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे. झारखंड में यह तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है. यह ट्रेन साढ़े छह घंटा में रांची से वाराणसी की दूरी तय करेगी. ट्रेन रांची से सुबह 5.50 में रवाना होगी और दोपहर 12.10 बजे वाराणसी पहुंचेगी. जबकि वाराणसी से दोपहर 1.30 बजे रवाना होगी. लेकिन लातेहार जिला मुख्यालय वासियों को निराशा हाथ लगी है. उक्त ट्रेन का लातेहार में स्टॉपेज नहीं दिया गया है. जबकि टोरी रेलवे स्टेशन में यह ट्रेन रुकेगी. स्थानीय लोगों ने इस ट्रेन का जिला मुख्यालय ठहराव देने की मांग रेल मंत्रालय से की है. बता दें कि लातेहार रेलवे स्टेशन को पीएम उत्कृष्ट रेलवे स्टेशन के रूप में शामिल किया गया है.

**न्यूज अपडेट**

### लातेहार में 11 अप्रैल को सरहुल, तैयारी शुरू



**लातेहार।** आदिवासी बासाओड़ा में जिला सरना समिति की बैठक अध्यक्ष के हरदयाल भगत की अध्यक्षता में हुई. बैठक का संचालन सचिव बिरसा मुंडा ने किया. बैठक में आगामी 11 अप्रैल को सरहुल परब मनाने पर विचार विर्मश किया गया. पूर्वाह्न में पूजा अर्चना के बाद अपराह्न दो बजे से मंचीय कार्यक्रम होगा और तीन बजे से शोभा यात्रा निकाली जायेगी. इसके लिए विभिन्न अखाड़ों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया. आयोजन की सफलता के लिए गांवों में व्यापक प्रचार प्रसार व जनसंपर्क किया जायेगा.

### 30 को मनायी जाएगी स्वतंत्रता सेनानी स्मृति दिवस



**चंदवा (लातेहार)।** स्वतंत्रता सेनानी स्मृति दिवस 30 मार्च को मनाई जायेगी. आयोजन की तैयारियों के लिए बैठक शुक्रवार को निंदरा ग्राम के स्मृति भवन में भोला टाना भगत की अध्यक्षता में हुई. बैठक में स्वतंत्रता सेनानी स्मृति दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी और गांव के सभी लोगों को इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गयी. भोला टाना भगत ने कहा कि देश की स्वतंत्रता संग्राम में टाना भगतों का भी अहम भूमिका है. हमें स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को सदैव याद रखना है.

### अखंड कीर्तन में शामिल हुए विधायक रामचंद्र सिंह



**बरवाडीह (लातेहार) ।** महाशिवरात्रि पर पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया. स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोगों ने कीर्तन में भाग लिया. इससे पहले प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था. पलामू , गढ़वा और पड़ोसी राज्य बिहार, छत्तीसगढ़ से भी सड़क और रेलमार्ग से लोग यहां पहुंचे हुए थे. मंदिर समिति ने महाप्रसाद का वितरण किया गया. विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत कई लोगों ने शामिल होकर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया. इसके अलावा पंचमुखी शिव मंदिर, थाना शिव मंदिर, सरईडीह शिव मंदिर, बेतला शिव मंदिर, लाभर शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा.

### जिपअध्यक्ष के खिलाफ आया अविश्वास प्रस्ताव

**सिमडेगा ।** सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग के खिलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है. जिला परिषद सदस्य समरोम पॉल तोपनो, बांसजोर द्वारा लाया गया है. सिमडेगा उपायुक्त ने मामले में कार्रवाई करते हुए 11 मार्च को समाहरणालय के सभागार में पूर्वाह्न 11.30 बजे पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान निर्धारित किया है. इसमें जिला परिषद सद्स्य, विधायक और सांसद मतदान करेंगे. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा जिले के प्रमुख और जिला परिषद सद्स्य को जिले से बाहर रांची और अन्य जगहों में भेजा गया है. जिससे कि जिला प्रमुख, जिला परिषद सद्स्यों की खरीद-फरोख्त नहीं कर सकें. इसे लेकर सिमडेगा मे राजनीति गर्म है. सूत्रों की मानें तो इसके लिए लाखों की बोली लग रही है. वहीं अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष और विपक्ष अपने - अपने दावे पेश कर रहे है. सूत्रों की माने तो जिप अध्यक्ष अपने पद को बचाने के लिए एड़ी चोटी की जोड़ लगाये हुए है.

### कृषि महाविद्यालय में 5 दिवसीय योग शिविर शुरू



**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय गढ़वा के मैदान में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर शुरु हुआ. जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के डॉ अशोक कुमार, पतंजलि के राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, सोशल मीडिया राज्य प्रभारी संतोष पांडेय, जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, यज्ञ प्रभारी सुशील केशरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया. योगाभ्यास रासबिहारी तिवारी ने कराया. मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार ने कहा कि योग से हमारा तन और मन स्वास्थ्य होता है तथा हमारे जीवन में आरोग्य, सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है. मौके पर गोपाल मिश्रा, सूर्यदेव दुबे, उपेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, शिवनारायण यादव, रितिक कुमार सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

### विधायक ने किया सड़क पक्कीकरण कार्य का शिलान्यास



**कांडी।** विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को प्रखंड के पीपरडीह गांव से झुरवाजरही तक पक्कीकरण सड़क का शिलान्यास किया . ग्रामीण कार्य विभाग के तत्वावधान में एक करोड़ 16 लाख 67 हजार रुपये की लागत राशि से बनने वाले सड़क की लम्बाई एक किलोमीटर है. मौके पर पूर्व मंत्री सह विधायक ने कहा कि असली विकास करने वाला ही समाजसेवी होता है. मैं कांडी प्रखंड में लगातार विकास का कार्य करता रहा हूं व आगे भी करता रहूंगा. लेकिन यहां के लोग चुनाव के समय दो चार टोकरी मिट्टी छिड़कने वाले बहुरुपियों के झांसे में आकर हमें वोट नहीं देते हैं. कहा कि अभी भी वक्त है, बहुरुपियों के झांसे में नहीं आयें और अपना वोट बर्बाद न करें. उन्होंने लोगों से काम के बदले वोट देने की अपील की. उन्होंने कहा कि जल्द ही चटनियां में पुल का शिलान्यास भी किया जायेगा.

### हस्तशिल्प मेला से स्वदेशी को मिलेगा बढ़ावा : समीर उरांव



**गुमला।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार समीर उरांव ने शुक्रवार को हस्तशिल्प मेला का उदघाटन किया. समीर उरांव ने कहा कि हस्तशिल्प मेला से स्वदेशी को बढ़ावा मिलेगा. एक छत के नीचे अलग-अलग राज्यों के उत्पाद के स्टॉल विविधता में एकता का संदेश देगा और लोगों को अपने जरूरत की चीजें एक ही छत पर मिलेगा.उन्होंने मेला के संचालक को शुभकामना दी.वहीं मेला देखने ग्रामीणों की भीड़ जुटी थी. मेला संचालक गुड्डु पाठक ने बुके प्रदान कर राज्य सभा सांसद का स्वागत किया. इस अवसर पर मिसिर कुजूर, केदार साहु आदि शामिल थे.

### बस पड़ाव में खड़े ट्रक में लगी आग, आधी बस जलकर राख



**बालूमाथ (लातेहार)।** स्थानीय जिप के बस पड़ाव में खड़ी एक ट्रक में आग लग गई. आग लगने से ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से जलकर ख़ाक हो गया. घटना गुरुवार की मध्यरात्रि रात्रि की है. पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय युवकों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. मध्य रात्रि में एक शादी समारोह से लौट रहे शुभम संदेश संवाददाता ने आग लगी ट्रक देखने के तुरंत बाद बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय को फोन कर इसकी जानकारी दी. कुछ मिनटों में ही थाना प्रभारी अपने बल के साथ मौके पर पहुंच गये. इसी बीच स्थानीय युवक भी जमा हो गये. ट्रक बालूमाथ के गालिब कॉलोनी निवासी मो. अबूबकर का बताया जा रहा है. आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है.

## ब्रीफ खबरें

### राज्य सरकार भी 4 फीसदी महंगाई भत्ता दे : गांगुली

**आदित्यपुर ।** केंद्र सरकार ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता की घोषणा कर दी है. अब राज्य सरकार भी होली के पूर्व महंगाई भत्ता की घोषणा करे. यह मांग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के नेता शशांक गांगुली ने की है. उन्होंने बताया कि कल 7 मार्च 24 के कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की घोषणा की है, इससे अब मंहगाई भत्ता 50 प्रतिशत हो गया है. केंद्र के तर्ज पर अब राज्य सरकार से भी शशांक गांगुली ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से होली से पूर्व राज्य कर्मियों को 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की अपील की है.

### ऑल चिकि लिपि की वार्षिक परीक्षा का हुआ आयोजन

**बहरागोड़ा।** ओल चिकि इतुन आषड़ा के तहत भूतिया क्लब भवन, प्राथमिक विद्यालय फुलकुशमा, प्राथमिक विद्यालय माटियाल के छात्र छात्राओं ने परीक्षा केंद्र 2 उच्च विद्यालय खाण्डामौदा में परीक्षा दिया. मध्य विद्यालय आदिवासी गामारिया, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बाहरागोड़ा, प्राथमिक विद्यालय दूधकुण्डी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सियालबिंधा में परीक्षा केंद्र बनाया गया था . आज दो पालियों मे परीक्षा संचालन हुई प्रथम पाली में बेसिक क्लास के भाषा और साहित्य और एडवांस क्लास के गणित की परीक्षा हुई .

### आंपाइ के जिला अध्यक्ष बनाए गए चंद्र शेखर मुंडा

**चाईबासा।** आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक जिला मुख्यालय चाईबासा में हुई. लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जिला कमेटी में फेरबदल किया गया. प्रदेश सचिव लाल मांझी के अध्यक्षता में जिला कमेटी का पुनः गठन किया गया. नव गठित कमेटी में जिला अध्यक्ष चंद्र शेखर मुंडा, सचिव योगेश कालुंडिया, सचिव रतन लाल केराई, सचिव सुखलाल समाड, सहायक सचिव मंगल सिंह सुंडी, सहायक सचिव अक्षय प्रधान, सहायक सचिव लखन जमुदा, कोषाध्यक्ष रमजान हांसदा, जिला कार्यकारिणी सदस्य दीनू पाड़ेया का दायित्व दिया.

### स्वास्थ्य मंत्री ने धन्वंतरि आयुष अस्पताल का किया शिलान्यास

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा शास्त्रीनगर में 20 करोड़ की लागत से धन्वंतरि आयुष अस्पताल का निर्माण होना है. इसको लेकर शुक्रवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शिलान्यास किया. इस दौरान डीडीसी मनीष कुमार भी मौके पर मौजूद रहे. इसका निर्माण कदमा शास्त्रीनगर स्थित मिलन समिति मैदान हो रहा है जिसके लिए तक़रीबन 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. यह अस्पताल पांच मंजिला होगा और इसे 16 महीनों मे बनाने की योजना है. मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली हमारे देश की पौराणिक चिकित्सा विधि है.

### एनटीटीएफ के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन का निधन

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ एन रघुराज नामासिवयम का शुक्रवार को निधन हो गया. भारत में कौशल विकास के क्षेत्र में वे विशेष व्यक्तित्व थे. उनकी विरासत बहुत से लोगों को प्रेरित करती है. यह खबर मिलने के उपरांत एनटीटीएफ गोलमुरी के सभी प्रशिक्षक, संस्थान के प्रांगण में एकत्रित हो, डॉ एन रघुराज नामासिवयम को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की. स्व रघुराज का जन्म 6 अगस्त 1942 को कोर्टालम, तमिलनाडु के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था.

टाटा से बक्सर तक की सीधी रेल सेवा की शुरू करने लोगों ने की थी मांग

# टाटा-आरा-बक्सर एक्सप्रेस को सांसद ने हरी झंडी दिखाई

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर के लोगों की वर्षों पुरानी मांग को सांसद विद्युत वरण महतो ने पूरा कर दिया है. लोगों की मांग थी कि टाटा से बक्सर तक की सीधी रेल सेवा की शुरुआत की जाए. शुक्रवार को टाटा-आरा-बक्सर एक्सप्रेस को सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 8 बजकर 15 मिनट में टाटानगर से खुलेगी और रात 8 बजकर 30 मिनट में आरा पहुंचेगी. आरा में 10 मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन रात 8 बजकर 40 मिनट में बक्सर के लिए रवाना हो जाएगी और रात 10 बजकर 50 मिनट में बक्सर पहुंचेगी.

इस बीच यह ट्रेन बिहिया, रघुनाथपुर और डुमरांव में भी रुकेगी. वहीं बक्सर-आरा-टाटा सुबह 3.30 बजे बक्सर से खुलेगी और सुबह 4.50 बजे आरा पहुंचेगी. 10 मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन सुबह 5.00 बजे टाटानगर के लिए रवाना हो जाएगी और शाम 5.20 बजे टाटानगर पहुंचेगी.

**खास बातें**

- ट्रेन प्रतिदिन सुबह 8 : 15 मिनट में टाटानगर से खुलेगी
- रात 8 बजकर 30 मिनट में आरा स्टेशन पहुंचेगी

**बिहार और यूपी के लोगों को मिलेगा फायदा : सांसद**

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री से आग्रह किया गया था जहां रेल मंत्री ने टाटा से चलकर आरा जाने वाली ट्रेन को अब टाटा से बक्सर के लिए चलाने का फैसला लिया. इस फैसले के बिहार व यूपी के लोगो को काफी मदद मिलेगा क्योंकि बिहार के 80% जिले और यूपी के 20% जिले के लोग इस ट्रेन के शुरु होने से आसानी से सफर कर पाएंगे. उन्होंने कहा कि रेल के क्षेत्र में लगातार कार्य युद्ध स्तर पर जारी है बहुत जल्द अन्य क्षेत्रों के लिए भी ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जाएगा.

महाशिवरात्रि पर कोल्हान के शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

# लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर में उमड़ी शिवभक्तों की भारी भीड़

- ओडिशा से आये कलाकारों ने अखंड कीर्तन किया
- सुबह से ही भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए कतारबद्ध खड़े थे

संवाददाता। किरीबुरु

महाशिवरात्रि पर किरीबुरु स्थित श्री श्री लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. सुबह से ही भारी तादाद में महिला, पुरुष व युवतियां उपवास रख तथा स्नान व नये वस्त्र धारण कर पूजा की थाली में बेलपत्र, धतूरा, भांग, अबीर, गुलाल, बेर, उम्बी, नारियल, अगरबत्ती, चंदन, रोली आदि लेकर मंदिर पहुंच भगवान शिव की पूजा व जलाभिषेक किया. पुजारी आलोक मिश्रा विधिवत पूजन कराया. इस दौरान मंदिर प्रांगण में ओडिशा से आये सांस्कृतिक कलाकारों ने अखंड कीर्तन किया . महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव से जुड़ी तरह तरह की मान्यता हैं, इस विशेष दिन ही ब्रह्मा के रुद्र रूप में मध्यरात्रि को भगवान शंकर का अवतरण हुआ था. इसी दिन भगवान शिव ने तांडव नृत्य कर अपना तीसरा नेत्र खोला था और ब्रह्माण्ड को इस नेत्र की ज्वाला से समाप्त किया था. इसके अलावा कई स्थानों पर इस दिन को भगवान शिव के विवाह से भी जोड़ा जाता है और यह माना जाता है कि इसी पावन दिन भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था.



### नोवामुंडी में शिव भक्तों ने की मंदिरों में पूजा अर्चना

**नोवामुंडी।** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों ने की पूजा अर्चना. छोटानागरा के शिव मंदिर, गुवा के कुसुम घाट स्थित शिव मंदिर, योग नगर स्थित शिव मंदिर तथा स्टेशन कॉलोनी स्थित बाबा लोकेश्वर मंदिरों में पूजा करने के लिये लोगों की लंबी कतार लगी थी.शिवालयों में शिवभक्तों ने उपवास रख भगवान शिव पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, नारियल, अबीर, गुलाल, बेर, चढ़ा कर उनकी की पूजा की. महाशिवरात्रि पर भगवान शिव से जुड़ीं कुछ मान्यताएं प्रचलित हैं. माना जाता है कि ब्रह्मा के रुद्र रूप में मध्यरात्रि को भगवान शंकर का अवतरण हुआ था.इसी दिन भगवान शिव ने तांडव नृत्य कर अपनी तीसरी नेत्र खोली थी और ब्रह्माण्ड को अपनी नेत्र के ज्वाला से



समाप्त किया था. कई स्थानों पर इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का आयोजन होगा. भगवान शिव का धरती पर अवतरण फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुआ था. शिवभक्त इस दिन को 'महाशिवरात्रि' के रूप मे मानते है. वहीं आज देर शाम को गुवा के योग नगर स्थित शिव मंदिर से शिवाजी की बरात निकली. बारात गुवा बाजार स्थित कुसुम घाट के समीप शिव पार्वती मंदिर में पूरे विधि विधान से विवाह कराया जाएगा.

### घाटशिला के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की लगी भीड़



**घाटशिला।** महाशिवरात्रि पर घाटशिला के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ जुटी थी. देर शाम तक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया. घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख शिवालय मऊभंडार शिव मंदिर, गोपालपुर स्थित शिव मंदिर, प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव पार्वती मंदिर के अलावा राजस्टेट, लालड़ीह, कसीदा, काशीडांगा एवं टुमांगडुगी के शिवालय में लोगों ने जलाभिषेक किया. गोपालपुर स्थित शिव मंदिर के पुजारी सनातन सतपति ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा कराया. शाम के समय महा आरती के बाद मंदिरों में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है. साथ ही साथ भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों के अलावा जमशेदपुर तथा कोलकाता के कलाकारों ने भजन प्रस्तुत करेंगे.

### महिला कमांडर ने सारंडा की महिलाओं का हौसला बढ़ाया

**किरीबुरु।** सारंडा के घोर नक्सल प्रभावित जंगल में नक्सलियों के खिलाफ अपने साथी पदाधिकारियों व जवानों के साथ नक्सलियों के खिलाफ निरंतर आपरेशन चला रही सीआरपीएफ-197 बटालियन की एक मात्र महिला सहायक कमांडेंट सह कंपनी कमांडर नूपुर चक्रवर्ती अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दीकुपोंगा गांव पहुंची. वह स्वंय एक महिला होने के नाते उन्होंने गांव की महिलाओं के बीच रहकर महिला दिवस मनाया. इस गांव की महिलाओं को महिला दिवस समेत अन्य महत्वपूर्ण दिवसों व उससे जुड़ी इतिहास के बारे में कोई जानकारी नही है.

### केवी मेघाहातुबुरु में स्मार्ट बोर्ड उद्घाटन

**किरीबुरु।** केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु में स्मार्ट बोर्ड स्थापित किया गया. इस स्मार्ट बोर्ड का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम ने प्राचार्य डॉ आशीष कुमार, उप प्राचार्य रवि शंकर चौधरी व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में किया.इसके बाबत प्राचार्य डॉ आशीष कुमार ने बताया कि स्मार्ट बोर्ड अथवा इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड या इलेक्ट्रॉनिक व्हाइटबोर्ड बड़े डिस्प्ले डिवाइस होते हैं जो अक्सर दीवार पर लगे होते हैं जो मोबाइल कार्ट से जुड़े होते हैं. डिवाइस उपयोगकर्ताओं को बोर्ड को छूकर या एक साधारण माउस क्लिक के साथ डेटा से बातचीत करने, सहयोग करने और हेरफेर करने की अनुमति देते हैं. स्मार्ट बोर्ड शिक्षकों और छात्रों के लिए एक इंटरैक्टिव टूल है जो उपयोगकर्ताओं को स्टाइलस या अपनी उंगली से सीधे स्क्रीन पर संपादित और एनोटेट करने की अनुमति देता है.

# अभद्र व्यवहार करने वाले 4 पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड



संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल ने आम जन से अभद्र व्यवहार करने वाले एएसआई समेत चार पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है. इसमें पीसीआर 18 में तैनात एएसआई ओम प्रकाश सिंह और गालूडीह के केसरपुर पिकेट में तैनात पशुपति महतो, साधनपाल और नारायण महतो शामिल है. दरअसल 4 मार्च को पीसीआर 18 में तैनात एएसआई ओम प्रकाश सिंह द्वारा गोलमुरी आरडीटाटा चौक के पास जुस्को के बिजली कर्मचारी और आम जनता से अभद्र व्यवहार किया गया था. इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की थी.

**खास बातें**

- पीसीआर 18 में तैनात थे सभी निलंबित पुलिस कर्मी
- 4 मार्च को बिजली विभाग के कर्मी व लोगों ने की थी शिकायत

शिकायत पर एसएसपी ने जांच के आदेश दिए थे.मामला सही पाने पर ओम प्रकाश को निलंबित कर दिया गया.

**गालूडीह में ग्रामिणों से किया था अभद्र व्यवहार :** इधर, 5 मार्च को गालूडीह के बघुड़िया पंचायत के केसरपुर एवं गुड़ाझोर के ग्रामिणों के साथ केसरपुर पिकेट के पुलिस कर्मियों द्वारा भी अभद्र व्यवहार किया गया था.

फदलोगोड़ा में चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था

# चाकूबाजी करने वाले युवकों को ग्रामीणों ने दबोचा, पुलिस को सौंपा

संवाददाता। चांडिल

चांडिल थाना क्षेत्र के फदलोगोड़ा में मारपीट और चाकू बाजी करने के आरोप में पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है. जानकारी के अनुसार फदलोगोड़ा में बीती रात चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल युवक कृष्ण सिंह मुंडा फदलोगोड़ा का रहने वाला है और उसे इलाज के लिए टीएमएच जमशेदपुर में भर्ती कराया गया है. पुलिस पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है. स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को चाकूबाजी करने वाले युवकों की पहचान किया और पकड़कर चांडिल थाना की पुलिस को सौंप दिया. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.



**ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा :** शुक्रवार को दोपहर के वक्त दलमा से लौटने के दौरान स्थानीय लोगों ने चाकू बाजी करने वाले युवकों को पहचान लिया और उन्हें घेरकर पकड़ लिया. इसके बाद ग्रामीणों ने हमलावरों को चांडिल पुलिस को सौंप दिया. युवकों के पास से कई तरह से धारदार हथियार एवं एक पिस्टल मिला है. हालांकि, उसे नकली पिस्टल बताया जा रहा है. चांडिल पुलिस सभी हमलावरों को पकड़ कर थाने ले गई हैं, जहां पूछताछ की जा रही हैं.

**जानें पूरा मामला**

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर फदलोगोड़ा के पैदल मार्ग से होकर श्रद्धालु दलमा पहाड़ की चोटी तक चढ़ते हैं. गुरुवार की रात बड़ी संख्या में श्रद्धालु फदलोगोड़ा के रास्ते से दलमा पहाड़ चढ़े हैं. श्रद्धालुओं की सेवा और सहायता के लिए स्थानीय लोग मौजूद रहते हैं. गुरुवार की रात सहयोग करने के लिए उपस्थित स्थानीय युवक कृष्णा सिंह मुंडा को कुछ बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया. बताया जा रहा है कि दलमा पहाड़ चढ़ने के रास्ते में पड़ने वाले चांडिल डैम से निकलने वाली कैनाल के ऊपर वाले रास्ते से जाने में खतरा रहता है.

**आयोजन**

केंद्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

# ईश्वर ने महिला व पुरुष को बराबर बनाया : स्टेला सेलबम

संवाददाता। किरीबुरु

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. महिला शिक्षिकाओं, कर्मियों व अतिथियों को सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, विशिष्ट अतिथि मीनू नायक व तमाम महिला शिक्षिकाओं व स्टाफ ने मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर किया. महिलाओं ने केक काट एक-दूसरे को केक खिलायीं.

अपने संबोधन में स्टेला सेलबम ने कहा कि ईश्वर ने पुरुष व महिलाओं को बराबर बनाया. लेकिन बाद में महिलाओं को आगे बढ़ने से रोका गया, दबाया गया, गर्भ में खत्म करने का कार्य किया गया, जिससे महिलाओं के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया. बाद में महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना प्रारम्भ किया तब से यह धारणा टूटने लगी. इस दौरान महिलाओं के बीच क्विज, मजाक ए मोहतरमा नामक विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विद्यालय के उप प्राचार्य रवि शंकर चौधरी ने महिला शिक्षिकाओं व अतिथियों के नाम से बैहतर कविता सुनाया एवं संगित शिक्षक ने गजल व स्वागत गीत प्रस्तुत किये. अंत में प्राचार्य ने सभी महिलाओं को बच्चों द्वारा बनाया गया ग्रिटिंग्स तथा उपहार में साडी. प्रदान कर सम्मानित किये.



**खास बातें**

- महिलाओं के बीच हुआ विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन
- शिक्षिकाओं, कर्मियों व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया

### महिला दिवस पर बीएमएस ने महिलाओं को सम्मानित किया

**किरीबुरु।** बीएमएस से सम्बद्ध मेघाहातुबुरु श्रमिक संघ ने महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर संघ की महिला कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सेल मेघाहातुबुरु में कार्यरत महिला कर्मियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया. बीएमएस, जमशेदपुर सह विभाग प्रमुख अमितझा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ उनके परिवारों को भी सम्मानित करते हुए अपने कार्यक्रमों में शामिल करता है. महिला सशक्तिकरण में महिलायें, जो घर के भीतर और बाहर, पारिवारिक और व्यवसायिक दोनों जगहों पर अपने जीवन को सहज तरीके से नियंत्रित करने की शक्ति रखती हैं. मेघाहातुबुरु के अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में संयंत्र के भीतर महिलाएं अब पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं. और निर्णय लेने की क्षमता अत्यंत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है.



## न्यूज अपडेट

### किरीबुरु मां काली मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़



**किरीबुरु।** मां काली मंदिर, मेघाहातुबुरु का 44 वां स्थापना दिवस सह महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. आज मंदिर में दो पुजारी केशव चन्द्र पांडा एवं पुरनेन्द्र सतपथी ने विधिवत पूजा की. इसके बात शहर की महिलाएं व पुरुष भारी तदाद में महाशिवरात्रि के मद्देनजर मंदिर में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की. मंदिर कमेटी के पदाधिकारी संतोष प्रसाद ने बताया की इस मंदिर का स्थापना 8 मार्च 1980 को हुआ था. आगामी 10 मार्च को मंदिर का स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में शहर की तमाम भक्तों के लिये खिचड़ी महाभोग का आयोजन किया जायेगा.

### राम मड़ैया बस्ती में 72 घंटे का अखंड हरिकीर्तन



**आदित्यपुर ।** वार्ड 18 स्थित राम मड़ैया बस्ती शिव मंदिर कमेटी ने महाशिवरात्रि पर 72 घंटे का अखंड हरिकर्तन का आयोजन किया . शुक्रवार को अहले सुबह बस्ती की सैंकड़ों महिलाओं ने खरकई नदी में स्नान ध्यान कर पीले वस्त्र धारण कर कलश जलयात्रा निकाली. जिसमें वार्ड के पूर्व पार्षद रंजन सिंह, टीएमसी युवा जिलाध्यक्ष बाबू तांती के साथ कमेटी के रमेश कुम्हार पर्वत मिश्रा, भरत राय भुईया, विजय घोष, शंकर सिंह मुंडा, प्रभात कर, किशन सोनकर, बॉबी मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा, नवीन नायक, मोहित सिंह, आकाश सोनकर, राजु लोहार, आलोक ठाकुर, परेश लोहार आदि शामिल थे.

### महिला सेलकर्मियों को सीजीएम ने सम्मानित किया



**किरीबुरु।** सेल के चेयरमैन समेत अन्य उच्च अधिकारियों ने महिला दिवस के पर विभिन्न इकाइयों में कार्यरत महिला सेलकर्मियों को सम्मानित किया. वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर उन्हें बधाई दी . उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं उन्नति की कामना की. सेल की किरीबुरु खदान प्रबंधन ने भी सीजीएम कमलेश राय के नेतृत्व में महिला सेलकर्मियों को सम्मानित करने हेतु एचआरडीसी, हिल्टौप सभागार मे विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में उपस्थित सीएमओ डॉ नंदी जेराई, डॉ सरस्वती खलको, डॉ सुमीधा समेत दर्जनों महिला सेलकर्मियों को सीजीएम कलेश राय ने मोमेंटो व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि महिलाएं किरीबुरु खदान व सेल की तरक्की में अहम योगदान दे रही है.

### चांडिल में महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी



**चांडिल ।** नीमडीह प्रखड अंतर्गत झिमड़ी ग्राम में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया गया. शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी. कार्यक्रम में साधन महतो , प्रियंका महतो, सरस्वती महतो, ममता महतो, आरती वारी, मीना गोराई समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुए.

### घाटशिला की तीन पंचायतों में तालाब का शिलान्यास



**घाटशिला।** कृषि विभाग की ओर से शुक्रवार को हैंडलजुड़ी, चुड़िंदा एवं बड़ाकुर्सी पंचायत में तीन तालाब का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि ने किया . तीनों तालाब की प्राकल्लित राशि लगभग 51 लाख रुपया है. तालाब का निर्माण गांव की लाभुक समिति का गठन कर किया जाएगा. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत ने कहा कि वर्षो पुरानी तालाब निर्माण कार्य विधायक रामदास सोरेन के सौजन्य से सफल हो पाया है. जिला उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन ने कहा क्षेत्र के किसानों की मांग के अनुरूप निजी तलब का जीर्णोद्धार कार्य भी किया जा रहा है. किसानों के साथ-साथ आम लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा.

### जॉन मिरन मुंडा ने नोवामुंडी में निकाली साइकिल रैली



**नोवामुंडी।** लोकसभा भावी प्रत्याशी जॉन मिरन मुंडा ने नौवें दिन साइकिल यात्रा कर नोवामुंडी प्रखंड में दौरा किया. इस दौरान लखनसाई, नोवामुन्डी बाजार, डूकासाई, नोवामुन्डी बास्ती, सोसोपी, टांकुरा, जामदा बास्ती, गंगुटु, खासजामदा, दिरिबुरू, पंडारासाली, जामदा बाजार, बोकना, बारायबुरू, टाटीबा, हिरजी हाटिंग, गुवा बाजार तक नुक्कड़ सभा कर ग्रामीणों संघ बैठक करते हुए लोकसभा प्रत्याशी जॉन मिरन मुंडा को जीत दर्ज करने के लिए जनताओं ने समर्थन दिए.साइकिल यात्रा जगन्नाथपुर विधानसभा प्रभारी मानसिंह तिरिया के नेतृत्व में चलया जा रहा है. मौके पर लखन हेस्सा, मेघनाथ लागरी, लगो लागुरी, दामू कराई, रामसिंह फुर्ती, गुमिदा सुरेन कानू बारजो आदि उपस्थित थे.

### संगठन ने आरआईटी थाना प्रभारी को सौंपा स्मारिका



**आदित्यपुर।** कोल्हान मानवाधिकार संगठन ने आरआइटी के नए थाना प्रभारी विनय कुमार को स्मृति चिह्न व संगठन की स्मारिका प्रदान कर शुक्रवार को अभिनन्दन किया. मानवाधिकार संगठन के लोगों ने थाना प्रभारी का अभिनंदन करने के साथ ही क्षेत्र में बढ़े नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने की मांग भी की. उन्हें बताया कि आदित्यपुर के साथ आरआईटी थाना क्षेत्र भी ब्राउन शुगर जैसे जानलेवा नशे की गिरफ्त में है, जिसके चंगुल में युवा वर्ग, छात्र और बेरोजगार युवकों की टोली फंसी हुई है. जिसके लिए कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है.

### दामपाड़ा क्षेत्र में महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली



**घाटशिला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर घाटशिला के दामपाड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांव में महिला समूह ने जागरूकता रैली निकाली. रैली का आयोजन आरडीए संस्था एवं दलमा महिला मंडल बाराजुड़ी घाटशिला के पदाधिकारी के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर किया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए आरडीए के कार्यकर्ता तपन वर्मन ने बताया कि दामपाडा क्षेत्र के युक्तिडीह गांव से पहाड़पुर डाकपत्थर, चेकाम सहित दर्जनों गांव में महिलाओं ने रैली के माध्यम से महिलाओं के अधिकार से संबंधित नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया. महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पोस्टर लगाया गया तथा महिलाओं के बीच पंपलेट का वितरण कर महिलाओं की शक्ति और अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई.

### महिला कॉलेज चाईबासा में वेबिनार का आयोजन

**चाईबासा।** महिला कॉलेज चाईबासा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आईक्यूएसी और एनएसएस महिला कॉलेज चाईबासा में वेबिनार का आयोजन का किया गया. वर्चुअल दीप प्रज्वलन कर वेबिनार का शुभारंभ किया गया. स्वागत भाषण मोबारक करीम हाशमी ने किया. प्रीतिबाला सिन्हा ने कहा कि खेल शक्ति रूप में झारखंड राज्य देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. झारखंड की आदिवासी महिलाएं इस दिशा में अग्रणी हैं. वेबिनार के मुख्य विषय खेल शक्ति के रूप में भारत का उद्भवः झारखंड की आदिवासी महिलाओं की भूमिक पर श्रद्धा, मौसम, अरिशी , एंजेल और राजबाला में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन किया. प्रेजेंटेशन में उन्होंने आदिवासी महिला खिलाड़ियों सुमराई टेटे, सलीमा टेटे, रूपा रानी तिर्की , कोमोलिका बारी , रीता सवैंया इत्यादि के सक्सेस स्टोरी को विस्तार पूर्वक बताया.

### टाटीझरिया प्रखंड के सभी गांव में मंदिरों से निकली हर-हर महादेव के जयकारे के साथ भगवान शिव की बारात

# जय महाकाल और बम-बम भोले भंडारी के नारे से गूंजा इलाका

**संवाददाता। टाटीझरिया**



भगवान शिव-पार्वती के विवाहोत्सव महाशिवरात्रि पर्व प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में भक्तिभाव के साथ मनाया गया. प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध फौजदारी बाबा शिवमंदिर होलंग, मंडपा के अतिप्राचीन शिवमंदिर, खम्भवा शिवमंदिर, झरपो के महलोनिया शिवमंदिर और बांडीह शिव मंदिर में काफी संख्या में भक्त जुटे.

इसके अलावा अमनारी शिवमंदिर, दूधमनिया शिवमंदिर, डुमर, कोल्हू, बेड़म, सिझू, बेरहो, धरमपुर, भराजो, टाटीझरिया शिवमंदिर, डहरभंगा शिवमंदिर, खैरा शिवमंदिर, मंगरपट्टा शिवमंदिर, मुरूमातु और बेड़म शिवमंदिर समेत अन्य मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा. मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया. गुरुवार की देर रात डुमर में शिव बारात निकाली गई. वहीं शुक्रवार को बांडीह शिव मंदिर से देर शाम को शिव बारात निकाली गई. इसमें शिव-पार्वती समेत अन्य का रूप धारण कर भक्त गांव की गलियों में भ्रमण किए. बारात में लोग नाचते-गाते जय भोलेनाथ, हर हर महादेव, बोल बम समेत अन्य नारे लगा रहे थे. क्षेत्र में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया. हर हर महादेव, जय महाकाल, बम बम भोले भंडारी के नारे से क्षेत्र गूंजायमान रहा. शिव-पार्वती का विवाह वैदिक रीति से हुआ.

### महाशिवरात्रि पर 31 लीटर दूध से हुआ महाभिषेक



**हजारीबाग ।** सामाजिक कार्यों में संलग्न संस्था हजारीबाग यूथ विंग द्वारा दूध से महाभिषेक किया गया. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला में स्थित शिव मंदिर में 31 लीटर दूध से महाभिषेक किया गया. महादेव की पूजा पूरी विधि विधान के साथ संपन्न हुआ. इसके बाद गौ माता की सेवा करते हुए सभी ने गुड़, चोकर एवं अन्य सामग्री गौ माता को खिलाया. बता दें कि गौशाला के शिव मंदिर का जीर्णोद्वार हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कराया गया है. दो महीने पूर्व ही कार्य पूरा हुआ है. श्रद्धालुओं को भगवान शिव की आराधना करने में अब कोई परेशानी नहीं होती है. जीर्णोद्वार में टाइल्स लगाने का काम किया गया है. संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन पर पर गौशाला स्थित शिव मंदिर में पूजा की गई और भोलेनाथ का महाभिषेक किया गया.

## चौपारण में धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात



**चौपारण ।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के शिवालयों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया. शिवालयों को आकर्षक तरीके से सजाया गया. सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. ताजपुर शिवालय में श्रद्धालु ने पूजा अर्चना की. शाम को शिवालय से भव्य शिव बारात निकली. वहीं दादपुर के पौराणिक शिव मंदिर में देर शाम शिव की पूजा हुई. पंचायत के मुखिया नूतन सिन्हा ने शिव की पूजा अर्चना की. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चंद्रवंशी भवन बिगहा में चंद्रवंशी समाज ने सामूहिक रूप से महाशिवरात्रि मनायी. भक्तों ने भोले बाबा के प्रिय सामग्री भांग, धतूरा, गांजा, बेलपत्र, पुष्प, दूध और जल चढाया गया. विनोद स्वर्णकार ने कहा कि शिवरात्रि के दिन बाबा भोलेनाथ का विवाह उत्सव होता है. इसमें बाराती के रूप में नंदी, बसहा बैल, भूत, पिचास, दानव बनकर लोग शामिल होते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**रामगढ़ ।** रजरप्पा थाना पुलिस ने शुक्रवार को छापामारी अभियान चलाकर अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़ा. पुलिस दुलमी प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत कुरुम गांव से कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़ कर थाना ले आयी. छापामारी अभियान का नेतृत्व रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने किया. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की ट्रैक्टर कोयला लोड कर दुलमी प्रखंड के कुरुम की तरफ जा रहा है. जिसे अभियान चलाकर पकड़ा गया है. ट्रैक्टर में लगभग तीन टन अवैध कोयला लोड है. हालांकि पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा. ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है. जबकि ट्रैक्टर मालिक व चालक पर कोल माइंस एक्ट व वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### 25 यूनिट ब्लड डोनेशन को बताया 95 यूनिट

**हजारीबाग।** रमजान के आगमन की खुशी में हजारीबाग के समाजसेवी बाबर कुरैशी ने गुरुवार को सरदार रोड इस्तित खानकाह मैरेज हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. जिसमें मात्र 25 यूनिट ब्लड संग्रह हुआ. मगर झूठी वाहवाही लुटने के लिए बाबर ने झूठी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सैकड़ों की संख्या में लोगों ने रक्तदान किया. उन्होंने यह भी कहा कि इस आयोजन में हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी और जदयू के राकेश गुप्ता भी पहुंचे थे, जिन्होंने रक्तदान शिविर की सराहना की. रक्तदान शिविर का उद्घाटन समाजसेवी बाबर कुरैशी की मां ने फीता काटकर किया था. रक्तदान शिविर में रक्त लेने पहुंचे निर्मल जैन ने भी बाबर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की सराहना की थी.

### बड़कागांव में शिवरात्रि पूजा धूमधाम से संपन्न

**बड़कागांव ।** प्रखंड के प्रसिद्ध महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से संपन्न हुई. गुरुचट्टी बड़कागांव द्वारा एक जीवंत झांकी राम जानकी मंदिर बड़कागांव से प्रारंभ कर बुढ़वा महादेव मंदिर के लिए प्रस्थान किया. जिसमें जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया गया. वहीं और भी विभिन्न झांकी समितियां कांडतरी, खैरातरी आदि गावों से निकालकर शिव बारात के रूप में महुदी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण पहुंचीं. इन झांकियों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे. वे झूमते नाचते गाते हुए जयकारों के साथ पारंपरिक ढोल नगाड़ों के साथ मंदिर प्रांगण पहुंचे. मंदिर में पूजा करने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और पूजा कर भोले शंकर और माता पार्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया.

### राजस्व कर्मचारी का होम ब्लॉक में होना गलत है: डीसी

# दस्तावेजों से खिलवाड़ का खतरा

**संवाददाता। हजारीबाग**



जिले के केरेडारी और कटकमदाग अंचल में कर्मचारियों के पदस्थापन को लेकर विचित्र स्थिति बनी हुई है. इन दोनों प्रखंड में होम ब्लॉक में ही स्थानीय कर्मी को राजस्व कर्मचारी का पद सौंप दिया गया है. स्थानीय अंचल में पदस्थापन के कारण स्थानीय राजनीतिकरण से कार्यालय के प्रभावित होने, कर्मी के द्वारा अपने शुभचिंतकों और दोस्तों व परिवार को लाभ पहुंचाने और कमजोर वर्ग के जमीनों के साथ हेरा फेरी करने की संभावना प्रबल हो गई है. आगामी लोकसभा चुनाव में भी स्थानीयता का लाभ उठाते हुए उनके प्रभाव का फायदा राजनीतिक दल उठा सकते हैं. लोकसभा चुनाव आने के बाद लोकल पॉलिटिक्स से इनके अछूता होने से इनकार भी नहीं किया जा सकता है.

जानकारी के अनुसार केरेडारी अंचल के केरेडारी हल्का कर्मचारी जितेंद्र रंजन महज 500 गज दूर कराली के निवासी हैं. अहम सवाल यह है कि इस कर्मचारी को ना सिर्फ स्थानीय तौर पर केरेडारी हल्का का कर्मचारी का पद सौंपा गया था, बल्कि अंचल में सर्किल इंस्पेक्टर सीआई का भी प्रभार सौंपा गया था. लेकिन बाद में उससे अंचल निरीक्षक का प्रभार वापस ले लिया गया. लेकिन राजस्व कर्मचारी के पद पर अभी भी बने हुए हैं. हद तो इस बात की है कि इसके जिम्मे हल्का संख्या 1, 2, 3, 7 और 8 समेत पांच-पांच हल्का का प्रभार है. इस पर लोगों का कहना है कि इन दोनों कर्मचारियों के पदस्थापन से अब तक के कार्यकाल की जांच होनी चाहिए, जिसमें बड़ा खुलासा हो सकता है. इस संबंध में उपायुक्त ने भी कहा कि राजस्व कर्मचारी का होम ब्लॉक में होना गलत है. मैं मामले को देख रही हूं.

यही हाल दूसरी तरफ कटकमदाग का है, जहां रेवाली निवासी अमित राय बतौर राजस्व कर्मचारी होम ब्लॉक कटकमदाग अंचल में लंबे समय से पदस्थापित हैं.

### राजस्व कर्मचारी पर लगा था दंगा भड़काने का आरोप



इस संबंध में कटकमदाग प्रखंड के प्रमुख विनीता कुमारी बताती हैं कि राजस्व कर्मचारी अमित राय पर 2016 में रामनवमी में दंगा भड़काने का आरोप लगा था. जिस पर सदर थाना में कांड संख्या 367/16 धारा 147, 148, 149, 295, 295ए, 298, 807, 353, 379, 427 और 436 के तहत 17 अप्रैल 2016 में मामला दर्ज किया गया था. लेकिन केस टू होने के बावजूद भी पैरवी और पहुंच को दिखाते हुए राजस्व कर्मचारी 2019 से नौकरी कर रहे हैं. ऐसे में सवाल यह उठता है कि सरकारी नौकरी करने के लिए थाना से चरित्र प्रमाण पत्र लिया जाता है. ऐसे में इन्हें चरित्र प्रमाण पत्र कैसे मिल गया या फिर बिना चरित्र प्रमाण पत्र दिए हुए नौकरी कर रहे हैं और प्रखंड में बरसों से बने हुआ है. जबकि राजस्व कर्मचारी पर शहर में दंगा भड़काने में नामजद अभियुक्त है. इसके बाबजूद इनको राजस्व कर्मचारी की नौकरी हुई है, जबकि आज तक कि इतिहास में यही देखने को मिली है कि जिन पर आपराधिक मामला दर्ज है. उसे सरकारी सेवा में अवसर नही मिलती है लेकिन सारी नियम कानून को ताख पर रखा गया है और यह मनमानी ढंग से नौकरी कर रहा है.

### प्रशासन मौन

- कर्मचारी अंचल कार्यालय के अतिरिक्त चला रहे हैं कार्यालय
- शिकायत के बाद भी दोनों कर्मचारी जमे हैं होम ब्लॉक में

ऐसे में स्थानीय तौर पर भूमि विवाद बढ़ने और जमीन की हेरा फेरी की संभावना प्रबल हो गई है. स्थानीय कर्मी होने के कारण लोग खुलकर तो सामने नहीं आ रहे हैं पर इनके विरुद्ध संबंधित पदाधिकारी को लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं.

अमित राय के जिम्मे हल्का संख्या 10 और 11 का प्रभार है. इन्होंने अंचल कार्यालय में सरकार द्वारा मुहैया किया गया कक्ष के अलावा कूद रेलवे स्टेशन के पास अपना एक निजी कार्यालय भी खोल रखा है. जहां अपना एक निजी स्टाफ भी नियुक्त किया है. इस संबंध में कटकमदाग प्रखंड के कर्मचारी अमित राय से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ईमानदारी से काम करो तो लोगों को ठीक नहीं लगता है. जहां तक मुकदमा का बात है तो मिल बैठकर बात करेंगे. एक रैयत मोहम्मद शौकत ने उपायुक्त, एडिशनल कलेक्टर, अंचलाधिकारी समेत सभी संबंधित पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर व्यवस्था पर उंगली उठायी है. आरोप लगाया है कि जमीन में भारी गड़बड़ी रजिस्टर टू के माध्यम में छेड़छाड़ करते हुए किया गया है. जो ठीक नहीं है.

# शिव बारात में जमकर झूमे भक्त

**उमेश कुमार। हजारीबाग**



पुलिस लाइन शिवमंदिर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि काफी धूमधाम से मनाया गया. अहले सुबह रूद्राभिषेक एवं सार्वजनिक पूजा हुआ. उसके बाद स्थानीय महिलाओं ने महाशिवरात्रि की पूजा कर भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की. इस दौरान शिवालय में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही. शिवभक्तों के द्वारा हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय एवं भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की जयकारों से शिवालय गूंज उठा.

महाशिवरात्रि पर हजारीबाग पुलिस लाइन से शिव बारात पीटीसी घुड़सवार, पीटीसी बैंड एवं ढोल नगाड़े के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ नगर भ्रमण किया. इस अवसर पर भगवान शिव के रूप में सिपाही अरुण कुमार सिंह एवं गणेश के रूप में दिलीप कुमार सिंह थे. वहीं अन्य कलाकारों ने आकर्षक झांकी की प्रस्तुति दी. भक्ति गीत संगीत के माध्यम से इसमें शामिल हजारीबाग डीआईजी, डीसी नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएसपी कुमार देवासी, सार्जेंट मेजर कुमार देवव्रत, सार्जेंट रुद्र प्रताप सिंह, पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री उपेंद्र नारायण मिश्रा, संयुक्त मंत्री राणा प्रताप, अंकेक्षक अनिल रजक, प्रभाकर दुबे, परमेश्वर मंडल सहीत सिपाही जमादार, थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर झांकी का नेतृत्व कर रहे थे. वहीं महिला, पुरुष एवं बच्चे उमंग के साथ जमकर झूमे व भक्तिरस में डुबे नजर आए.

## मनीष जायसवाल ने समर्थकों के साथ मनाया अपना जन्मदिन

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हर साल की तरह इस बार भी अपना जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों संग मनाया. मनीष जायसवाल का वर्तमान साल का जन्मदिन ख़ास रहा. क्योंकि महाशिवरात्रि के पावन दिन और उनके जन्मदिन से पूर्व उन्हें भाजपा संगठन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का सांसद प्रत्याशी घोषित कर बड़ा सौगात दिया गया. ऐसे में उन्होंने अपने जन्मदिन को बेहद ख़ास बनाया.

महाशिवरात्रि पर विधायक शंकरपुर शिवालय और डीपीएस स्कूल में पत्नी निशा जायसवाल सहित अपने परिजनों के साथ सुबह से ही भगवान शिव की आराधना में जुटे रहे. रुद्राभिषेक के बाद लोकसभा चुनाव का आगाज उन्होंने श्री सत्यनारायण भगवान कथा सुनकर किया. इस दौरान पूजन स्थल पर बेहद आकर्षक पुष्प से सुसज्जित शिवलिंग का निर्माण किया गया. भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल फूल का भी खूबसूरत आकृति बनाया गया. जिसके चारों और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी कुल 34 भाजपा मंडलों के लिए भाजपा झंडों का बंडल बनाया गया.

### महिला दिवस पर बांटे गए बैग व टिफिन बॉक्स



**रामगढ़ ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वर्णरेखा महिला समिति ने प्लांट में महिला कार्यकर्ताओं और सहायकों को जूट बैग और टिफिन बॉक्स बांटा. मौके पर संगठन की अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की काबिलियत को पहचानने की जरूरत है. कार्यस्थल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उन्होंने रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि अक्सर कठिन परिस्थितियों में महिला काम करती है. रीता सिंह ने महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने की बात कही.

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा की बैठक में आगामी चुनाव को लेकर हुई चर्चा

# चुनाव में उतरेगी पार्टी: पीएन सिंह

**संवाददाता। रामगढ़**



होटल मिलन में शुक्रवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने किया. बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह और केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा उपस्थित थे. बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया. साथ ही 10 मार्च को जमशेदपुर में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आह्वान किया गया.

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जिले की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया जा रहा है. हजारीबाग, चतरा, बोकारो और धनबाद के बाद रामगढ़ में भी बैठक की जा रही है. उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा है. जिसे पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच रखा जाएगा. वहीं 10 मार्च को जमशेदपुर में केंद्रीय कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है. इस बैठक के माध्यम से आगे की रणनीति तैयार की जाएगी. उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र बड़ा होता है. संगठन का भले ही 3 साल हुआ है, लेकिन दमदार प्रत्याशी अगर मिलता है तो दमखम के साथ चुनाव मैदान में भारतीय जनतंत्र मोर्चा उतरेगी. अन्यथा लाइट माइंडेड को समर्थन देंगे. उन्होंने कहा कि जनतंत्र में संगठन को बढ़ाना है. जनबल को बनाने के लिए कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है. बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर बैठक आयोजित की गई है. बैठक में निर्देश दिया गया कि पार्टी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उतरेगी. पार्टी का जो भी दिशा निर्देश होगा उसका पालन किया जाएगा.

### लिया फैसला

- हजारीबाग और चतरा में भी बैठक की जा रही है
- 10 मार्च को जमशेदपुर में केंद्रीय कमेटी की बैठक होगी

### सभी को नारी का सम्मान करना चाहिए: शिवालिका

**बरही ।** प्रखंड के बिजैया चौक स्थित आरोह कौशल प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को पोस्टर बनाकर एवं केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीटकॉन सोशल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, आरोह फाउंडेशन के स्टेट हेड संतोष आनंद एवं समाजसेवी सुरेश यादव मौजूद थे. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नीटकॉन की डिप्टी मैनेजर शिवालिका मिश्रा, आरोह फाउंडेशन की सीईओ डॉ. नीलम गुप्ता एवं सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर शिल्पा जैन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को शुभकामनाएं दी. मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए महिला दिवस से अवगत कराया. कहा कि महिलाओं के योगदान और उनके संघर्ष के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है. घर को सुंदर बनाने वाली महिला हर घर की नींव होती है. वर्तमान समय में हर व्यक्ति को नारी का सम्मान करना चाहिए. आज के समय में महिलाएं किसी से कम नहीं हैं.

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया में बांटे गए पेंसिल, कटर और रबर

# स्कूल में शैक्षणिक किट वितरित

**संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र के कपका पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया में गुरुवार को शैक्षणिक किट बांटा गया. स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक के 255 छात्र छात्राओं के बीच प्रधानाध्यापक हफीज अंसारी व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्रौपदी देवी व पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से कलम, पेंसिल, कटर, रबर, ज्यामिति बॉक्स जैसे शैक्षणिक किट का वितरण किया. मौके पर प्रधानाध्यापक हफीज अंसारी ने कहा कि गरीब, मेहनती और मेधावी छात्र-छात्राएं जो संसाधन के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाते थे, वैसे बच्चों के लिए सरकार की यह योजना सार्थक साबित हो रही है.

वहीं बच्चों को संबोधित करते हुए पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए सरकार अनेकों प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, ताकि गरीब तबके के बच्चे भी संसाधन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाएं. इसलिए उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढाई करने वाले बच्चे हर क्षेत्र में अभी बड़ी-बड़ी नौकरियां पा रहे हैं. इसलिए उन्होंने सभी बच्चों से सरकारी और निजी विद्यालयों में भेद नहीं करने की अपील की और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही. मौके पर प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष कमली देवी, संयोजिका सतनी देवी, सदस्य कारु महतो, अशोक प्रसाद, यमुना महतो, राहुल कुमार, शिक्षक कृष्णा कुमार चंद्रिका सिंह, सीताराम प्रसाद विवेक कुमार और समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

### विद्यार्थी प्रसन्न

- पंसस प्रतिनिधि ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने कहा
- कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को मिला किट

**महिला दिवस** बाडम और जोभिसिमरा गांव में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# महिलाओं को पुरुषों के समान मिले हक: रीता

**संवाददाता । हजारीबाग**



टाटीझरिया प्रखंड के बेडम और जोभिसिमरा गांव में धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. इस दौरान महिलाओं के अधिकार को लेकर रैली निकाली गई. उन्हें जागरूक भी किया गया. महिला के अधिकार के लिए काम कर रही जन सहयोग केंद्र की सुरती मोसोमात को उनके अच्छे काम के लिए सम्मानित किया गया.

मौके पर संस्था की कोषाध्यक्ष रीता कुमारी ने महिला दिवस पर कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है. किंतु वर्तमान में जो हालात दिखाई देता है, उसमें नारी का हर जगह अपमान हो रहा है. नारी को सिर्फ चूल्हा चौकी का काम करने के लिए समझ जाता है. समान काम के लिए समान वेतन भी नही मिलता है. हमेशा महिला को पुरुषों के अपेक्षा कम समझा जाता है. पुरुषों को मजदूरी के लिए ज्यादा पैसे दिये जाते हैं जबकि महिलाएं उनसे अधिक काम करती हैं फिर भी पुरुषों की अपेक्षा कम मजदूरी मिलती है. कोषाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को भी पुरुष के समान बराबर हक मिले. चाहे वो शिक्षा, रोजगार, नौकरी या मजदूरी हो. रीता कुमारी ने बताया कि संस्कृत में एक श्लोक है, 'यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवताः' अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं. संस्कृति का सम्मान करते हुए नारी का सम्मान कैसे किया जाए, इस पर विचार करना आवश्यक है. अंत में महिलाओं ने बैलून उड़ाकर अपनी आजादी का एलान किया. हम भी आज़ाद हैं, हम पढ़ सकते हैं, हम भी काम कर सकते हैं. कार्यक्रम में बेड़म से ननकी देवी, लिलमुनी देवी, हसीना हंसदा, सरिता कुमारी, सावित्री कुमारी, मनीषा कुमारी, अंजनी कुमारी एवं अन्य ग्रामीण शामिल थीं. वही सिमरा गांव से बहामुनी देवी, आरती देवी, सोनिया हंसदा, सुनीता कुमारी, सुरजमुनी टुडू, पार्वती टुडू शामिल हुईं. कार्यक्रम को सफल बनाने में जन सहयोग केंद्र का अहम योगदान रहा.

### निकाली रैली

- भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान का बहुत महत्व है
- हमेशा महिला को पुरुषों के अपेक्षा कम समझा जाता है

### फायरिंग में बाल-बाल बचा मुखिया पुत्र

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत गोंदलपुरा मुखिया के पुत्र पर फायरिंग हुई. इसमें वे बाल-बाल बच गए. इस संबंध में मुखिया द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने एवं जान माल की सुरक्षा करने की मांग की गई. मामला बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव कुमार यादव के पुत्र करण कुमार के साथ घटित होने की बात कही गई है. इस संबंध में मुखिया वासुदेव के आवेदन में बताया गया है कि 7 मार्च 2024 को करीब 6:30 बजे मेरा पुत्र बादम बस स्टैंड में सैलून दुकान में बाल कटाने के लिए बैठा था. इसी बीच अमरेश राणा नामक युवक पहुंच कर मेरे पुत्र को टारगेट करते हुए हुए ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा. मेरा पुत्र वहां से किसी प्रकार जान बचाकर अपना गांव गोंदलपुरा पहुंचा.

## महिलाओं को व्यवसाय में आगे आना चाहिए: उर्मिला



**बरकाकाना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डीएवी बरकाकाना की प्रिंसिपल उर्मिला सिंह ने कहा कि 2024 की थीम ही है महिलाओं के लिए निवेश, महिलाओं से निवेश. इस अवसर का महिलाओं को लाभ उठाते हुए आगे बढ़ना चाहिए. महिलाएं आत्मनिर्भर बने. वैसे महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं. इसी तरह व्यवसाय के क्षेत्र में भी आगे आएं. महिलाएं समाज और परिवार के लिए हमेशा खड़ी रहती हैं. इस तरह से सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाएं, क्योंकि नारी ही सभी चीजों की नीव है. नारी सभी जिम्मेवारियों को निभाती है. वह मां भी है और बहन भी है.

### महिलाएं सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनें: सुनीता



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि महिलाएं समाज व राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं. हमारा यह प्रयास है कि हमारे क्षेत्र की महिलाएं सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बने. इसे लेकर हमारी सकारात्मक भूमिका है. महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे रहे. समान अवसर उपलब्ध कराने को लेकर भी हमारी सजगता व प्रतिबद्धता बनी हुई है.

**माहौल गर्म :** झामुमो समर्थकों के दुर्व्यवहार से आहत होकर विधायक लोबिन ने सांसद विजय हांसदा पर बोला हमला, कहा

# मैं हूं राजमहल से पार्टी के टिकट का दावेदार, हांसदा चुनाव जीतनेवाले नहीं हैं

कौशल आनंद। रांची



बरहेट विधानसभा क्षेत्र के भोगनाडीह में विधायक लोबिन हेंब्रम अपने समर्थकों के साथ झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने से बिफरे हुए हैं. लोबिन समर्थकों के साथ अन्याय यात्रा निकालने के लिए भोगनाडीह पहुंचे थे, लेकिन झामुमो कार्यकर्ताओं ने उनकी यात्रा का विरोध करते हुए हो-हंगामा कर दिया. लोबिन समर्थकों से उलझ पड़े. विवाद और हो हंगामे के कारण लोबिन हेंब्रम को यात्रा स्थगित करनी पड़ी. झामुमो कार्यकर्ताओं के हंगामे से आहत लोबिन ने अपनी ही पार्टी के राजमहल सांसद विजय हांसदा पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में विजय हांसदा जीतनेवाले नहीं हैं. अगर वे जीत गये, तो पार्टी का मान-सम्मान नहीं बचेगा. हांसदा लगातार पार्टी को कमजोर कर रहे हैं. उनसे व उनके समर्थकों से पार्टी का भला होनेवाला नहीं है.

### मैं राजमहल सीट का दावेदार, भला मैं इस्तीफा क्यों दूं

लोबिन ने कहा कि उन्होंने राजमहल संसदीय सीट से दावेदारी पेश की है, इसलिए हांसदा व उनके समर्थक उनसे बेवजह पंगा ले रहे हैं. क्या पार्टी और जनता की विधायक के रूप में लंबी अवधि तक सेवा करने के बाद संसदीय चुनाव के लिए दावेदारी पेश करना गलत बात है. क्या मुझे संसदीय चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है. मैं राजमहल लोकसभा सीट का दावेदार हूं, लेकिन पार्टी की ओर से मुझसे इस्तीफा मांगा जा रहा है. भला मैं इस्तीफा क्यों दूं.

### हांसदा के इशारे पर बैनर-पोस्टर फाड़ा गया

विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में विजय हांसदा किसी भी कीमत पर जीतने वाले नहीं हैं. अगर वो जीते तो पार्टी का मान-सम्मान नहीं बचेगा. उन्होंने कहा कि सांसद हांसदा के इशारे पर कार्यकर्ताओं ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया. उनके कहने पर ही उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ करने की कोशिश की गयी. बैनर- पोस्टर फाड़ दिया गया. प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोबिन ने कहा कि प्रशासन का भी रवैया ठीक नहीं था.

### शिलान्यास को लेकर जता चुके हैं नाराजगी

विधायक लोबिन हेंब्रम ने अस्पताल के शिलान्यास को लेकर भी नाराजगी जतायी थी. 6 मार्च को 300 बेड के अस्पताल के शिलान्यास को लेकर वे अपनी ही सरकार और सांसद विजय हांसदा के प्रति नाराजगी जता चुके हैं. उन्होंने कहा कि अस्पताल बन गया तो सांसद क्षेत्र में मुंह दिखाने लायक नहीं रह जायेंगे.

### झापा एनोस ने लोबिन को अपनी पार्टी में शामिल होने को कहा

**रांची।** झारखंड पार्टी (एनोस) ने झामुमो के वरिष्ठ नेता व विधायक लोबिन हेंब्रम को अपनी पार्टी शामिल होने का न्योता दिया है. शुक्रवार को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार सिन्हा और महासचिव अशोक कुमार भगत ने कहा कि लोबिन झामुमो के एक वरिष्ठ नेता हैं. ये हमेशा जल, जंगल जमीन की बातें उठाते रहे हैं. झामुमो ने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादा किया था, उस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते रहे हैं. झारखंडी अस्मिता, सीएनटी-एसपीटी की रक्षा, स्थानीय नीति, जमीन के मुद्दे, विस्थापन पलायन आदि मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करते रहे. लेकिन लोबिन के साथ जिस तरह का व्यवहार उनकी पार्टी में किया जा रहा है, वह कहीं से उचित नहीं है.

**मागदर्शक के रूप में लोबिन का स्वागत है :** अध्यक्ष सिन्हा और महासचिव भगत ने कहा कि झापा झारखंडी- मूलवासी विचारधारा वाले सभी नेताओं से आग्रह करती है कि वे झारखंडी मूलभावना व विचारधारा को अपनी आवाज दें. झारखंड पार्टी अपने अभिभावक और मागदर्शक के रूप में लोबिन का स्वागत करने के लिए तत्पर है. उन्होंने कहा कि झापा का गठन मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने किया था. एनई होरो जैसे नेता पार्टी के अध्यक्ष रहे, जिन्होंने कभी झारखंडी अस्मिता से समझौता नहीं किया. राज्य की जनता ने झामुमो को झारखंडी अस्मिता की रक्षा के लिए अपना समर्थन दिया.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आय का स्रोत अच्छा होगा, पर गलत आयसे बचें. नौकरी में पदोन्नति होगी. बेरोजगारी दूर होकर प्रसन्नता बनी रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. बाहरी सहयोग से कार्य होगा. नए कार्य की शुरुआत हो सकती है. यात्रा लाभदायक रहेगी.

**वृषभ** सरकारी कार्य में गति मिलेगी. पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. किसी संत से शुभ ज्ञान प्राप्त होगा. पुराने भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. आत्मविश्वास बढ़ता है. व्यवसाय ठीक है. चिंता और तनाव रहेगा.

**मिथुन** ससुराल से संबंध में सुधार होगा. साथ ही लाभ की स्थिति बनेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. अप्रत्याशित लाभ होगा. बेरोजगारी दूर होगी. सक्रिय रहना होगा. परिवार की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी.

**कर्क** माता से बिना वजह विवाद हो सकता है. इससे बचना होगा. अप्रत्याशित खर्च सामने आयेंगे स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. कार्य में बाधा होगी. धन और कीर्ति की हानि हो सकती है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**सिंह** तनाव हो सकता है. पुरानी लेनदारी वसूल होगी. काम में मन लगेगा. वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा. कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी. यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेगी. फालतू बातों पर ध्यान न दें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**कन्या** कार्य में सफलता मिलेगी. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर होगी. नेत्र व मस्तिष्क दर्द हो सकता है. व्यावसायिक कठिनाई दूर होगी. चिंता कम रहेगी. प्रसन्नता बनी रहेगी. कार्य में लगन बढ़ेगी. शिवलिंग पर जलाभिषेक करें.

**तुला** अपरिचित से लेन-देन में सावधानी रखें. विवाद को तूल न दें. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपनों से सहयोग नहीं मिलेगा. चिंता रहेगी. विस्तार कार्यों में देरी हो सकती है. हिम्मत रखें. नकारात्मकता बढ़ेगी. फल का दान करें.

**वृश्चिक** खुशी व सहयोग प्राप्त होगा. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. कोर्ट कचहरी में सफलता हासिल होगी. परिवार में आनंदोत्सव हो सकता है. कुछ दिक्कतों के साथ लाभ में वृद्धि होगी. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. निवेश शुभ रहेगा.

**धनु** उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. रोजगार में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. भूमि और भवन संबंधी बाधा दूर होगी. यात्रा, निवेश और नौकरी मनोनुकूल लाभ होगा. विरोधी अनुकूल रहेंगे. उनकी तोपें थमी रहेंगी. पीली वस्तु दान करें.

**मकर** वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है. मित्रों व संबंधियों से लाभ होगा. कोर्ट कचहरी के काम निबटेंगे. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा से लाभ होगा. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. जोखिम और जमानत के कार्य टालें.

**कुंभ** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. निवेश सोच विचार कर ही करें, धन फंसने का योग है. यात्रा अनुकूल रहेगी. बेचैनी रहेगी. अपनों से संबंध बिगड़ सकते हैं. वाणी पर नियंत्रण रखें.किये गए कार्य का लाभ होगा.

**मीन** विदेश में बसे लोगों के लिए लाभ का समय है.. निद्रा में कमी आएगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरी में काम का दबाव अधिक हो सकता है. आय में वृद्धि होगी. परहित के काम करने का मौका मिल सकता है.

### जंगली भालू के हमले से महिला घायल



**गारू (लातेहार)।** गारू थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में जंगली भालू के हमले में महिला घायल हो गयी. घायल महिला सुनीता खलखो (32) ने बताया कि वह सूखी लकड़ियां चुनने बड़ा तालाब की ओर गयी थी. इसी दौरान एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया. काफी चीखने चिल्लाने के बाद भालू उसे छोड़ कर भागा. भालू ने उसके बांह व चेहरे को लहूलूहान कर दिया है. मुखिया अजय टोप्पो के सहयोग से गारू रेफरल अस्पताल में महिला का प्राथमिक इलाज किया गया. वन विभाग ने कागजी प्रक्रिया के बाद मदद की बात कही है.

## दुमका के पहाड़िया जनजाति बहुल गांवों का हाल बेहाल



# न बिजली न पानी, सड़क है ही नहीं, खटिया पर ढोते हैं मरीज

रजनीश प्रसाद। दुमका

दुमका के काठीकुंड प्रखंड के बोड़तल्ला पंचायत के खिलौड़ी गांव का चुनरभुज और बांसकोदरी आदिवासी टोला आजादी के 77 वर्ष बीतने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. चुनरभुज टोला में करीब 42 परिवार हैं. बांसकोदरी टोला में करीब 20 परिवार रहते हैं. सभी पहाड़िया समुदाय से आते हैं. दोनों टोला में न बिजली है, न सड़क है, न चापाकल है और न ही पूरे टोला में पीसीसी ढलाई है. इनकी समस्याओं को सुननेवाला कोई नहीं है. मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए ग्रामीण करीब 10 वर्षों से प्रयास कर रहे हैं. जनप्रतिनिधि, जनता दरबार, बिजली विभाग में गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल रहा है. न जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान कर पा रहे हैं, न प्रशासन के अधिकारी. सभी सुस्त पड़े हैं.

**जिप अध्यक्ष व बीडीओ ने सुनी समस्याएं, पर समाधान नहीं :** मीडिया में खबर आने के बाद वर्ष 2023 में जिला परिषद अध्यक्ष जोयेस बेसरा और प्रखंड विकास पदाधिकारी इन दोनों टोला का जायजा लेने पहुंचे थे. उस समय ग्रामीणों ने जिला परिषद अध्यक्ष बेसरा और प्रखंड विकास पदाधिकारी को समस्याएं बतायी थीं और प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया था. उस वक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा था कि मिट्टी- मोरम सं सड़क बना दी जाएगी. जिला परिषद अध्यक्ष जोयेस बेसरा ने कहा कि पुनः आयेंगे, लेकिन वे दोबारा न तो आयीं और न ही जन समस्याओं का समाधान हुआ. ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव में वोट देने के बाद भी कोई विकास नहीं हो रहा है.इसलिए इस बार ग्रामीणों ने तय किया है कि बिजली, सड़क,चापाकल नहीं, तो वोट नहीं. ग्रामीणों की बैठक में दिलीप देहरी, कृष्णकांत देहरी, सोनालाल देहरी, राजेंद्र देहरी,सुनील देहरी,दिनेश देहरी,बाबूलाल देहरी,प्रेमलाल देहरी,राजू देहरी,कालाता देवी,सुकुर्मुनी रानी,सीमा देवी आदि उपस्थित थे.

- देश की आजादी के 77 साल, झारखंड बने 24 साल बीते गये
- बिजली, पीने का पानी और सड़क के लिए तरस रहे लोग
- छलका ग्रामीणों का दर्द, कहा - बिजली, पानी, सड़क नहीं, तो वोट नहीं

**ग्रामीण परेशान**

### पीने का पानी नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों टोला में पीने के पानी के लिए एक-एक कुआं है. गर्मी आने के पहले ही एक कुआं सूख गया है .अभी एक मात्र कुओं पर 62 परिवार और मवेशी पीने के पानी के लिए आश्रित हैं .जब गर्मी में यह कुआं भी सूख जाता है, तो सभी ग्रामीण दूसरे गांव शिकरपाड़ा, नामोडीह और जोरिया से पीने का पानी लाते हैं. कृष्णा कांत देहरी बुझे मन से पानी की समस्या पर कहते हैं कि हमलोग वोट देते आये हैं, लेकिन न तो जनप्रतिनिधि सुनते हैं और न अफसर. एक भी चापाकल नहीं होने और स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे आर्थिक नुकसान भी होता है.



### दो डीप बोरिंग करा कर टंकी लगायी जाए

ग्रामीण सोनालाल देहरी का कहना है पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं होने से उसे टायफायड हो गया है. दवा पर अभी उनका 600 रुपये खर्च हो गया .जब उनसे पूछा गया कि आप सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए क्यों नहीं जाते हैं, तो उसका जबाब था कि दूरी अधिक होने के कारण आने-जाने में अधिक खर्चा लगेगा. इसलिए यहां नजदीक में ही बाजार से दवा ले लेते हैं .ग्रामीणों की मांग है कि दोनों टोला में दो-दो डीप बोरिंग कर चापाकल और सोलर टंकी की व्यवस्था की जाए.

### सड़क मार्ग से कटे हुए हैं दोनों टोले, ग्रामीण परेशान

दोनों टोला सड़क मार्ग से कटा हुआ है .सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है .सबसे अधिक गर्भवती महिलाओं और मरीजों को हॉस्पिटल जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. बीमार पड़ने पर खटिया पर एक किलोमीटर दूर नमोडीह ले जाना पड़ता है, तब जाकर एम्बुलेंस से हॉस्पिटल भेजा जाता है. सडक नहीं होने के कारण सरकारी आवास बनाने के लिय ईंट,पत्थर आदि लाने में भी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

### बिजली नहीं रहने से पढ़ाई में दिक्कत होती है

आजादी के 77 साल बीतने के बाद भी इन दोनों टोला में बिजली ता अता-पता नहीं है. दोनों टोला में आज तक न तो बिजली का खंभा लगा है और तार ही पहुंचा है. जब खंभा ही नहीं गड़ा, तो तार कहां से बिछेगा. ग्रामीण बिजली विभाग के अफसरों से कई बार दोनों टोला में बिजली पहुंचाने की कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन बिजली विभाग के अफसर कान में तेल डाले सोये रह रहे हैं. युवा दिनेश देहरी का कहना है कि बिजली नहीं होने के कारण रात में बच्चों की पढ़ाई -लिखाई बिलकुल नहीं हो पाती है. टोला से रात के वक्त जरूरी काम से भी बाहर जाने-आने में बहुत दिक्कत होती है. हमेशा सांप-बिच्छू के काटने का खतरा बना रहता है.बिजली पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसर तक को आवेदन दिया गया, लेकिन किसी ने ध्यान ही नहीं दिया. अब तो ग्रामीण मायूस हो चुके हैं.

## झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच संपन्न



संवाददाता। रांची

**खास बातें**
- शुक्रवार को कुल चार मुकाबले खेले गए
- अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र ने किया उद्घाटन

झारखंड अधिवक्ता मंच रांची के तत्वावधान में आयोजित झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का क्वार्टर फाइनल शुक्रवार को संपन्न हुआ. शुक्रवार को कुल चार मुकाबले खेले गए, जिसमें एवेंजर क्रिकेट क्लब, केदार साहू शैलेश सिंह एंड एसोसिएट, झारखंड हाई कोर्ट व इंडियन एसोसिएसन ऑफ लॉयर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. पहला मुकाबल एवेंजर क्रिकेट क्लब और गर्ग एसोसिएट रांची के बीच खेला गया, जिसमें एवेंजर क्रिकेट क्लब ने आठ विकेट से जीत दर्ज की.

दूसरे मैच में केदार साहू शैलेश सिंह एंड एसोसिएट ने कालाकोट 11 को छह रन से हराया. तीसरे क्वार्टर फाइनल में झारखंड हाई कोर्ट ने गुमला जिला बार एसोसिएशन को 15 रन से पराजित किया. दिन के आखिरी मुकाबले में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने डीबीए 11 को नौ विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया. प्रतियोगिता के तीसरे दिन का उद्घाटन अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार ने किया. शुक्रवार को टूर्नामेंट में मुख्य आयोजक के रूप में रविंद्र कुमार, ज्योति आनंद, मुकेश केसरी अरविंद कुमार मित्र, विनोद सिंह, वीरेंद्र प्रताप, मनीष कुमार, शैलेंद्र कुमार साहू, झारखंड नागरिक परिषद के अध्यक्ष उत्तम कुमार, ज्योति आनंद, वरिष्ठ अधिवक्ता केदार साहू, रोहण ठाकुर, विक्रमादित्य राय,ज्योति आनंद, मुकेश केसरी, बंदिश कुमार, प्रशांत कुशवाहा, सचिन कुमार, नीरज कुमार, सूर्यकांत यादव, रवि कुमार रामकिशोर भगत, अरविंद कुमार मित्रा, अश्विनी कुमार, नीरज कुमार, अजय यादव उपस्थित थे.

## पाकुड़ की टीम को हराकर प. सिंहभूम सेमीफाइनल में



सुकेश कुमार। चाईबासा

**खास बातें**
- चार विकेट से जीती पश्चिमी सिंहभूम की टीम
- पश्चिमी सिंहभूम के आयुष पाल बने मैन ऑफ द मैच

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रांची के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर चल रहे सीनियर अंतर जिला एलिट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता (एचपी बोधनबाला ट्रॉफी) में पश्चिमी सिंहभूम ने पाकुड़ को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. रांची के जेएससीए ओवल मैदान पर खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकुड़ की पूरी टीम 38.2 ओवर में 140 रन ढेर हो गई. पाकुड़ की ओर से सेबेस्टियन सोरेन ने सर्वाधिक 42 रन बनाए. वहीं रोहित कुमार ने 35 रन व गौरव चौधरी ने 22 रन बनाए. पश्चिमी सिंहभूम की ओर से आयुष पाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए. अनुराग संजय पुर्ति व अजीत कुमार सिंह दो-दो विकेट लिए. जीत के लिए 141 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने में पश्चिमी सिंहभूम के बल्लेबाजों के पसीने छूट गए. एक समय पश्चिमी सिंहभूम के पांच मुख्य बल्लेबाज 60 के स्कोर पर ही आउट हो गए थे. लेकिन शिवम कुमार व अभिषेक कच्छप ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलायी . शिवम कुमार ने 29 व अभिषेक कच्छप ने नाबाद 22 रन बनाए पाकुड़ की ओर से सेंटु कुमार यादव ने 18 रन देकर तीन विकेट हासिल किए. मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए पश्चिमी सिंहभूम के आयुष पाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया.

**विरोध** मजदूर की मौत के बाद 30 लाख रुपये मुआवजे और नौकरी पर अड़ा चालक संघ

# ऋतिक कंपनी में 28 घंटे से कोयला खनन बाधित

संवाददाता। केरेडारी



ऋतिक कंपनी में काम करने वाले मजदूर की मौत के बाद चट्टी बारियातू कोल माइंस के सभी कार्यों को मजदूरों ने बधित करा दिया. ऋतिक कंपनी में काम करने वाले श्रमिक मृत मजदूर गुड्डु मुंडा का शव लेकर माइंस में दिनभर प्रदर्शन करते रहे. खबर लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था. मजदूर के परिवार और साथ काम करने वाले लोगों ने मौत का कारण माइंस में होने वाले प्रदूषण को बताया. गुड्डु मुंडा (32 वर्ष), पिता सहजू मुंडा ऋतिक कंपनी में काम करता था. गुड्डु जोरदाग के मुंडा टोली का रहने वाला था. इलाज के दौरान उसकी मौत रिम्स में हो गयी. गुड्डु मुंडा ऋतिक कंपनी में पहले डंपर चलता था बाद में उसकी वज्र वाहन चलाने में कंपनी ने लगाया था. इसी बीच कंपनी में कुछ महीना पहले कोयले में आग लग गई थी. इस दौरान आग बुझाने के दौरान गुड्डु प्रदूषण की चपेट में आ गया था. इसके बाद से ही उसके पेट में दर्द रहने लगा. पेट दर्द होने के कारण ऋतिक कंपनी से 12 फरवरी से 2 दिन की छुट्टी लेकर अपने घर पर इलाज करा रहा था. दर्द बढ़ने के कारण रांची रिम्स में इलाज के लिए भर्ती किया गया. इलाज के दौरान गुड्डु मुंडा की 7 मार्च को सुबह लगभग नौ बजे उसकी मृत्यु हो गई. सभी चालक गुरुवार से ही एक बजे से ऋतिक कंपनी के सभी कार्यों को बाधित कर दिया और उचित मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए.

प्रदर्शन कर रहे मजदूरों के समक्ष एनटीपीसी और ऋत्विक कंपनी के अधिकारी ने गुड्डु मुंडा की मौत पर संवेदना व्यक्त की. कंपनी की ओर से कहा गया कि उनकी पत्नी को रोजगार से जोड़ने ,उसके बच्चों को पढ़ाने -लिखाने की व्यवस्था एवं सहयोग किया जाएगा, लेकिन वहां कार्यरत सभी ड्राइवर ने पीड़ित परिवारों को 30 लाख रुपये मुआवजा व नौकरी इंश्योरेंस की राशि मांग पर अड़े रहे.

कंपनी का कहना है कि गुड्डू मुंडा की मौत रांची रिम्स में हुई है. अगर कंपनी में गुड्डू मुंडा की मृत्यु होती तो पूरा भरपाई कंपनी के द्वारा किया जाता. इस दौरान चट्टी बरियातू मुखिया झरी लाल महतो, पूर्व बरियातू मुखिया प्रतिनिधि सुदर गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति मनोज गुप्ता, महेंद्र रजक जागेश्वर साव, रामकुमार साहू व काफी संख्या में जनप्रतिनिधि व एनटीपीसी अपर महाप्रबंधक मृत्युंजय वर्मा, एनटीपीसी से खान प्रबंधक यतीश कुमार, ऋतिक कंपनी से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रिजवान शरीफ, डीजीएम मनोज सिन्हा, आरएंडआर डिपार्टमेंट से संतोष कुमार, रवि सिन्हा, अनुराग कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार दलबल के साथ उपस्थित थे.

डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, बीडीओ व चालक की हालत गंभीर

# पलटी बीडीओ की कार, भाई की मौत

संवाददाता। सरायकेला

सरायकेला- खरसावां जिले के कुचाई प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम की कार जिलिंगदा जाने वाले रास्ते रक डिवाइडर से टकराकर पलट गयी. हादसे में बीडीओ साधु चरण देवगम, चालक मोयका सोय और बीडीओ के मौसेरे भाई भोंजो सिंह बानरा गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को तत्काल सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद बीडीओ के मौसेरे भाई भोंजो को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बीडीओ साधु चरण व उनके चालक को जमशेदपुर रेफर कर दिया गया.



### श्राद्धकर्म में शामिल होने जा रहे थे बीडीओ

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीडीओ प्रखंड के ओरवा पंचायत की मुखिया के घर श्राद्धकर्म में हिस्सा लेने जा रहे थे. इसी दौरान कुचाई से जिलिंगदा जाने के रास्ते में खरसावां की ओर से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गयी. फिलहाल बीडीओ साधु चरण और उनके चालक मोयका सोय की स्थिति गंभीर बताई जा रही है.

# कुछ तो परदादारी है!

गैर सरकारी संगठन एडीआर ने चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि यह याचिका सूचीबद्ध होगी. एडीआर ने याचिका में कहा, एसबीआई ने जानबूझकर न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा पारित फैसले की अवज्ञा की है और यह न केवल नागरिकों की सूचना के अधिकार को नकारता है, बल्कि इस न्यायालय के अधिकार को भी कमजोर करता है. इलेक्ट्रॉल बॉन्ड का विवरण जारी करने में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने जिस तरह का नजरिया अपनाया है, उसे ले कर देश भर में बहस तेज हो गयी है. दानदाताओं का नाम बताने में आखिर हर्ज ही क्या है. सर्वोच्च अदालत तो चुनावी बॉन्ड को अवैध बता चुका है, क्योंकि भारतीय राजनीति में जिस तरह धनबल का प्रभाव बढ़ा है और एक दल को सबसे ज्यादा चंदा मिल रहा हैं, इसका असर पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया पर पड़ रहा है. भारतीय जनता को यह जानने का हक है कि किस दल को किस पूंजीपति से कितना चंदा मिला है और उन चंदों का दबाव नीतियों के निर्माण पर पड़ा है या नहीं. भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से चुनावी बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश अनेक सवाल पैदा कर रही है. परदादारी को ले कर लोग सवाल पूछ रहे हैं. सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं. यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया. चुनावी बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है. उसने बताया था कि जब चुनावी बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे-इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा. इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने चाहिए. आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है. मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है. उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा. जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समय सीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है. इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया. अगर दामन पाक-साफ है, तो एसबीआई को यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए. वरना, इस योजना से संबंधित संदेह और गहराएंगे. दरअसल, स्टेट बैंक ने यह याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है. कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है.

> भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से चुनावी बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश अनेक सवाल पैदा कर रही है. परदादारी को ले कर लोग सवाल पूछ रहे हैं. सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं.

## सुभाषित

**देशवंशजनैकोऽपि कायवाक्चेतसां चयै।**
**येन नोपकृतः पुंसा तस्य जन्म निरर्थकम्।।**

यदि मनुष्य तन, वाणी और मन से या इनमें से किसी एक से देश या अपने वंश का एक भी उपकार नहीं करता है, तो ऐसे परोपकारी व्यक्ति का जन्म लेना व्यर्थ है. इसलिए मन, वचन और कर्म से अपने देश और वंश के हित में कोई काम अवश्य ही करना चाहिए.

# सियासत अब विचलित नहीं करती

**झामुमो की चाबी शिबू सोरेन परिवार के पास रहती आयी है. फिलहाल सोरेन परिवार चौतरफा घिरा हुआ है. हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री रहते 31 जनवरी की रात ईडी ने जमीन घोटाले में बंदी बना लिया था. उन पर और केस बनाये जा सकते हैं. इसी हफ्ते बजट सत्र में भाग लेने तक की अदालत ने उनको इजाजत नहीं दी. उन पर लंबी अवधि तक शिकंजा कसे रहने की आशंका के कारण भी उनकी पत्नी कल्पना सोरेन 4 मार्च को घर-आंगन की देहरी लांघ सार्वजनिक जीवन में उतर पड़ीं.**







उधर जयंत सिन्हा राजनीति से आउट हो गए, इधर कल्पना सोरेन की सियासी इन्ट्री हो गई. तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत बेटिकट कर दिये गये. जयंत और सुदर्शन केंद्र में मंत्री रह चुके थे. जयंत अपने पिता यशवंत सिन्हा की विरासत संभालने आये थे, लगातार दो बार सांसद रहे, लेकिन चुनाव से ऐन पहले उनका मन वैश्विक जलवायु पर काम करने के लिए मचलने लगा. जब कैंडिडेचर का ऐलान होना था, उसके चंद घंटे पहले पता नहीं क्यों उनका मन मचला. उधर कलकत्ता हाईकोर्ट के जज जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय का मन राजनीति के लिए लपलपाने लगा तो उन्होंने पांच मार्च को इस्तीफा कर दिया. दो साल में उन्होंने ममता सरकार से जुड़े 14 मामले सीबीआई/ईडी को सौंप दिया था, अब खुद को भाजपा के हवाले कर दिया. कुछ अरसा पहले तक भाजपा को पानी पी-पीकर कोसनेवाले सुभासपा वाले ओम प्रकाश राजभर ललबतिया सुख पाकर लहालोट होने लगे. टेढ़े-टेढ़े चल रहे जयंत चौधरी दादा को भारत रत्न की घोषणा के साथ नतमस्तक हो गये. उनके खासमखास अनिल कुमार लखनऊ में मंत्री बना दिये गये. आये दिन ऐसी एक नहीं, अनेक घटनाएं हो रही हैं और 140 करोड़ लोग जग का मुजरा ले रहे हैं. जहां 80 करोड़ से अधिक आबादी पांच किलो अनाज पर ही फिदा है, वहीं कोई राष्ट्र सेठ शादी से पहले के मुजरे पर 70-80 करोड़ लुटा देने में हिचकता तक नहीं. विविधताओं का यह देश ऐसे ही चलता रहेगा! यह सवाल अब शायद किसी को विचलित नहीं करता. जब एक किनारे बैठे लोग 'गंगा नहाए' हों और दूसरी तरफ वाले 'कीचड़ सने', तो ऐसा कोई सवाल नहीं उठना चाहिए, जो मन को मथे. उस पार जाते ही शुद्धता की गारंटी का विकल्प तो है ही. राजनीति राज की नीति, यूं कहें कि राज्य करने की नीति हो गई तो अपनी भलाई चाहनेवालों को चाहे जैसे भी हो, अपना भला करते रहना चाहिए. बहरहाल, आगे की खेती आगे-आगे... मसल पर अमल करते हुए संसदीय चुनाव की घोषणा के पहले ही भाजपा ने दो मार्च को अपने 195 उम्मीदवारों का एलान कर उन्हें कमर कस लेने का मौका दे दिया. यह अच्छी बात है. भाजपा के प्रतिद्वंद्वी अभी आपस में ही फरिया रहे हैं और फिर शायद अपने घर में ही फरियाएंगे और तब गरियानेवाले अपनों की एक जमात खड़ी कर मैदान में उतरेंगे. उनके लिए ऊपर की मसल की अगली लाइन होगी, पाछे की खेती भागे-जोगे यानी किस्मत ने साथ दिया तो ठीक, नहीं तो गिरे हुए को और गिरने की फिक्र कहां! इसका एक दूसरा पहलू भी है, सामनेवाले को परखकर मुकाबले के लिए अधिक मजबूत पहलवान उतारना. ऐसा हो तो सियासी समां बदल जाए.

बहुत पहले 'रागदरबारी' नामक एक व्यंग्य उपन्यास बहुचर्चित हुआ था. उसको एपिक नॉवेल कहा जाता है. उसमें बनारस के निकट के गांव शिवपालगंज में पूरा भारत दिखाया गया है. उसी तर्ज पर छोटे से झारखंड में पूरा भारत झांकने की कोशिश की जा सकती है. इसकी कुल जमा 14 संसदीय सीटों में से भाजपा को पिछली बार 11 तथा उसकी सहयोगी आजसू के हाथ एक लगी थी. इस बार भाजपा ने पहली लिस्ट में 11 उम्मीदवारों का एलान किया. इनमें सात रिपीट किये गये हैं. जयंत और सुदर्शन को गुडबॉय कर उनकी जगह पर क्रमशः एमएलए मनीष जायसवाल और राज्यसभा का पहला टर्म पूरा करने जा रहे समीर उरांव को उतारा गया है. कांग्रेस छोड़कर ताजा-ताजा भाजपा में आईं सांसद गीता कोड़ा को भी बर्थ मिली. आजसू, झामुमो, कांग्रेस और बेशक भाजपा में भी रहे ताला मरांडी को भी भाजपा ने चुना. ये वही ताला मरांडी हैं, जिनको विधायक रहते आठ साल पहले प्रदेश भाजपा की सदारत सौंपी गई थी. लेकिन आनन-फानन में चलता भी कर दिया गया था, क्योंकि एक तो उन्होंने अपने बालिग बेटे की शादी 11 वर्षीया लड़की से कर दी थी, दूसरी बात यह कि झारखंड के पुराने भूमि कानूनों सीएनटी/एसपीटी एक्ट पर पार्टी लाइन से अलग बोल दिया था. वे दो बार विधायक रह चुके हैं. तीसरी बार के चक्कर में दल बदलकर 2019 में मैदान में जमे थे, लेकिन वोटरों का दिल उन पर बिलकुल नहीं जमा. उनको जिस राजमहल सीट से उम्मीदवार बनाया गया है, वह झामुमो के गढ़-क्षेत्र में है. झामुमो की चाबी शिबू सोरेन परिवार के पास रहती आयी है. फिलहाल सोरेन परिवार चौतरफा घिरा हुआ है. हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री रहते 31 जनवरी की रात ईडी ने जमीन घोटाले में बंदी बना लिया था. उन पर और केस बनाये जा सकते हैं. इसी हफ्ते बजट सत्र में भाग लेने तक की अदालत ने उनको इजाजत नहीं दी. उन पर लंबी अवधि तक शिकंजा कसे रहने की आशंका के कारण भी उनकी पत्नी कल्पना सोरेन 4 मार्च को घर-आंगन की देहरी लांघ सार्वजनिक जीवन में उतर पड़ीं. हेमंत की विधायक भाभी सीता सोरेन पर 2012 के राज्यसभा चुनाव में दर्ज नोट फॉर वोट मामला गहराता जा रहा है. खुद शिबू सोरेन को लोकपाल की अदालत में चल रहा आय से अधिक संपत्ति का केस राहत नहीं दे रहा. इसके बावजूद राज्य की राजनीति पर इस परिवार की पकड़ ढीली नहीं दिखती. भाजपा की असल चिंता यही है. किराये के कमरे में रहनेवालों के लिए राजनीति में अब जगह कहां है? विधायक/सांसद की कौन कहे, मुखिया/वार्ड काउंसलर के भी पांव जमीन पर नहीं टिकते. इसलिए हर सामर्थ्यवान राजनीति की ओर दौड़ता है और आज के युवावर्ग का बड़ा तबका जिंदाबाद-मुर्दाबाद चिल्लानेवालों की टोली में अपना भविष्य तलाशता है.

• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## ध्यान की साधना

एक व्यक्ति ने किसी साधु से कहा, "मेरी पत्नी धर्म-साधना-आराधना में बिलकुल ध्यान नहीं देती. यदि आप उसे थोड़ा बोध दें तो उसका मन भी धर्म-ध्यान में रत हो." साधु बोला, "ठीक है." अगले दिन प्रातः ही साधु उस व्यक्ति के घर गया. वह व्यक्ति वहां नजर नहीं आया तो साफ सफाई में व्यस्त उसकी पत्नी से साधु ने उसके बारे में पूछा. पत्नी ने कहा, "वे मोची की दुकान पर गए हैं." पति अन्दर के पूजाघर में माला फेरते हुए ध्यान कर रहा था. उसने पत्नी की बात सुनी. उससे यह झूठ सहा नहीं गया. त्वरित बाहर आकर बोला, "तुम झूठ क्यों बोल रही हो, मैं पूजाघर में था और तुम्हे पता भी था." साधु हैरान हो गया. पत्नी ने कहा- "आप मोची की दुकान पर ही थे, आपका शरीर पूजाघर में, माला हाथ में, किन्तु मन से मोची के साथ बहस कर रहे थे." पति को होश आया. पत्नी ठीक कह रही थी. माला फेरते-फेरते वह सचमुच मोची की दुकान पर ही चला गया था. कल ही खरीदे जूते क्षति वाले थे, खराब खामी वाले जूते देने के लिए, मोची को क्या क्या सुनाना है, वही सोच रहा था और उसी बात पर मन ही मन मोची से बहस कर रहा था. पत्नी जानती थी उनका ध्यान कितना मग्न रहता है. वस्तुतः रात को ही वह नये जूतों में खामी की शिकायत कर रहा था, मन अशान्त व असन्तुष्ट था. प्रातः सबसे पहले जूते बदलवा देने की बेसब्री उनके व्यवहार से ही प्रकट हो रही थी, जो उसकी पत्नी की नजर से नहीं छुप सकी थी. साधु समझ गया, पत्नी की साधना गजब की थी और ध्यान के महत्व को उसने आत्मसात कर लिया था. निरीक्षण में भी एकाग्र ध्यान की आवश्यकता होती है. पति की त्रुटि इंगित कर उसने उसे एक सार्थक सीख देने का प्रयास किया था. धर्म-ध्यान का मात्र दिखावा निरर्थक है, यथार्थ में तो मन को ध्यान में पिरोना होता है. असल में वही ध्यान साधना बनता है. यदि मन के घोड़े बेलगाम हो तब मात्र शरीर को एक खूंटे से बांधे रखने का भी क्या औचित्य? कहने का आशय यह है कि यदि चित्त की एकाग्रता न हो तो ध्यान, साधना, पूजा-अर्चना का कोई अर्थ नहीं रह जाता है. चित्त यदि इधर-उधर भटकता रहे तो बैठ कर ध्यान आसपास के लोगों के लिए दिखावा या पाखंड से कम नहीं हो सकता. इसलिए पहले चित्त पर नियंत्रण होना आवश्यक है.

# 2024 का रण और सोशल मीडिया का हरावल दस्ता

• सोशल मीडिया

पुष्परंजन

वे अपने-आपको एंकर नहीं कहते. 'डिजिटल क्रिएटर', 'इन्फ्लूएंसर' संबोधित किया जाना उन्हें सुहाता है. ये लोग टीवी एंकर जितना चिकना, बॉलीवुडिया स्टार के माफिक ग्लैमरस बनकर भी अवतरित नहीं होते. मोबाइल फोन की मिनी स्क्रीन पर खुरदुरा सा चेहरा, बिखरे बाल, हल्की दाढ़ी, बिना नहाये-धोये, गले में कभी अंगौछा लपेटे, तो कभी टी-शर्ट या कोई भी नार्मल सा ड्रेस पहने नुमायां होते हैं. इन्हें सुनने देखने वाले मिलियंस में होते हैं. और इसी मल्टी मिलीयन स्टार के टशन ने उन्हें राजनेताओं के समक्ष महत्वपूर्ण बना दिया है. पहले पॉलिटिकल पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं के बूते चुनाव लड़ने की रणनीति बनाती थी, अब उल्टा हो चुका है. जिस राजनीतिक दल के पास जितनी बड़ी संख्या में सोशल मीडिया का यह हरावल दस्ता है, वह लगभग सुनिश्चित है कि 2024 का रण फतह कर लेगा. मेटा की विज्ञापन लाइब्रेरी रिपोर्ट के अनुसार, पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले 90 दिनों में कांग्रेस, जेडीएस और भाजपा ने फेसबुक और इंस्टाग्राम विज्ञापनों पर संयुक्त रूप से लगभग 26 करोड़ रुपये खर्च किए. पार्टियों ने जनवरी से मई तक गूगल विज्ञापनों पर थोड़ा ज्यादा खर्च किया था गूगल की पारदर्शिता रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी ने 3,949 विज्ञापनों पर 71 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने 41 विज्ञापनों पर 47 करोड़ रुपये खर्च किए. यह ख़र्च सोशल मिडिया के इन्फ्लुएंसर पर नहीं, केवल उस प्लेटफार्म पर बने रहने के लिए था. फेसबुक के 305 बिलियन यूजर्स हैं. उसी तरह व्हाट्सएप के 278 बिलियन, यूट्यूब के 249 बिलियन, इंस्टाग्राम के 204 अरब यूजर्स, वीचैट के 132 बिलियन, टिकटॉक के 122 बिलियन, टेलीग्राम के 800 मिलियन, स्नैपचैट के 750 मिलियन यूजर्स हैं. जिसके जितने यूजर्स, भारत के राजनीतिक दलों ने उसी के अनुरूप पैसा विज्ञापनों में झोंका है. उसका मूल कारण जनमत बनाना है, लेकिन विज्ञापनों से भी कई गुणा अधिक छवि चमकाओ कार्यक्रम इन्फ्लुएंसर कर रहे हैं. बंगलुरू में कांग्रेस ने इन्फ्लूएंसर्स की बैठक आयोजित की थी. खट्ठी-मीठी बातों के बीच तय हुआ कि चुनावी रण में वो सत्ता पक्ष की बैंड बजाने के वास्ते क्या-क्या करेंगे. जिनके पास फंड नहीं है, उनसे भी अहद किया गया कि कांग्रेस का मीडिया सेल उन्हें राशन-पानी उपलब्ध करायेगा. 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय का कोई प्रभाग महत्वपूर्ण है तो वह है मीडिया सेल. सुप्रिया श्रीनेत चेयरपर्सन हैं, इस सेल की, जिनके मातहत दो नेशनल कन्वेनर रुचिरा चतुर्वेदी और प्रणव बचारजनी और 36 नेशनल कोआर्डिनेटर की भारी भरकम टीम है. लगभग सभी युवा चेहरे. कोई मिडिल एज वाला, विराट अनुभवों का थका-थकेला पत्रकार इस टीम में नहीं दीखेगा, जो अपने अतीत की गौरव गाथा सुनाता हुआ टाइम पास करता हो. कांग्रेस मीडिया सेल की वेबसाइट आप सर्च करेंगे, यंग व आक्रामक टीम नज़र आयेगी. लेकिन छह सीनियर प्रवक्ता अजय माकन, आनंद शर्मा, मुकुल वासनिक, मनीष तिवारी, पी चिदम्बरम और सलमान ख़ुर्शीद की उपस्थिति बताती है कि कांग्रेस का मीडिया सेल के पास अपना 'मार्ग दर्शक मंडल' भी है. सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वह व्यक्ति होता है, जो अपने दर्शकों को उनके द्वारा समर्थित उत्पादों या सेवाओं को खरीदने के लिए प्रेरित करने की क्षमता रखता है. व्यूअर्स के आधार पर मोटे तौर पर उन्हें चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है. सबसे पहले 10,000 तक फॉलोअर्स वाले लोग जो सीमित बजट वाले छोटे से मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए आदर्श हैं. उनके पास अक्सर अत्यधिक सक्रिय अनुयायी होते हैं, जिससे उनकी बातें अधिक भरोसेमंद हो जाती हैं. दूसरे हैं 10 हज़ार से एक लाख तक के फॉलोअर्स वाले माइक्रो इन्फ्लुएंसर, वे ग्राहकों और उनके दर्शकों की जरूरतों के साथ लागत प्रभावी सहयोग प्रदान करते हैं. ऐसे लोग ब्रांड जागरूकता अभियानों के लिए सूक्ष्म-प्रभावक विशेष रूप से प्रभावी होते हैं. राहुल गांधी राजनीतिक साक्षात्कार सोशल मीडिया वालों को नहीं देते. ऐसा कुछ गढ़ दिया उनके इवेंट मैनेजरों ने. राहुल गांधी फ़िर कटहल और कबाब के स्वाद पर बातचीत के लिए तैयार हुए. फूड एंड ट्रेवल पर कार्यक्रम दिखाने वाले चैनल 'कर्ली टेल्स' के साथ वह मटर और कटहल के प्रति अपनी नापसंदगी को लेकर राहुल बहुत कठोर नहीं हो सकते थे. चुनांचे उन्हें बोलना पड़ा, 'लेकिन अगर मुझे खाना पड़ेगा, तो मैं खाऊंगा.' ऐसा कह कर राहुल ने कटहल की लाज रख ली.

> बंगलुरू में कांग्रेस ने इन्फ्लूएंसर्स की बैठक आयोजित की थी. खट्ठी-मीठी बातों के बीच तय हुआ कि चुनावी रण में वो सत्ता पक्ष की बैंड बजाने के वास्ते क्या-क्या करेंगे. जिनके पास फंड नहीं है, उनसे भी अहद किया गया कि कांग्रेस का मीडिया सेल उन्हें राशन-पानी उपलब्ध करायेगा. 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय का कोई प्रभाग महत्वपूर्ण है तो वह है मीडिया सेल.

# भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार की चुनौतियां

• देशांतर

प्रमोद जोशी

बाहरी सतह पर ऐसा कुछ नहीं हुआ है, जिससे कहा जा सके कि अब भारत-पाकिस्तान रिश्ते सुधरेंगे. दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज़ शरीफ ने जो पहला बयान दिया है, उसमें भी ऐसी कोई बात नहीं कही है. अलबत्ता पाकिस्तान की ओर से चीजों को सामान्य बनाने के कुछ संकेत मिले हैं. इस सरकार को सेना का समर्थन भी हासिल है, इसलिए माना जा रहा है कि भारत के साथ रिश्तों में सरकारी विसंगतियां कम होंगी. फिर भी यह नहीं मान लेना चाहिए कि दोनों देशों के रिश्ते इसलिए सुधर जाएंगे, क्योंकि वहां नवाज़ शरीफ फिर से ताकतवर हो गए हैं. रिश्ते तभी सुधरेंगे, जब शांति-स्थापना की समझदारी पक्के तौर पर जन्म ले लेगी. या फिर मजबूरियां ऐसे मोड़ पर आ जाएंगी, जहां से निकलने का रास्ता ही नहीं बचेगा. पाकिस्तान में भारत से दोस्ती की बात करना राजनीतिक-दृष्टि से आत्मघाती माना जाता है. नवाज़ शरीफ एकबार इसके शिकार हो चुके हैं, इसलिए ज्यादा से ज्यादा उम्मीद यही की जा सकती है कि नई सरकार इस मामले में बड़े जोखिम उठाने के बजाय धीरे-धीरे रिश्ते बेहतर बनाने का प्रयास करेगी. बहुत कुछ दोनों देशों के मीडिया-कवरेज पर भी निर्भर करेगा. अगस्त, 2019 में जब भारत ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाया, तब पाकिस्तान सरकार ने नई दिल्ली से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया और दोनों देशों के बीच व्यापारिक-रिश्ते पूरी तरह तोड़ने की घोषणा की. उसके बाद जब भी राजनयिक-व्यापारिक संबंधों को सुधारने की बात हुई किसी न किसी किस्म का अड़ंगा लग गया. बावजूद इसके रिश्तों को एक हद तक सामान्य भी बनाया जा सकता है. संकेत मिल रहे हैं कि इस दिशा में पहला काम राजनयिक-स्तर पर ही होगा. पिछली 26 फरवरी को साद अहमद वाराइच ने नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में नए उप-उच्चायुक्त (चार्ज डी अफेयर) का कार्यभार संभाला. यह नियुक्ति तीन साल के लिए हुई है. अभी तक उच्चायोग के प्रभारी एजाज़ खान अस्थायी नियुक्ति पर थे. भारत-पाकिस्तान रिश्तों की गाड़ी ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलती है. किसी भी क्षण जबर्दस्त झटका लगता है और सब कुछ बिखर जाता है. तीन साल पहले फरवरी-मार्च 2021में रिश्ते सुधरते दिखाई पड़े और फिर अचानक सब कुछ बदल गया. फिर भी एक आस बंधी रहती है कि शायद अब कुछ सकारात्मक हो. पिछले ढाई दशक में रिश्तों में बड़े मोड़ तभी आए, जब पीपीपी या पीएमएल-एन में से कोई पार्टी सत्ता में थी, या फिर मुशर्रफ-सरकार थी. 1997में कम्पोज़िट डायलॉग की घोषणा और 1998 में लाहौर बस यात्रा हुई. इसके बाद 1999 में करगिल-घुसपैठ के कारण माहौल बदल गया. मुशर्रफ के साथ आगरा शिखर-सम्मेलन के बाद 25 अगस्त 2003 को मुम्बई में, 2007 में लखनऊ और वाराणसी में धमाके हुए. जुलाई 2008 में काबुल के भारतीय दूतावास पर हमला हुआ. 2008 में जयपुर और अहमदाबाद के धमाकों के बाद 26 नवम्बर 2008 को मुंबई में हमला हुआ. मुंबई पर हमले के बाद रुकी बातचीत को आगे बढ़ाने की कोशिशें शुरू होते ही 2011 में मुम्बई में फिर धमाके हुए. 1997 में कम्पोज़िट डायलॉग की घोषणा और 1998 में लाहौर बस यात्रा. मुशर्रफ के साथ आगरा शिखर-सम्मेलन और उसके बाद चार-सूत्री समझौते की सम्भावनाएं बनीं. 2010 के बाद दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते बढ़े थे और बैंकिंग के रिश्तों और एक-दूसरे देश में निवेशकों के पूंजी निवेश की सम्भावनाएं बनी भी थीं, पर किसी न किसी मोड़ पर अड़ंगा लगा. फरवरी 2021 में दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी रोकने का फैसला किया, तब लगा कि शायद अब बातचीत की ज़मीन तैयार होगी. आंशिक-व्यापार शुरू करने के ऐलान का स्वागत हो ही रहा था कि वहां की कैबिनेट ने इस फैसले को रोक दिया और कहा कि जब तक भारत 5 अगस्त, 2019 के फैसले को रद्द करके जम्मू-कश्मीर में 370 की वापसी नहीं करेगा, तब तक कारोबार नहीं होगा. इतने तेज यू-टर्न की उम्मीद किसी को नहीं थी. प्रधानमंत्रियों की चिट्ठियों के पहले 17 मार्च को इमरान खान ने पाकिस्तान के थिंकटैंक नेशनल सिक्योरिटी डिवीजन के 'इस्लामाबाद सिक्योरिटी डायलॉग' का उद्घाटन करते हुए कहा, हम भारत से रिश्तों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं. बाद में उसी कार्यक्रम में तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने 'बीती बातों को भुलाने' की सलाह दी थी. उन्होंने रस्मी तौर पर कश्मीर का जिक्र जरूर किया, पर 5 अगस्त, 2019 से पहले की स्थिति बहाल करने और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का जिक्र नहीं किया.

> भारत-पाकिस्तान रिश्तों की गाड़ी ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलती है. किसी भी क्षण जबर्दस्त झटका लगता है और सब कुछ बिखर जाता है. तीन साल पहले फरवरी-मार्च 2021में रिश्ते सुधरते दिखाई पड़े और फिर अचानक सब कुछ बदल गया. फिर भी एक आस बंधी रहती है कि शायद अब कुछ सकारात्मक हो.

**मीडिया में अन्यत्र**

# न्यू एज मीडिया : अवसर, चनौतियां और जोखिम

**फिक्की**-ईवाई की मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र पर जारी नवीनतम रिपोर्ट में कई दिलचस्प अवलोकन, डेटा बिंदु और रुझान सामने आए हैं, जो इस क्षेत्र के उद्यमों के लिए इस बात में मददगार हो सकते हैं कि वे प्रासंगिक बने रहने के लिए अनुकूलन के कुछ कदम उठाएं या कुछ नया करें. इस रिपोर्ट के अहम आंकड़ों से यह पता चलता है कि यह क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और साल 2023 में 8 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि के साथ इसका आकार 2.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. वैसे तो इस उद्योग का आकार अब महामारी से पहले के दौर की तुलना में करीब 21 फीसदी ज्यादा हो चुका है, लेकिन इसके सभी घटकों में एक समान गति से बढ़त नहीं हो रही. उदाहरण के लिए टेलीविजन, प्रिंट और रेडियो सेगमेंट का आकार अभी भी महामारी के पहले वाले दौर से कम है. इस प्रकार यह क्षेत्र मुख्यतः डिजिटल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और फिल्मी मनोरंजन के दम पर आगे बढ़ रहा है. यही नहीं, भविष्य के अनुमान (2023-26) भी यह संकेत देते हैं कि ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल मीडिया, एनिमेशन और संगीत ही इस उद्योग के लिए राजस्व के मुख्य वाहक होंगे. यह रुझान निश्चित रूप से भारत में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और इंटरनेट की बढ़ती पैठ का प्रतिबिंब है. जैसा कि रिपोर्ट में बताया गया है, दिसंबर 2023 तक देश में इंटरनेट की पहुंच 8 फीसदी बढ़कर 93.8 करोड़ सबस्क्राइबर तक हो गई है. साल 2023 में भारतीयों ने हर दिन करीब 4.8 घंटे फोन देखते या इस्तेमाल करते हुए गुजारे. इसके अलावा, उन्होंने इस समय का करीब 50 फीसदी हिस्सा सोशल मीडिया पर और 28 फीसदी हिस्सा मनोरंजन और खबरों पर बिताया. इस रिपोर्ट का सबसे उल्लेखनीय बिंदु है भारत में ऑनलाइन गेमिंग का उभार और अपनाया जाना. आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में ऑनलाइन गेमिंग में करीब 22 फीसदी की बढ़त हुई और यह फिल्मी मनोरंजन को पीछे छोड़ते हुए इस उद्योग का चौथा सबसे बड़ा घटक बन गया. अनुमान के मुताबिक देश में ऑनलाइन गेमर की संख्या 45 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है और इस सेगमेंट के राजस्व का 83 फीसदी हिस्सा पैसे से जुड़े गेमिंग से आता है. ऑनलाइन गेमिंग पर माल एवं सेवा कर बढ़ाने का भी कोई बड़ा असर नहीं हुआ है, लेकिन भारत में मीडिया और मनोरंजन कारोबार के बढ़ते जाने के बावजूद विकसित देशों की तुलना में विज्ञापन राजस्व काफी कम है. भारत में विज्ञापन राजस्व सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में करीब 0.33 फीसदी ही है, जबकि बड़े विकसित देशों में यह 0.6 से 1 फीसदी तक होता है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## प्रवर्तन/ परिवर्तन

**विपक्षी** राजनेताओं के घर पर लगातार छापामारियों के चलते इन दिनों ईडी काफी चर्चे में है. यह शब्द लोकप्रियता के उस शिखर पर पहुंच गया है, जहां से वह अपनी पहचान के लिए मोहताज नहीं है. आज देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि ईडी क्या है? ईडी का पूरा नाम है डायरेक्टरेट जेनरल आफ इकोनॉमिक्स इन्फोर्समेंट या प्रवर्तन निदेशालय. ईडी या प्रवर्तन निदेशालय भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत राजस्व विभाग के अधीन एक विशेष वित्तीय जांच एजेंसी है, जिसका मुख्यालय दिल्ली में है. ईडी यानी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट का काम मनी लॉन्ड्रिंग की निगरानी करना और इसे रोकना है. मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तमाम मामलों में ईडी कार्रवाई करती है. हालांकि हाल में ईडी अधिकारियों की भूमिका के आलोक में उनके दायित्वों की परिभाषा पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार प्रवर्तन का सामान्य अर्थ है प्रवृत्त करना, कोई नया काम या नई बात आरंभ करना, उत्तेजित करना, उकसाना, जारी करना, चलाना, उभारना, आविष्कार या खोज करना, नये सिरे से प्रचलित करना, कानून लागू करना. प्रवर्तन से ही बने शब्द प्रवर्तक का मतलब है किसी काम या बात का आरंभ या प्रचलन करनेवाला, संचालक, किसी काम में लगाने या प्रवृत्त करनेवाला, आविष्कार करनेवाला, उभारनेवाला, उकसाने वाला, गति देने वाला, प्रचार करनेवाला, विचार करने वाला. इससे मिलता जुलता शब्द है परिवर्तन. यह तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है और इसका मतलब है एक अवस्था से दूसरी अवस्था में आना, तब्दीली, फेरबदल, रूप और आकार आदि में बदलाव, हेर-फेर, रद्दोबदल, आकृति, गुण, रूप आदि में सुधार या बिगाड़ आदि. एक युग की समाप्ति, एक के स्थान पर दूसरे का आगमन, घुमाव, चक्कर, एक को छोड़कर उसकी जगह दूसरा ग्रहण करना, जैसे जलवायु परिवर्तन, कुछ घटनाओं को बढ़ाकर रूप बदलना, एक रूप से दूसरे रूप में लाना, उलटफेर, अंग्रेजी में कहें तो चेंज, ऑल्टरेशन, वेरिएशन, एक चीज के बदले दूसरी लेना, कुछ अंशों को नया रूप देना, सुधारना.

# पहले घर में गाय थी, अब चाय है!

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

हिंदुस्तान में बहुत पहले हर घर में गाय रखी जाती थी. और आज किसी-किसी घर में गाय मुश्किल से मिल पाती है. गाय भले ही मुश्किल से मिलती हो, लेकिन हर घर में अब चाय रखी जाती है. कोई बिरला ही घर होगा जहां चाय न हो. मिले न मिले वह दूसरी बात है. पहले गाय थी और अब चाय है. इसका मतलब यह नहीं है कि जहां गाय होगी, वहां चाय नहीं होगी. फिर भी जब हर घर में गाय थी, तब हिंदुस्तान में चाय नहीं थी. और आज चाय है तो हर घर में गाय नहीं है. कुछ विद्वान इसमें कुछ रहस्य होने की बात करते हैं. गाय से जितने फायदे थे. उतने चाय से नहीं हैं. गाय से कोई नुकसान नहीं था. लेकिन चाय से नुकसान भी है. फिर भी समय की बात है. आज चाय का समय है. पहले गाय का था. आज जिस घर में दूध नहीं भी होता है, वहां भी चाय मिल जाती है. हिंदुस्तान में गाय-भैंस नहीं भी रहेंगी तो भी चाय मिलेगी. केवल काली नहीं दूध वाली भी. यहां जुगाड़ से दूध जो बन जाता है. खड़िया घोलकर. गांव से लेकर शहर तक चाय की पहुंच है. बहुत से गांवों में तो चाय, चाय न रहकर चाह हो गई है. चाह न मिलने पर बहुतों की आह निकल जाती है. छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े भी इसके दीवाने हैं. बच्चे क्या करें उन्हें तो आज मां का भी दूध मुश्किल से नसीब होता है. इसलिए ही दूध से ज्यादा चाय पसंद करते हैं. कई तरह की चाय यानी टी प्रचलन में है. जैसे डे टी, नाइट टी, मॉर्निंग टी, नून टी, आफ्टर नून टी, इवनिंग टी. इसके अलावा बीएम टी (बिफोर मील टी), एएम टी (आफ्टर मील टी), बेड टी, टॉयलेट टी, बाथरूम टी आदि. पीने वाले पीते हैं. कहां तक बताएं, कुछ लोग एक बार पीते हैं. कुछ लोग दो बार और कुछ लोग बार-बार पीते हैं. कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें चाय नुकसान करती है. नुकसान भले करती हो, लेकिन पीते जरूर हैं. भले ही बिना दूध के या बिना चीनी के अथवा नमक मिलाकर पिएं. कुछ लोग साधारण तो कुछ लोग असाधारण यानी स्पेशल पीते हैं. कुछ लोग देखकर, कुछ लोग दिखाकर और कुछ लोग छुपकर तो कुछ लोग छुपाकर भी पीते हैं. कुछ लोग नहीं भी पीते हैं. कुछ लोग अपने घर पर नहीं पीते हैं. बाहर पीते हैं. शर्मा जी का कहना है कि चाय नुकसानदायक तथा लाभदायक दोनों हो सकती है. इनका मानना है कि चाय पीना पड़े तो लाभदायक और पिलाना पड़े तो हानिकारक होती हैं. कहते हैं कि मैं चाय नहीं पीता हूं. लेकिन कोई पिलाना चाहे तो पी भी लेता हूं. किसी का आग्रह ठुकराना किस भलमानुष का काम है?



# बायोस्कोप

## हस्ताक्षर
# अब देश और समाज के लिए परदे पर लड़ती दिख रही महिलाएं



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

हाल ही में आयी आर्टिकल 370 में दो मुख्य पात्र हैं, जिन्हें कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संवैधानिक प्रावधान आर्टिकल 370 को खत्म करवाने का श्रेय दिया गया है, उल्लेखनीय है कि दोनों ही महिला हैं, एक जूनी हक्सर (यामी गौतम) जिसे एनआईए का प्रमुख बना कर भेजा जाता है, और प्रधानमंत्री की रक्षा सलाहकार राजेश्वरी स्वामीनाथन (प्रियमणी). यह है हिंदी सिनेमा में महिलाओं की बदलती छवि. कुछ ही दिन पहले भारतीय वायुसेना की फाइटर पायलट तेजस गिल के जीवन पर आधारित 'तेजस' और इसके पहले करगिल की पहाडियों पर दुश्मनों के छक्के छुडाते 'गुंजन सक्सेना' को भी हमने देखा था. 'नीरजा' में आतंकवादियों से लडते हुए अपना बलिदान देकर भी अपने यात्रियों की रक्षा की घटना हमने देखी. बीते कुछ वर्षों में बडे परदे पर 'मणिकर्णिका' में झांसी की रानी और 'पद्मावत' में रानी पद्मावती जैसे भारतीय इतिहास की शक्तिरुपाओं को देखा. हमने हाल ही में 'द वैक्सिन वार' भी देखी, जहां महिलाएं देश धर्म से परे मनुष्य मात्र को बचाने का युद्ध लड रही थीं. वास्तव में ऐसी फिल्में इस बात की झलक है कि हिंदी सिनेमा महिला सशक्तिकरण के वास्तविक रूप को पहचानने की कोशिश कर रही है. आजादी के पूर्व 1936 में बनी 'अछूत कन्या' हो या वी.शान्ताराम की 'दुनियां ना माने' इनमें भारतीय महिलाओं के विद्रोही स्वभाव को समय से काफी आगे जाकर दिखाने की कोशिश की गई थी. वी. शान्ताराम ने ही 1939 में महिला सशक्तिकरण पर 'आदमी' जैसी फिल्म बनायी, जिसमें प्रेमिका प्रेमी के लिए यह संदेश छोड़कर जाती है कि प्यार में जान मत देना, जीवन जीने के लिए है. 1940 में आई महबूब खान की 'औरत' ने हिन्दी सिनेमा में नारी




की शक्ति को एक नई पहचान दी. जिसमें डकैत बनकर गांव की बहु बेटियों पर हाथ डालने वाले अपने ही बेटे को गोली मार दी जाती है. बाद में इस कथानक पर महबूब खान ने ही नरगिस, राजकुमार, सुनील दत्त को लेकर 'मदर इण्डिया' बनायी और इस विषय की शास्वतता प्रमाणित की. वास्तव में नारी की इसी शक्ति का इस्तेमाल आने वाले दिनों में व्यवसायिक फिल्मकारों ने भी जम कर किया. 50 से 70 के दशक के बीच जब समाज में अराजकता बढ़ी फिल्मकारों को नायिकाओं को उसके खिलाफ दिखाने की सहुलियत हासिल कर ली. ऐसी फिल्में बननी शुरू हुई जिसमें नारी ने डाकू बनकर जुल्म और बलात्कार का बदला लेने के लिए घोड़े पर दौड़ना शुरू कर दिया. हेमा मालिनी की 'रामकली', रेखा की 'सुहाग की कसम', श्रीदेवी की 'शेरनी' जैसी फिल्मों में नाटकीय ही सही नारी का शौर्य प्रदर्शन सुकुन तो देता ही था. बाद के दिनों में इस शौर्य को फिल्मकारों ने बलात्कार के साथ जोड़ दिया, जिसकी शुरूआत बी.आर. चोपड़ा की 'इन्साफ का तराजु' से मानी जा सकती है. जहां अपने पर हुए बलात्कार के लिए नायिका तो अदालत की शरण में जाती है, लेकिन वही बलात्कार जब उसकी छोटी बहन के साथ होता है तो वह सारे अनुशासन तोड़कर भरी अदालत में बलात्कारी की हत्या कर देती है. वास्तव में 'इन्साफ का तराजु' के बाद इस क्रम में बनी अधिकांश फिल्मों का उद्देश्य महिलाओं के विद्रोह को चित्रित करने से अधिक दर्शकों की उत्तेजना का शमन करना था. बाद के दिनों में इसी क्रम में 'जागो' और 'माम' जैसी न जाने कितनी फिल्में बनीं. राजकुमार संतोषी ने सत्य घटना को केन्द्र में रख कर 'दामिनी' और फिर 'लज्जा' जैसी फिल्म बनायी जिसमें नारी पर हुए अत्याचार के विरूद्ध नारी की ही मुखरता प्रदर्शित की गई थी. करिश्मा कपूर ने 'फिजा' और 'जुबैदा' में विद्रोही महिला को एक आधुनिक पहचान दी. 'फिजा' में एक ओर अपने भाई को ढूढ़ते हुए आतंकवादियों से जूझने में वह नहीं घबराती, वहीं देशद्रोही महसूस करने पर भाई की जान लेने में भी संकोच नहीं करती.

गौरतलब है कि आज की फिल्में महिला सशक्तिकरण की उस जड समझ से मुक्त हो रही हैं कि उनके लिए अपनी निजी लड़ाई लड़ लेना ही काफी है. हालिया आर्टिकल 370 या वैक्सिन वार जैसी फिल्मों में वे देश और समाज को बचाने के लिए लड़ती दिख रही हैं.



## इसलिए अंबानी के फंक्शन में नाचे आमिर!

**आखिर कार मिस्टर परफेक्टनिस्ट ने बता ही दिया कि वे अनंत-राधिका की शादी में क्यों नाचे. उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग कर रहे लोगों को दो टूक में जवाब दिया.**



### क्या है मामला

आमिर खान, सलमान खान और शाहरूख खान ने पिछले दिनों अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग फंक्शन में नाटू-नाटू पर परफॉर्मेंस दी थी. इसके बाद से ही वे कई आलोचकों के निशाने पर थे. सवाल था कि आखिर उद्योगपति के पारिवारिक कार्यक्रम में उन्होंने डांस कर अपनी हैसियत क्यों गिराई. सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से उन्हें इस मसले पर ट्रोल किया जा रहा था. आमिर ने कहा कि जब हमारे घर परिवार में शादी होती है, अंबानी परिवार के सदस्य खुशी जाहिर करते हुए जम कर नाचते हैं. हमने भी उनके प्री वेडिंग फंक्शन में इसलिए डांस किया. हम पारिवारिक सदस्यों की तरह हैं, फिर एक दूसरे की खुशियों में नाचकर क्यों नहीं शरीक हों!

## ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन का राउडी डांस

*तलाक की खबरों के बीच राउडी डांस पर ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के डांस ने इंटरनेट पर आग लगा दी है. डांस के दौरान दोनों की केमेस्ट्री देख फैंस आश्वस्त हुए कि इनके बीच सबकुछ सही चल रहा है.*

### क्या है मामला



मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग फंक्शन बीती 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में हुए थे. अंबानी फैमिली के फंक्शन में देश-दुनिया के तमाम सेलिब्रिटीज ने शिरकत की. अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में बॉलीवुड इंडस्ट्री के स्टार्स ने उपस्थिति दर्ज कराई. अंबानी परिवार के जश्न में शामिल हुए बॉलीवुड सितारों के वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर अब जमकर वायरल हो रहे हैं. अब ऐश्वर्या राय बच्चन और उनके पति अभिषेक बच्चन का एक डांस वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है. इस वीडियो में अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन राउडी गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं. इस डांस वीडियो में अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की केमिस्ट्री आग लगा रही है.

# ऐसी दीवानगी!

*बॉलीवुड सेलेब्स की जिंदगी में बहुत कुछ ऐसा होता है जो आम लोगों के लिए ख्वाब की तरह होता है. बेशुमार दौलत और पहचान जितनी बॉलीवुड के सितारों को मिलती है, उनके अलावा क्रिकेट के खिलाड़ियों, चंद बिजनेसमैन, राजनेता और प्रोफेशनल्स को ही मिल पाती. बॉलीवुड सितारों के हिस्से जबरदस्त फैन भी आते हैं जो उन्हें जमीं के भगवान सा अहसास कराते हैं. उनके लिए कुछ भी कर गुजरने की दीवानगी रखते हैं. आज चर्चा बॉलीवुड स्टार्स के ऐसे ही दीवानों की-*












### साइकिल से मुंबई पहुंचा रांची का यह दीवाना

रांची का एक दीवाना किशोर कुमार तब सुर्खियों में आ गया जब वह अपने अपने आदर्श आमिर खान से मिलने के लिए रांची से मुंबई तक लगभग 1700 किलोमीटर साइकिल चलाकर पहुंच गया. अपने साथ वह सैकड़ों फैंस के लेटर भी लाया था. खार पुलिस स्टेशन में पूरे दो दिन और दो रातें बिना सोए बिताईं, पर जिद नहीं छोड़ी कि जब तक आमिर खान से नहीं मिलता है, वापस नहीं जाएगा. एक पुलिस अधिकारी ने तब आमिर की पत्नी (पूर्व) किरण राव को इसकी जानकारी दी. किशोर को आखिरकार शनिवार सुबह आमिर खान के अपार्टमेंट में ले जाया गया.

### माधुरी के दीवाने पप्पू

झारखंड के सेलेब्स दीवानों की बात हो और पप्पू सरदार का जिक्र नहीं हो, यह हो ही नहीं सकता. पप्पू जमशेदपुर में चाट की एक छोटी सी रेस्त्रां चलाते हैं. रेस्त्रां के भीतर जाते ही आपको चारो ओर केवल माधुरी की तस्वीरें ही नजर आएंगी. इनकी दीवानगी का आलम यह है कि इन्होंने भगवान के साथ ही माधुरी की तस्वीर लगा रखी है. वर्ष 1990 से पप्पू हर साल माधुरी की जन्मदिन पर केक काटते हैं और उनके रेस्त्रां में पूरे दिन लोगों को मुफ्त चाट बांटे जाते हैं. यही नहीं लकी सौ लोगों को रिटर्न गिफ्ट भी मिलता है. माधुरी की शादी का मौका हो या पहले बच्चे के जन्म का, उनकी मां की मौत की सूचना हो या उनकी किसी फिल्म के हिट होने की खबर, हर सुख-दुख में माधुरी के साथ पप्पू खड़े होते हैं पूजा-पाठ से दान-धर्म, रीति रिवाज के सभी कर्म निभाते हैं.

### शाहरूख के लिए बदला नाम

शाहरूख खान बॉलीवुड को कोई हाथ से बुने स्वेटर, टोपी, पेंटिंग भेंट करता रहता है, लेकिन किंग खान के एक फैन ने अपने घर और शॉप पर उनकी करीब 22 हज़ार तस्वीरें सजा दी थीं. लखनऊ में इनके एक ऐसे फैन हैं जिन्होंने अपना नाम ही विशाल सिंह से बदल कर 'विशाहरुख' रख लिया. इनके घर की हर दीवार पर शाहरूख खान की कई-कई तस्वीरें सजी हैं.

### सलमान के लिए भूख हड़ताल

सलमान खान का एक फैन उन्हें खून से खत लिखा करता था और उनकी फिल्म को ब्लॉकबस्टर बनाने के लिए खुद 200 टिकट खरीद लिए थे. वहीं, एक बार इनके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए एक फैन फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' के सेट पर भूख हड़ताल पर चला गया था, जिसे देखकर सब हैरान थे.



### रजनीकांत की 250 किलो की मूर्ति

मंदिर बना कर देवता की तरह पूजे जाने की हैसियत फैंस के बीच रजनीकांत ने भी बना ली है. रजनीकांत के एक फैन ने तमिलनाडु के मदुरै में अपने घर में थलाइवा को समर्पित कर एक मंदिर बनवाया है. खुद को रजनीकांत का फैन कहने वाले कार्तिक ने अपने घर के हिस्से को एक मंदिर में बदल दिया. इस मंदिर में उसने साउथ सुपरस्टार की मूर्ति 250 किलो की मूर्ति स्थापित कर रखा है.

रजनीकांत के दीवाने अक्सर हद पार करते हैं. उनकी फिल्मों के लिए दफ्तरों में छुट्टी तक घोषित हो जाती है. जापान के ओसाका से रजनीकांत का एक फैन कपल यासुदा हिदेतोशी खासतौर से 6 हजार किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय करके उनकी फिल्म जेलर देखने के लिए चेन्नई पहुंचा. रजनीकांत का एक फैन उनका इस कदर दीवाना था कि किसी के ये कहने भर से कि उनकी प्रतिमा की किडनी खराब हो गई है, उसने अपनी किडनी देने के लिए सुसाइड कर लिया था.

### इनके भी जुदा किस्से

प्रियंका चोपड़ा के एक फैन सौरभ कान्त श्रीवास्तव ने उनके लिए 5 फुट लंबी पेंटिंग तैयार की थी. ऋतिक रोशन की एक दीवानी ने अपने हाथ पर ऋतिक के नाम का टैटू बनवा है. करीना कपूर खान एक फैन उनका ऐसा दीवाना था कि उन्हें डायमंड का नेकलेस तक गिफ्ट कर दिया था. शाहिद कपूर की फिल्म हैदर देखने के बाद उनका एक एनआरआई फैन इतना पागल हो गया कि उसने माउंट एलबर्स पर जाकर शाहिद की फिल्म हैदर के पोस्टर लगा डाले. वहीं कंगना के एक फैन ने तो यहां तक दावा कर दिया कि वे उनकी गर्लफ्रेंड हैं.

### यहां अमिताभ का मंदिर

पांच दशकों से इंडस्ट्री पर राज करने वाले अमिताभ बच्चन के चाहने वालों ने उनका मंदिर तक बनवा दिया है, जहां समय से पूजा-पाठ की जाती है. कोलकाता के आनंद नगरी में है बच्चन धाम जहां अमिताभ बच्चन का मंदिर बनवाया गया है. बिग बी के फैन संजय पटोदिया खुद को उनका भक्त बताते हैं और उन्होंने ही इस मंदिर को बनवाया है. इस मंदिर में बिग बी की ठीक उसी तरह पूजा-अर्चना होती है, जिस तरह भगवान की पूजा होती है. संजय पटोदिया ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि मैं अमिताभ से उसी तरह प्यार करता हूं, जैसे मीरा कृष्ण से करती थीं. उन्होंने कहा था कि, वह भगवान शिव और विष्णु की तरह अमिताभ बच्चन को मानते हैं. इसीलिए उन्होंने ये मंदिर बनवाया था. इस मंदिर में आरती के समय 79-पंक्ति वाली चालीसा का पाठ किया जाता है. मंदिर की दीवारों पर 'जय श्री अमिताभ बच्चन' जैसे शब्द लिखे गए हैं. हर मंदिर की तरह 'बच्चन धाम' में प्रवेश करने के लिए भी आपको जूते उतारने पड़ते हैं.

### इस दीवाने पर फिदा दीपिका

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की एक फैन प्रेरणा ने दीपिका के लिए 100 से भी ज्यादा फैन मेल किए थे. इस दीवानगी पर कौन न हो जाए फिदा, सो इस फैन को फिल्म फेयर अवार्ड में दीपिका की ओर से स्पेशली बुलाया गया था.

### काली शर्ट और देवानंद

देव आनंद पर लड़कियां जान छिड़कती थीं. कहा जाता है कि जब देव आनंद काले कपड़े पहनकर निकलते थीं तो लड़कियां उनकी एक झलक पाने के लिए बिल्डिंग से कूदने को भी तैयार हो जाती थीं. कहते हैं कि इसलिए देव आनंद से गुजारिश की गई थी कि वह पब्लिक प्लेस में कभी भी ब्लैक ड्रेस या सूट पहनकर नहीं निकलें.

# सोशल मीडिया पर "शैतान" की वाह-वाही!

*आर. माधवन, अजय देवगन और ज्योतिका की हॉरर फिल्म 'शैतान' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. इस फिल्म को देखने के बाद दर्शक सोशल मीडिया इसके रिव्यू से पटा पड़ा है. विकास बहल के निर्देशन में बनी यह काले जादू पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म है. फिल्म में जानकी बोदीवाला और अंगद राज ने भी भूमिकाएं निभाई हैं. फिल्म गुजराती फिल्म वश का हिंदी रिमेक है.*



### एक यूजर ने लिखा

शैतान मांइड ब्लोइंग, बॉम्बास्टिक है, स्टोरी और डायरेक्शन के मामले में. तबाही आने वाला है बॉक्स ऑफिस पर.

### दूसरे यूजर ने लिखा

दृश्यम 2 का पूरा का पूरा कॉपी पेस्ट था. वो भी एक क्लासिक मूवी का. शैतान में बदलाव है. इम्प्रोवाइजेशन को हमेशा फ्रेम-टू-फ्रेम कॉपी से बेहतर कहा जाता है.

### तीसरे यूजर ने लिखा

चौथे यूजर ने लिखा, बेहतरीन शैतान फिल्म. आर माधवन जब भी आप स्क्रीन पर आप आते हैं लगता है शैतान को मार दिया है. क्या रोल है. अच्छी फिल्म.

एक अन्य यूजर के शब्दों में 'इस फिल्म में अजय देवगन और आर.माधवन ने कमाल का काम किया है. अलौकिक शक्ति पर बनी इस फिल्म को सही तरीके से बनाया गया है. सभी के दिल जीत लिए हैं. बॉक्स ऑफिस 'शैतान' जादू रचने को तैयार है.'

वहीं एक यूजर का कहना है-" रीमेक किस तरह बनाए जाने चाहिए, वह इस फिल्म को देखकर पता चलता है. शैतान' का बेसिक कॉन्सेप्ट फिल्म 'वश' पर आधारित है. लेकिन, शैतान' मूल फिल्म से भी कहीं बेहतर है. फिल्म का क्लाइमेक्स बहुत जबर्दस्त है."

## टैक्स फ्री हुई फिल्म आर्टिकल 370



यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 को मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया गया है. इस फिल्म ने रिलीज होकर धमाका कर दिया था. बता दें कि पिछले एक पखवाड़ा से इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से अपनी पकड़ बनाई हुई है. अब शैतान के रिलीज से आर्टिकल-370 के कलेक्शन पर असर पड़ सकता था लेकिन अब मध्यप्रदेश सरकार के एक फैसले ने इस फिल्म की अच्छी कमाई की उम्मीद जगा दी है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

पांचवां टेस्ट : भारत ने पहली पारी में आठ विकेट के नुकसान पर 473 रन बनाये

# रोहित और गिल की सेंचुरी से भारत की स्थिति मजबूत



रोहित शर्मा

103 रन

13 चौके

03 छक्के

भाषा । धर्मशाला

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी स्थिति मजबूत करते हुए आठ विकेट पर 473 रन बना लिये. भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन के भीतर पांच विकेट गंवाये. इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 244 गेंद में 171 रन जोड़े. पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाये जबकि सरफराज खान ने 60 गेंद में 56 रन बनाने के बाद चाय के बाद पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया. भारत ने एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढत बना ली. इंग्लैंड के लिये ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर चार विकेट लिये जबकि बायें हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर दो विकेट लिये. लंच के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और क्रीज पर जमे हुए रोहित को बोल्ड कर दिया लेकिन उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया. अब तक इस दौरे पर नेट्स पर ही गेंदबाजी कर रहे स्टोक्स ने आखिरकार मैच में गेंदबाजी का फैसला किया. उन्होंने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था.

**97** रन के भीतर भारत ने अंतिम सत्र में पांच विकेट गंवाए

**171** रन जोड़े गिल व रोहित ने दूसरे विकेट के लिए

**65** रन बनाए देवदत्त पड्डिकल ने डेब्यू टेस्ट में

### दूसरे दिन भारत का दबदबा

| सत्र | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहली | 30 | 129 | 0 |
| दूसरा | 24 | 112 | 2 |
| तीसरा | 36 | 97 | 5 |

**स्कोर कार्ड**

इंग्लैंड पहली पारी : 218 रन

**भारत पहली पारी**

यशस्वी जायसवाल स्ट फोक्स बो बशीर 57
रोहित शर्मा बो स्टोक्स 103
शुभमन गिल बो एंडरसन 110
देवदत्त पड्डिकल बो बशीर 65
सरफराज खान का रूट बो बशीर 56
रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली 15
ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर 15
रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली 00
कुलदीप यादव नाबाद 27
जसप्रीत बुमराह नाबाद 19

**अतिरिक्त** : छह रन

**कुल योग** : 120 ओवर में आठ विकेट पर 473

**रन विकेट पतन** : 1-104, 2-275, 3 -279, 4-376, 5-403, 6-427, 7- 427, 8- 428

**गेंदबाजी** : एंडरसन 14-1- 59-1, वुड 15-1- 89- 0, हार्टली 39- 3 -126- 2, बशीर 44-5-170- 4, स्टोक्स 5-1-17-1 रूट 3- 0- 8- 0

### सरफराज-पडिक्कल ने की 97 रन की साझेदारी



युवा सरफराज खान और डेब्यू कर रहे देवदत्त पडिक्कल ने चौथे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की. चाय के ठीक बाद बशीर का कहर देखने को मिला. उन्होंने सरफराज को चलता किया. एक वक्त भारत का स्कोर तीन विकेट पर 376 रन था और टीम ने अगले 52 रन बनाने में पांच विकेट गंवा दिए. 376 पर तीन से स्कोर एक वक्त 428 पर आठ हो चुका था. सरफराज के आउट होने के बाद पडिक्कल ने अर्धशतक पूरा किया. वह 10 चौके और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुए.



शुभमन गिल

110 रन

12 चौके

05 छक्के

बीएनपी परीबास ओपन

# पहले दौर में सुमित नागल हारे

**01** घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 6-3, 6-3 से हारे नागल

लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे नागल

इंडियन वेल्स

भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबास ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया. राफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे. एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 6-3, 6-3 से पराजय झेलनी पड़ी. नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन ऐन मौके पर नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे. नागल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे.



- तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6- 3, 6-1 से हराया.



- पुरूष वर्ग में तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को 63वीं रैंकिंग वाले थॉमस मचाक ने 7 - 6, 4 -6, 6 - 2 से हराया.



### वापसी करते हुए वीनस विलियम्स हारी



पिछले छह महीने में पहली बार खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गई. पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी. एक समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही वीनस अब शीर्ष 450 में भी नहीं है. उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था. हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा.

### आईपीएल के पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे वेड

**मेलबर्न** । मैथ्यू वेड आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस के लिये पहले दो मैच नहीं खेल सकेंगे क्योंकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 21 से 25 मार्च तक शेफील्ड शील्ड फाइनल में तस्मानिया के लिये खेलेगा. आईपीएल का यह सत्र 22 मार्च से शुरू होगा. पिछली उपविजेता टाइटंस 25 मार्च को मुंबई इंडियंस से पहला मैच खेलेगी. इसके बाद 27 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है लेकिन वेड दोनों मैचों के लिये उपलब्ध नहीं हैं. वह 31 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के लिये आईपीएल के तीसरे मैच में उपलब्ध रहेंगे. तस्मानिया के मुख्य कोच जैफ वॉन ने कहा कि उसने अपनी आईपीएल टीम से बात कर ली है और उन्हें कोई ऐतराज नहीं है .

# कोहली का राज फिटनेस: डु प्लेसी

भाषा । बेंगलुरू

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि फिटनेस को लेकर विराट कोहली का जुनून शीर्ष स्तर पर उनके लंबे करियर का राज है और युवा क्रिकेटरों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिये. कोहली ने बतौर कप्तान आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में काफी बदलाव लाते हुए फिटनेस को खिलाड़ियों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाया. डु प्लेसी ने स्टार स्पोर्टस से कहा कि वह जबर्दस्त है. काफी मेहनत करता है और बहुत फिट है.

अगर आज के दौर में लंबा करियर चाहिये तो यह करना ही होगा. वह शानदार उदाहरण है. उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर लंबा करियर बनाने के लिये सिर्फ प्रतिभा से काम नहीं चलता . उन्होंने कहा कि युवाओं को लगता होगा कि वे आकर सिर्फ प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक खेलते रहेंगे, लेकिन लंबे समय तक खेलने के लिये फिटनेस बहुत जरूरी है. उन्होंने कहा कि कई मामलों में विराट और मैं एक जैसे हैं. हम खेल के बारे में एक जैसा सोचते और देखते हैं. इसके अलावा कड़ी मेहनत करते हैं, फिट रहते हैं और अच्छा खाते हैं. इसी वजह से हमारा तालमेल भी शानदार है.



**क्या कहा**

- युवा क्रिकेटरों को कोहली से प्रेरण लेनी चाहिए
- कोहली ने आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में काफी बदलाव लाया

### जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**नयी दिल्ली** । अफगानिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज नूर अली जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है, जिससे उनका एक दशक से भी अधिक समय तक चले करियर का अंत हो गया. इस 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा इस मैच में 28 गेंद पर 45 रन बनाए थे. उन्होंने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच टेस्ट मैच के रूप में आयरलैंड के खिलाफ पिछले सप्ताह खेला था. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को ट्वीट किया कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नूर अली जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है.

### टेनिस: नागपुर ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**नागपुर** । सहजा यमलापल्ली के एकल तथा श्रीवल्ली भामिदिपति और वैदेही चौधरी के युगल में हारने के साथ ही शुक्रवार को यहां डब्ल्यू35 नागपुर ओपन आईटीएफ महिला टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई. एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पांचवी वरीयता प्राप्त सहजा को गैरवरीय डेयोन बैक से 4-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद युगल के वर्ग के सेमीफाइनल में कोरिया की येनवू कू और लिथुआनिया की जस्टिना मिकुलस्काइट ने श्रीवल्ली और वैदेही की स्थानीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 6-2, 2-6, 10-8 से हराया. एकल में क्वार्टर फाइनल के अन्य मैचों में कोरिया की येनवू कू ने रूस की एकातेरिना याशिना को 6-1, 6-0 से हराया.

# ऑस्ट्रेलिया की स्थिति मजबूत

## विलियमसन व साउदी के सौवें टेस्ट का जश्न हेजलवुड ने किया फीका

भाषा । क्राइस्टचर्च

जोश हेजलवुड के पांच विकेट के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड को 162 रन पर आउट कर दिया. केन विलियमसन और टिम साउदी के सौवे टेस्ट का जश्न इससे फीका पड़ गया. विलियमसन अपने सौवे टेस्ट में 17 रन पर आउट हो गए. न्यूजीलैंड के लिये सर्वाधिक 38 रन टॉम लाथम ने बनाये. साउदी ने 26 रन बनाये और मैट हेनरी (29) के साथ नौवे विकेट के लिये 55 रन जोड़े जो उनकी टीम के लिये सबसे बड़ी साझेदारी थी. पहले दिन का खेल समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 124 रन बना लिये थे और वह सिर्फ 38 रन पीछे है. मार्नस लाबुशेन 45 और नाथन लियोन एक रन बनाकर खेल रहे थे. ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय दो विकेट पर 32 रन था जब बेन सियर्स ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी तीसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ (11) को आउट किया. उस्मान ख्वाजा को हेनरी ने बोल्ड किया. पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले कैमरन ग्रीन 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे. हेजलवुड ने विलियमसन, लाथम, रचिन रविंद्र, मिशेल व हेनरी के विकेट लिये.



**दूसरा टेस्ट**

- हेजलवुड ने अपनी टीम के लिए पांच विकेट चटकाए
- पहली पारी में 162 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की टीम

### स्टोक्स ने इंग्लैंड टीम को बेहतरीन बनाया : मोईन

**नयी दिल्ली** । भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद हरफनमौला मोईन अली ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन और मनोरंजक टीम बना दिया है. टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोईन ने कहा कि स्टोक्स को इसका श्रेय जाता है कि उन्होंने इंग्लैंड को औसत से बेहतर टीम बनाया. उन्होंने कहा कि जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है. वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है. उसने इंग्लैंड को बेहतरीन और मनोरंजक क्रिकेट खेलने वाली टीम बनाया है. मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली का भी बचाव किया.

बैडमिंटन

फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

# सात्विक-चिराग व त्रिसा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

भाषा । पेरिस

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी और त्रसा जॉली व गायत्री गोपीचंद की जोड़ी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई. सात्विक व चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने सिर्फ 32 मिन तक चले मुकाबले में मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया. अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा. महिला क्वार्टर फाइनल में पी वी सिंधू की टक्कर चीन की चेन यू फेइ से होगी. घुटने की चोट से उबरकर वापसी कर रही सिंधू ने दुनिया की दसवें नंबर की खिलाड़ी झांग को पहले मैच में हराया था.



**खास बातें**

- सात्विक-चिराग ने वेइ चोंग व वू ती को सीधे गेम में हराया
- 21-13, 21-12 से जीती सात्विक व चिराग की जोड़ी

### त्रिसा-गायत्री ने युकी व सायाका की जोड़ी को हराया



महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को हराया. इस मुकाबले को त्रिसा व गायत्री ने 21-18, 21-13 से जीता. अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा.

विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स

# निशांत देव प्री क्वार्टर फाइनल में

- निशांत ने जॉर्जिया के मेदीयेव को 5-0 से हराया
- अब तक भारत ने चार ओलंपिक कोटे हासिल किए हैं

भाषा । बुस्तो अर्सिजियो (इटली)

विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे.ग निशांत ने जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को पुरूषों के 71 किलोवर्ग में 5-0 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. तोक्यो ओलंपिक क्वार्टर फाइनल खेलने वाले मेदीयेव के पास निशांत के मुक्कों का कोई जवाब नहीं था. इस बीच युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी. अंकुशिता को फ्रांस के सोंविको एमिली ने 3-2 से हराया. वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी.



टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं. भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिये चार कोटे हासिल किये हैं, जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुडा (57 किलो) , लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं. दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से तीन जून तक बैंकाक में खेला जायेगा.

## ब्रीफ खबरें

### अगलगी में 6 घर जले लाखों का नुकसान

**भागलपुर ।** जिले के इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के बिठा में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई. आग की खबर फैलते ही काफी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए, जिसके बाद घटना की सूचना अग्निशमन को दी गई. थोड़ी देर बाद अग्निशमन की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. उल्लेखनीय है कि गांव में शादी को लेकर तैयारी हो रही थी. परिवार में ही दो-दो शादियां थी. पीड़ितों ने बताया कि दो दिन बाद ही उसकी बेटी एवं उसके भाई के बेटे की शादी थी.

### शिक्षक ने मांगी इच्छा मृत्यु, लिखा पत्र

**भागलपुर ।** जिले के कदवा थाना क्षेत्र के कार्तिक टोला निवासी शिक्षक घनश्याम कुमार ने इच्छा मृत्यु की मांग को लेकर पीएमओ को पत्र भेजा है. शिक्षक घनश्याम कुमार जिलाधिकारी कार्यालय सहित पीएमओ एवं अन्य सरकारी कार्यालय में अपनी समस्याओं को लेकर लगातार आवेदन दे रहे हैं. शिक्षक ने अपने साथ हो रही तकलीफ को लेकर अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि कुल 5 बच्चे हैं. इसमें तीन लड़की और दो लड़के हैं. दोनों लड़कों को लाइलाज गंभीर बीमारी ने जकड़ रखा है. अब तक वह 50 से 60 लाख रुपये अपनी दोनों बेटों पर खर्च कर चुके हैं. अब उनके मन में तरह-तरह की बातें आ रही है.

### प्रखंड प्रमुख के बेटे की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर ।** भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया में अपराधियों ने इस्माइलपुर प्रखंड प्रमुख के बेटे को डीएसपी आवास के सामने ही गोलियों से छलनी कर दिया. गोलीबारी की इस घटना को अंजाम देकर बाइक सवार अपराधी फरार हो गए. वहीं आनन-फानन में जख्मी को इलाज के लिए भागलपुर भेजा गया. जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान इस्माइलपुर प्रखंड प्रमुख मालती देवी के पुत्र मिथुन यादव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार करीब 6 गोली लगने की बात सामने आ रही है. पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है.

## मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

**मुजफ्फरपुर ।** देश भर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी घूमधाम से मनाया जा रहा है. इसी क्रम में उत्तर बिहार की बाबा नगरी बाबा गरीब नाथ मंदिर, मुजफ्फरपुर में भी भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. शुक्रवार सुबह से ही बाबा गरीब नाथ मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु ने बाबा के आशीर्वाद के लिए जलाभिषेक किया. बाबा की हुई एक अनोखी सजावट के बीच में सुबह से ही भक्त पहुंचे और बाबा के मंदिर में पंक्तिबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश करने के पश्चात जलाभिषेक किया. इस दौरान मंदिर में मंदिर प्रशासन के द्वारा विशेष तैयारी किया गया है और विशेष सजावट भी की गई है. भक्त बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे और हर-हर महादेव के नारे के साथ मंदिर में जाकर पूजा किया.



चरस तस्करी का मामला

## दो महिला तस्कर को दस दस वर्ष सश्रम कारावास

**संवाददाता । पूर्वी चंपारण**

- 26 फरवरी 2018 को प्राथमिकी दर्ज किया गया था.
- दोनों महिलाओं के पास के पास से 7.8 किलो चरस बरामद हुआ था.

मोतिहारी कोर्ट ने गुरुवार को चरस तस्करी के मामले में दो महिला अभियुक्तों को दस-दस वर्षों की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. नार्कोटिक्स एक्ट के विशेष न्यायाधीश सह चौदहवीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने चरस तस्करी मामले में नामजद दोनों महिला अभियुक्तों को दोषी पाते हुए दोनों को दस वर्षों के सश्रम करावास के अलावा प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है. न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया. उल्लेखनीय है कि एसएसबी ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पटना के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया. जिसमें बताया गया कि 26 फरवरी 2018 को 47वीं एसएसबी जवानों ने रक्सौल के पनटोका के पास गुप्त सूचना पर संदेहास्पद स्थिति में दो महिला को रोककर उनकी तलाशी ली. तलाशी के दौरान दोनों महिलाओं के पास के पास से 7.8 किलो चरस बरामद किया.

बिहार विप चुनाव : महागठबंधन ने 5 उम्मीदवारों का नाम तय किया

# राबड़ी देवी समेत 4 एमएलसी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की



**संवाददाता । पटना**

बिहार विधान परिषद चुनाव में महागठबंधन की ओर से नामों की घोषणा की गयी है. चुनाव में महागठबंधन की ओर से पांच उम्मीदवार उतारे जाएंगे. इनमें राजद के चार और भाकपा-माले के एक उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश करेंगे. राजद के विधायक रामविशुन लोहिया ने कहा कि पार्टी के तरफ से राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, महिला राजद की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उर्मिला ठाकुर, शिवहर संसदीय क्षेत्र के पूर्व उम्मीदवार फैसल अली को कैंडिडेट बनाया गया है. उन्होंने कहा कांग्रेस ने हमें समर्थन देने का ऐलान किया है. मतलब साफ है की कांग्रेस पार्टी से एक भी कैंडिडेट नहीं होंगे.

इन नामों पर मुहर शुक्रवार को राबड़ी आवास में लालू यादव और तेजस्वी यादव की विधायकों के साथ हुई बैठक में ली गयी है. एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च ही है. ऐसे में अब इस चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए महज तीन दिनों का ही समय शेष रह गया है. लिहाजा, पार्टी के तरफ से नाम को एलान करने निर्णय लिया जा रहा है. हालांकि, फिलहाल इसकी आधिकारिक जानकारी पार्टी के तरफ से नहीं दी गई है.

विप की एक सीट पर जीत के लिए विस के 21 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है. ऐसे में संख्या बल के हिसाब से एनडीए छह सीटों पर जीत हासिल करता दिख रहा है. महागठबंधन ने 5 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है. गठबंधन की सभी 5 सीटों पर जीत को लेकर थोड़ा सस्पेंस बढ़ गया है, क्योंकि अभी तक राजद के 4 विधायक नीतीश की नेतृत्व वाले एनडीए के पाले में जा चुके हैं. विपक्ष को पांच सीटों पर जीत के लिए 105 विधायकों के वोट की जरूरत होगी. ऐसे में महागठबंधन की राह मुश्किल नजर आ रही है.

इनकम टैक्स छुपाने का मामला

### राजद एमएलसी विनोद जायसवाल के घर हुई छापेमारी



**पटना ।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के करीबी राजद एमएलसी के घर इनकम टैक्स की रेड शुक्रवार को हुई है. फिलहाल यह मामला कर चोरी का बताया जा रहा है. राजद एमएलसी विनोद जायसवाल के ठिकाने पर शुक्रवार सुबह आयकर विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची है. आयकर की टीम उनके पटना के बोरिंग स्थित आवास पर छापेमारी करने पहुंची है. छापेमारी कोलकाता से आई आईटी की टीम कर रही है. राजद के विधान पार्षद शराब के कारोबार से भी जुड़े हुए हैं. उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही राजद एमएलसी विनोद जायसवाल ने शराबबंदी का विरोध करते हुए कहा था कि जब से शराबबंदी लागू हुई है तब से हजारों करोड़ रुपये बिहार सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है. इसलिए इस शराबबंदी को तत्काल खत्म कर बिहार में शराब खोल देना चाहिए. बिहार के हित में शराबबंदी खत्म होनी चाहिए.

पटना में राजधानी एक्सप्रेस से लाया गया तस्करी का सोना बरामद

## 40 किग्रा विदेशी सोना, 6 किग्रा चांदी व 5.43 करोड़ कैश बरामद, 4 गिरफ्तार

**संवाददाता । पटना**

लोकसभा चुनाव को देखते हुए केंद्रीय एजेंसियों ने तस्करों के खिलाफ देशव्यापी अभियान छेड़ दिया है. इसी कड़ी में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अररिया, मुंबई और गुरुग्राम में विशेष अभियान चलाकर 40 किलोग्राम विदेशी सोना, छह किलोग्राम चांदी और 5.43 करोड़ कैश बरामद किया है. तस्करी में शामिल 12 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है.

सूत्रों का कहना है कि नेपाल के रास्ते विदेशी सोना का एक खेप अररिया लाया जा रहा था. अररिया में केंद्रीय एजेंसी की टीम ने चार तस्करों को धर दबोचा. वहीं, गुवाहाटी राजधानी से बांग्लादेश से स्मलिंग करके लाये जा रहे 2.50 किलोग्राम सोना पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर बरामद किया गया है. टीम ने तस्करी में शामिल कौशल यादव, उपेंद्र सिंह और दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. तीनों के पास से पासपोर्ट भी बरामद हुआ है.

### कटिहार रेलवे स्टेशन से कोरियन मूल के सिगरेट जब्त

इधर, सीमा शुल्क पटना आयुक्तालय के अंतर्गत सीमा शुल्क फारबिसगंज प्रमंडल के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कटिहार रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध रूप से तस्करी कर लाए गए कोरियन मूल के सिगरेट जब्त किया. अवध-आसाम एक्सप्रेस के पार्सल बोगी से गुरुवार सीमा शुल्क के अधिकारियों ने जब्त किया. सिगरेट का अनुमानित मूल्य 3.40 लाख के करीब है. यह तस्करी के द्वारा दूसरे देशों से भारत के सीमावर्ती इलाकों में लाया गया है.

### कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान बेहोश हुआ पहलवान, मौत

**लखीसराय ।** जिले के कजरा थाना क्षेत्र के पुनाडीह गांव में महाशिवरात्रि के मौके पर कुश्ती प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इस प्रतियोगिता में बेगूसराय जिला से पहुंचा एक पहलवान अचानक बेहोश हो गया. पहलवान की बेहोशी देख प्रतियोगिता स्थल पर अफरा-तफरी मच गयी. आनन-फानन में उन्हें सूर्यगढ़ा सीएचसी ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गयी.

## राहुल की नहीं, मोदी की गारंटी पर है भरोसा : सुशील मोदी



**पटना ।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जब 1 रुपये भेजती थी, तब मात्र 15 पैसे जनता तक पहुंचते थे. आज एनडीए सरकार किसानों-गरीबों के खाते में सीधे पैसे भेजती है. देश राहुल गांधी की नहीं, पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा करता है. मोदी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि बिहार में कांग्रेस न अपने विधायकों को एकजुट रख पा रही है, न उनका भविष्य सुरक्षित है. जो राहुल गांधी अमेठी और रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश की किसी सीट से कांग्रेस के जीतने की गारंटी नहीं दे सकते, वे किसानों को फसल खरीदने और 30 लाख युवाओं को नौकरी देने की गारंटी कैसे दे सकते हैं?

## कारोबार

### स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई से शुरू होगी

**नयी दिल्ली ।** स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई से शुरू होगी. दूरसंचार विभाग के शुक्रवार को आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस से यह जानकारी मिली. सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी. दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कुछ कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम के साथ ही इस साल खत्म होने वाली फ्रीक्वेंसी को भी नीलामी में रखा जाएगा.

### जांच में करेंगे सहयोग : जेएम फाइनेंशियल

**नयी दिल्ली ।** जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड ने कहा कि वह ऋण प्रतिभूतियों के सार्वजनिक निर्गम को लेकर पूंजी बाजार नियामक सेबी की जांच में पूरा सहयोग करेगी. कंपनी का यह बयान उस समय आया, जब सेबी ने अनुचित व्यापार व्यवहार के कारण जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड को ऋण प्रतिभूतियों के किसी भी सार्वजनिक निर्गम के लिए लीड प्रबंधक के रूप में कार्य करने से रोक दिया है. सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, जेएम फाइनेंशियल उन ऋण प्रतिभूतियों के सार्वजनिक निर्गम में 60 दिन के लिए लीड प्रबंधक के रूप में काम कर सकती है.

### सुप्रिया को राजस्व दोगुना होने की उम्मीद

**मुंबई ।** दवा कंपनी सुप्रिया लाइफसाइंस को उम्मीद है कि अगले तीन साल में उसका राजस्व दोगुना होकर 1,000 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा. वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में अधिक मार्जिन वाले विशिष्ट क्षेत्रों में उतरने से उसकी कमाई बढ़ेगी. मुंबई की दवा में उपयोग होने वाले रसायन यानी प्रमुख कच्चा माल बनाने वाली सुप्रिया लाइफसाइंस ओरल सॉलिड डोजेज, लिक्विड इनहेलर्स और इंजेक्टेबल के साथ अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार कर रही है. कंपनी के संस्थापक चेयरमैन सतीश वाघ ने बताया कि इसके लिए अंबरनाथ के पास लगभग 60 करोड़ रुपये के निवेश से एक नए संयंत्र की स्थापना की जा रही है.

वर्ष 2023-24 में महाराष्ट्र, कर्नाटक व पश्चिम बंगाल में इनके उत्पादन में कमी का असर कुल उत्पादन पर पड़ेगा

# कम रह सकता है प्याज और आलू का उत्पादन

**भाषा । नयी दिल्ली**

महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन उपज होने का अनुमान





**घटेगी उपज**

- सब्जियों का उत्पादन 20 करोड़ टन होने का अनुमान
- प्याज का उत्पादन 254 लाख टन होने की संभावना

अनाज के उत्पादन में वृद्धि और कमी का सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है. इसके उपज को लेकर सरकार जानकारी देती रहती है. कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान की जानकारी दे दी है. मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में प्याज और आलू का उत्पादन पिछले साल से कम रह सकता है.

महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में इनके उत्पादन में कमी का असर कुल उत्पादन पर पड़ेगा. मंत्रालय के मुताबिक, आलू-प्याज का उत्पादन घटने के बावजूद बागवानी फसलों के कुल उत्पादन में कमी नहीं होगी. मंत्रालय के मुताबिक, देश में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 35 करोड़ 53 लाख टन होने का अनुमान है. मंत्रालय ने 2022-23 के लिए अंतिम अनुमान भी जारी किया. इसके मुताबिक, 2022-23 में देश में बागवानी फसलों का उत्पादन 35.55 करोड़ टन होने का अनुमान है.

मंत्रालय ने बताया कि 2023-24 में प्याज का उत्पादन पिछले वर्ष के लगभग 302 लाख 8 हजार टन के मुकाबले लगभग 254 लाख 73 हजार टन होने की संभावना है. महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन, कर्नाटक में 9.95 लाख टन, आंध्र प्रदेश में 3.54 लाख टन और राजस्थान में 3.12 लाख टन की कमी का असर कुल उत्पादन में दिखेगा. इसी तरह 2023-24 में आलू का उत्पादन लगभग 589 लाख 94 हजार टन होने की उम्मीद है. पिछले साल यह लगभग 601 लाख 42 हजार टन था.

पश्चिम बंगाल में पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन घटने का असर पड़ा है. सब्जियों का उत्पादन लगभग 20 करोड़ 94 लाख टन होने का अनुमान है. पत्तागोभी, फूलगोभी, लौकी और टमाटर का उत्पादन बढ़ने की संभावना है. टमाटर का उत्पादन पिछले साल के लगभग 204 लाख 25 हजार टन की तुलना में लगभग 208 लाख 19 हजार टन होने की उम्मीद है. इस तरह इसमें करीब 1.9 प्रतिशत की बढ़त होगी. फलों का उत्पादन 11 करोड़ 21 लाख टन होने का अनुमान है. मुख्य रूप से केला, संतरा और आम का उत्पादन ज्यादा बढ़ेगा.

फरवरी में आलू, टमाटर और दालों के दाम बढ़ने के चलते रिटेल इंफ्लेशन 5 प्रतिशत के ऊपर रहने के आसार हैं. जनवरी में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित रिटेल इंफ्लेशन 5.1 प्रतिशत पर थी. जनवरी में फूड इंफ्लेशन दिसंबर के 9.53% से घटकर 8.3% पर आ गई थी, लेकिन सब्जियों की महंगाई दर 27% के आसपास थी.बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री दीपान्विता मजूमदार के मुताबिक फरवरी में खासतौर से आलू, टमाटर और दालों के अलावा खाद्य तेलों, चाय और गुड़ के दाम बढ़े. बैंक ऑफ बड़ौदा का सेंशियल कमोडिटी इंडेक्स फरवरी में 0.4% बढ़ा. चावल के दाम सालभर पहले के मुकाबले 14.2%, अरहर दाल के लगभग 34%, चीनी के 6.5%, प्याज के लगभग 29% और टमाटर के 38% बढ़े.

कुल मिलाकर फरवरी में रिटेल इंफ्लेशन 5.1% के आसपास रहने का अनुमान है. मजूमदार ने कहा कि दलहन के मामले में खरीफ और रबी की उपज कमजोर बनी रही. लिहाजा आने वाले दिनों में कीमतों पर नजर रखने की जरूरत है. मार्च के पहले 5 दिनों में बैंक ऑफ बड़ौदा का ईसीआई सालभर पहले के मुकाबले 5.5% बढ़ा है. तिमाही आधार पर गेहूं आटा, उड़द को छोड़कर बाकी दालों, सरसों और सोया तेल, प्याज और आलू के दाम बढ़े हैं. उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में ओले पड़ने और बारिश होने से सप्लाई पर असर पड़ सकता है. इसका प्रभाव कुछ फसलों के दाम पर दिखेगा. दालों के दाम बढ़ रहे हैं, उत्पादन कम रहने से निकट भविष्य में कीमतें बढ़ने का रुझान रह सकता है. आने वाले महीनों में भी प्राइस प्रेशर बना रहा तो रिटेल इंफ्लेशन 4 प्रतिशत के करीब नहीं आ पाएगी.

80,125 करोड़ रुपये आएगी लागत

## ओडिशा ने सात प्रमुख परियोजनाओं को दी मंजूरी

**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में 80,125 करोड़ रुपये के निवेश वाली सात प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी है. अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई.

उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से इस्पात, हरित ऊर्जा, दवा और रसायन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 24,552 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं खुर्दा, जगतसिंहपुर, झारसुगुड़ा, गंजम और भद्रक जिलों में हैं. इनमें ग्रैन्यूल्स लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैन्यूल्स सीजेडआरओ प्राइवेट लिमिटेड, ईजी सोलविन हाइब्रिड प्राइवेट लिमिटेड, एसीएमई ग्रीनटेक ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड, वारी क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एक्शन इस्पात और ओएफबी टेक प्राइवेट लिमिटेड की परियोजनाएं शामिल हैं.

## नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए किया जाएगा भुगतान

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है. एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं. पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था.

इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है. बयान में कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज और सुरक्षित यूपीआई भुगतान कर सकेंगे. फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं.

शानदार | एएमएफआई ने जारी किया आंकड़ा, फरवरी में एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

# पहली बार 19000 करोड़ के पार चला गया एसआईपी

- एयूएम भी 3.42 फीसदी बढ़कर 54.54 लाख करोड़ का आंकड़ा छू गया

**एजेंसी । मुंबई**




सिस्टेमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पर देश का भरोसा मजबूत होता जा रहा है. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स (एएमएफआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी में एसआईपी ने रिकॉर्ड बना दिया है. पिछले महीने 19186 करोड़ रुपये का निवेश एसआईपी के जरिए किया गया. जनवरी में यही आंकड़ा 18838 करोड़ रुपये रहा था. पिछले महीने इक्विटी फंड्स में इनफ्लो बढ़ा है. स्मॉल कैप फंड्स का प्रदर्शन शानदार रहा है.

म्यूचुअल फंड्स का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) भी 3.42 फीसदी बढ़कर 54.54 लाख करोड़ का आंकड़ा छू गया है. सेक्टोरल और थीमेटिक फंड्स एवं डेट म्यूचुअल फंड्स इनफ्लो में भी पिछले महीने पर्याप्त इजाफा हुआ है.

**इक्विटी कैटेगरी में इनफ्लो में इजाफा हुआ :** एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी कैटेगरी में इनफ्लो में इजाफा हुआ है. फरवरी में यह 23.3 फीसदी बढ़कर 26866 करोड़ रुपये हो गया है. स्मॉल कैप फंड्स में इनफ्लो सबसे ज्यादा 2922.4 करोड़ रुपये रहा. इसके बाद मीडियम कैप में 1808.2 करोड़ रुपये और लार्ज कैप फंड्स में 921.14 करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो रहा. मार्च, 2021 से लगातार 36वें महीने इक्विटी फंड्स में पॉजिटिव इनफ्लो हुआ है. एसआईपी ने भी फरवरी में शानदार प्रदर्शन किया है. यह ऑल टाइम हाई 19186 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. एसआईपी ने पहली बार 19 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है. फरवरी में म्यूचुअल फंड्स का कुल एयूएम भी बढ़ा है.

**134 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई :** फरवरी में लगभग 11469 करोड़ रुपये के 20 ओपन एंडेड न्यू फंड ऑफर्स (एनएफओ) मार्केट में उतरे हैं. साथ ही 251 करोड़ रुपये के 2 क्लोज एंडेड एनएफओ भी बाजार में पेश किए गए. सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स को लेकर निवेशकों की रुचि बनी हुई है. इनमें 134 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई. इनमें सबसे ज्यादा 11262.72 करोड़ रुपये का इनफ्लो हुआ है. जनवरी में यही आंकड़ा 4804.69 करोड़ रुपये रहा था. लिक्विड फंड्स में भी फरवरी में जबरदस्त उछाल आया है. यह जनवरी के 49467.67 करोड़ रुपये से बढ़कर 83642.33 करोड़ रुपये हो गया. एम्फी के अनुसार, फरवरी में ओवरनाइट फंड्स आउटफ्लो 17375.61 करोड़ रुपये रहा है. लो ड्यूरेशन फंड्स में भी आउटफ्लो 4,100.38 करोड़ रुपये रहा है. कॉरपोरेट बॉन्ड फंड्स में लगभग 3,028.86 करोड़ रुपये का इनफ्लो हुआ है.

## श्रीलंका से 5 लाख टन सुपारी आयात के लिए हुआ समझौता

- सुपारी के आयात की मात्रा लगभग 500,000 टन प्रति वर्ष होगी

**भाषा । नयी दिल्ली**



ब्रिटेन स्थित विविध कारोबार कंपनी एसआरएएम एंड एमआरएएम ग्रुप ने श्रीलंका से पांच लाख टन सुपारी का आयात करने के लिए एक समझौता किया है. समूह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सुपारी के आयात के लिए श्रीलंका स्थित कंपनी प्राइम स्टार प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं. बयान के मुताबिक, प्राइम स्टार के पास व्यापार-मुक्त क्षेत्रों में प्रति माह न्यूनतम 25,000 टन प्रसंस्करण क्षमता वाली इकाइयां हैं. सुपारी के आयात की मात्रा लगभग 500,000 टन प्रति वर्ष होगी. भारत इंडोनेशिया, बांग्लादेश और श्रीलंका से सुपारी का आयात करता है. सुपारी का सांस्कृतिक महत्व है और भारत में विभिन्न पारंपरिक गतिविधियों और समारोहों में इसका इस्तेमाल होता है.

▼ ब्रीफ खबरें

### महाशिवरात्रि पर लाखों ने लगाई गंगा में डुबकी

**प्रयागराज।** माघ मेला के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक करीब छह लाख लोगों ने यहां गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई. माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह से ही स्नानार्थियों का संगम क्षेत्र में आना जारी रहा तथा सुबह 10 बजे तक करीब छह लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया. नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में भारी संख्या में लोग शिवलिंग पर माला फूल, दूध आदि चढ़ा रहे हैं.

### नाइजीरिया में 287 स्कूली बच्चों का अपहरण

**अबुजा (नाइजीरिया)।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया और 287 छात्रों का अपहरण कर लिया. स्कूल के प्रधानाध्यापक ने देश में एक सप्ताह से कम वक्त में बड़ी संख्या में लोगों को अगवा किए जाने की यह दूसरी घटना है. स्थानीय लोगों ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' ने बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को सुबह करीब आठ बजे घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे.

### टीवी अभिनेत्री डॉली का सर्वाइकल कैंसर से निधन

**मुंबई।** टेलीविजन शो 'झनक' और 'भाभी' में बेहतरीन अभिनय करने वाली अभिनेत्री डॉली सोही का शुक्रवार सुबह सर्वाइकल कैंसर से नवी मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया. उनकी उम्र 47 वर्ष थी. सोही के भाई मनप्रीत ने यह जानकारी दी. अभिनेत्री को छह माह पूर्व ही सर्वाइकल कैंसर होने का पता चला था और वह तब से इसका इलाज करा रही थीं. सोही के भाई मनप्रीत ने कहा कि वह नहीं रहीं. अपोलो अस्पताल में सुबह करीब चार बजे उनका निधन हो गया.

### भारत-नेपाल सीमा पर तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर रूपईडीहा से नेपाल के एक तस्कर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से पौने दो किलोग्राम चरस बरामद की गई है. पुलिस ने यह जानकारी दी. अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार शाम सशस्त्र सीमा बल व पुलिस का संयुक्त दल गश्त पर था. इस दौरान नेपाल के बांके जिले के निवासी 33 वर्षीय बाल बहादुर को पकड़ा गया और उसके पास से तस्करी कर लाई गयी 1.708 किलोग्राम चरस बरामद की गई.

### पत्नी को पेट्रोल डालकर जलाया, आरोपी फरार

**बदायूं (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद में एक व्यक्ति ने शराब पीने से मना करने पर अपनी पत्नी को कथित तौर पर पेट्रोल छिड़ककर जला दिया जिससे उसकी मौत हो गयी. पुलिस सूत्रों ने बताया कि महिला को बचाने के प्रयास में उसकी सास भी गंभीर रूप झुलस गई. महिला की चीख सुनकर आए पड़ोसियों ने किसी तरह आग बुझाई और पुलिस को सूचना दी. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. उन्होंने बताया कि गुजरिया थाना क्षेत्र के नैथुआ गांव निवासी मुनीश सक्सेना शराब पीने का आदी है.



महाशिवरात्रि के अवसर पर देश के विभिन्न मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा. इस दौरान भक्तों ने भगवान शंकर पर जल, दूध, फल-फूल आदि अर्पित कर मनोकामनाएं मांगी.

आवास के आसपास के इलाकों का भी किया दौरा

## शेख के घर सीबीआई की रेड

▪ इलाके की वीडियोग्राफी और नक्शा भी तैयार किया

**भाषा। कोलकाता**

सीबीआई के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास पर शुक्रवार को छापे मारे. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) ने हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशाखाली स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों का भी दौरा किया. सीबीआई अधिकारियों ने ईडी द्वारा शेख के घर पर लगाई गयी सील को परिसर में प्रवेश करने के लिए खोल दिया. वे अपनी जांच के लिए इलाके की वीडियोग्राफी भी कर रहे हैं और उसका नक्शा भी तैयार कर रहे हैं. तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के बाद सीबीआई का एक दल कल गुरुवार को भी संदेशखाली में स्थित उसके घर गया था. उन्होंने बताया कि दोनों परिसरों में ताला लगा मिलने के बाद टीम ने बाहर से वहां की तस्वीरें लीं और चली गयी. शेख और अन्य लोगों पर संदेशखाली में यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंटेंट क्रिएटर्स को किया पुरस्कृत, कहा-

# मिलकर करें 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कंटेंट क्रिएटर्स से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया. मोदी ने यहां भारत मंडपम में नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार प्रदान करने के बाद कहा कि आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें. 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया. गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला. टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया. नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड में प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी भी शामिल हुईं, उन्हें बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज का अवॉर्ड मिला है.

**पीएम ने युवाओं से जागरूकता बढ़ाने का किया आग्रह :** मोदी ने कंटेंट क्रिएटर्स से युवाओं के बीच मादक द्रव्यों के इस्तेमाल के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का भी आग्रह किया. उन्होंने कहा कि आपका कंटेंट क्रिएशन देश में बहुत बड़ा प्रभाव डाल रहा है. मोदी ने कहा कि जब समय बदलता है, जब एक नये युग की शुरुआत होती है तो यह देश की जिम्मेदारी बन जाती है कि वह बदलते समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चले. राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार कथा वाचन, सामाजिक बदलाव, पर्यावरणीय संवहनीयता और शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास है. इसका उद्देश्य सकारात्मक बदलाव के लिए रचनात्मकता को प्रोत्साहन देना है.


कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम मोदी तथा दर्शक दीर्घा में बैठीं प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी व अन्य.

**खास बातें**

- बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज का अवॉर्ड जया किशोरी को
- 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' मैथिली ठाकुर को मिला

**सार्वजनिक सहभागिता सामने आई है**

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार के लिए अनुकरणीय सार्वजनिक सहभागिता सामने आई है. पहले दौर में 20 विभिन्न श्रेणियों में 1.5 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे. इसके बाद, वोटिंग राउंड में विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों में डिजिटल सर्जकों के लिए लगभग 10 लाख वोट डाले गए. इसके बाद, तीन अंतरराष्ट्रीय सर्जक सहित 23 विजेताओं का निर्णय किया गया. बयान में कहा गया कि यह जबरदस्त सार्वजनिक जुड़ाव इस बात का प्रमाण है कि पुरस्कार वास्तव में लोगों की पसंद को प्रदर्शित करता है.

**आइए... भारत की कहानी सभी को बताएं**

इस दौरान पीएम ने कहा कि आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें. आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें. मोदी ने पुरस्कार प्रदान करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आइए, हम भारत की कहानी सभी को बताएं. आइए हम भारत पर सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें. ऐसा 'कंटेंट क्रिएट' करें, जिससे आपके साथ-साथ देश को ज्यादा 'लाइक्स' मिलें. हमें इसके लिए वैश्विक दर्शकों को जोड़ना चाहिए.

## कांग्रेस ने जारी की 39 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

| क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|
| **छत्तीसगढ़** | |
| कोरबा | ज्योत्सना महंत |
| जांगीर चंपा | शिवकुमार डहरिया |
| राजनांदगांव | भूपेश बघेल |
| दुर्ग | राजेंद्र साहू |
| रायपुर | विकास उपाध्याय |
| महासमुंद | ताम्रध्वज साहू |
| **केरल** | |
| कासरगोड़ | राजमोहन उन्नीथन |
| कन्नूर | के. सुधाकरन |
| वडाकारा | शफी परामंबिल |
| वायनाड | राहुल गांधी |
| कोझिकोड | एमके राघवन |
| पलक्कड़ | वीके श्रीकंदन |
| अलाथुर | राम्या हरिदास |
| त्रिसूर | के. मुरलीधरन |
| चलाकुडी | बेनी बेहनन |
| एर्णाकुलम | हिबी ईडेन |
| इडुक्की | डीन कुरियाकोस |
| अलप्पुझा | केसी वेणुगोपाल |
| मावेलिक्करा | कोडिकुनिल सुरेश |
| पाथनमथिट्टा | एंटो एंटनी |
| अतिंगल | अदूर प्रकाश |
| तिरुवनंतपुर | शशि थरूर |
| **कर्नाटक** | |
| बीजापुर | एच आर अलगूर |
| हावेरी | ए जी मठ |
| शिमोगा | गीता शिवराज |
| हासन | श्रेयस पटेल |
| तुमकुर | एसपी मुथाहनुमेगौड़ा |
| मांड्या | वैंकटरामे गौड़ा |
| बेंगलुरु (ग्रा) | डी के सुरेश |
| **लक्षद्वीप** | हमदुल्ला सईद |
| **मेघालय** | |
| शिलांग | विंसेट एच पाला |
| तुरा | सालेंग संगमा |
| **नगालैंड** | एस एस जमीर |
| **सिक्किम** | गोपाल छेत्री |
| **तेलंगाना** | |
| जहीराबाद | सुरेश शेतकर |
| नलगोंडा | रघुवीर कुंडूरू |
| महबूबनगर | सीवी चंद रेड्डी |
| **त्रिपुरा पश्चिम** | आशीष साहा |

### अंतरिक्ष कार्यक्रमों में वायुसेना अहम योगदान दे रही है : राष्ट्रपति

**गाजियाबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश की सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान 'स्वर्णाक्षरों' में अंकित है और वह न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है. मुर्मू ने भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति मानक एवं रंग पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उन्हें विश्वास है कि अधिक से अधिक महिलाएं वायुसेना में भर्ती होंगी और राष्ट्र की सेवा करेंगी. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई भी दी. उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है. राष्ट्रपति ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि भारतीय वायुसेना न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है.

दिल्ली, मुंबई, तिरुवनंतपुरम सहित कई शहरों में सीबीआई की रेड

## रूस-यूक्रेन युद्ध में भारतीयों को झोंकने वाले रैकेट का पर्दाफाश

**भाषा। नयी दिल्ली**

खबर है कि सीबीआई ने दिल्ली, मुंबई, तिरुवनंतपुरम, अंबाला, चंडीगढ़, चेन्नई सहित मदुरै में लगभग 13 स्थानों पर एक साथ रेड की है. यह अभियान एक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए चलाया गया, जो भारतीय नागरिकों को बेहतर रोजगार मुहैया कराने की आड़ में रूस भेजता था, ताकि उन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध में शामिल किया जा सके.

सूत्रों के अनुसार छापेमारी में अब तक 50 लाख रुपये से अधिक नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और लैपटॉप, मोबाइल फोन और डेस्कटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जब्त किये गये हैं. एक अधिकारी के अनुसार कुछ संदिग्धों को विभिन्न स्थानों से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. यह भी बताया कि अब तक पीड़ितों को विदेश भेजे जाने के 35 मामले उजागर हुए हैं. बता दें कि भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) के हस्तक्षेप के बाद रूसी सेना में सहायक स्टाफ के रूप में काम करने वाले लगभग 20 भारतीयों को जल्द छोड़ने' का वादा किया किया गया है.

**विरुद्ध युद्ध क्षेत्र में अग्रिम ठिकानों पर भेजा गया**

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, ये तस्कर संगठित नेटवर्क के रूप में काम कर रहे थे. वे यूट्यूब आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिए और अपने स्थानीय संपर्कों/एजेंटों के माध्यम से भारतीय नागरिकों को रूस में अत्यधिक राशि वाली नौकरियों का लालच दे रहे थे.

खालिस्तानी समर्थक 'वारिस पंजाब दे' की कर रहा था मदद

## डिब्रूगढ़ जेल अधीक्षक गिरफ्तार

**भाषा। गुवाहाटी**

असम स्थित डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार के अधीक्षक निपेन दास को कट्टरपंथी खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' से संबंधित कैदियों के कब्जे से स्मार्टफोन समेत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये जाने के मामले में आज शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि जेल अधिकारी को ढिलाई बरतने के आरोप में आज तड़के गिरफ्तार किया गया. जेल अधीक्षक निपेन दास की गिरफ्तारी को लेकर एसपी डिब्रूगढ़ राकेश रेड्डी ने कहा कि कुछ दिन पहले जेल के अंदर तलाशी ली गयी थी, जहां हमें जेल परिसर के अंदर मोबाइल फोन, कीपैड के साथ रिमोट और अन्य डिवाइस मिले. उस मामले के आधार पर, हमने एक जांच शुरू की.

**जेल से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए**

असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार की उन कोठरियों से पिछले माह कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किये गये थे, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत गिरफ्तार किये गये कैदियों को रखा गया है. अधिकारी ने बताया कि डिब्रूगढ़ जेल अधिकारी की गिरफ्तारी इसी मामले में की गयी है.

### फ्रांसीसी संविधान में शामिल हुआ गर्भपात का अधिकार

**पेरिस।** फ्रांस ने गर्भपात के अधिकार को शुक्रवार को अपने संविधान में शामिल कर महिला अधिकारों का समर्थन करने का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक मजबूत संदेश दिया. न्याय मंत्री एरिक डी. मोरेत्ती ने एक विशेष सार्वजनिक समारोह में, फ्रांस के संविधान में संशोधन को अंकित करने के लिए 19वीं सदी के प्रिंटिंग प्रेस का उपयोग किया. इसके साथ ही, फ्रांस अपने राष्ट्रीय चार्टर में गर्भपात के अधिकार को शामिल करने वाला पहला देश हो गया है. इस प्रावधान को फ्रांसीसी सांसदों ने इस सप्ताह के शुरूआत में मंजूरी दी थी. अमेरिका में, गर्भपात पर विचार बंटे हुए हैं. वहीं, लगभग पूरे यूरोप में इसे कानूनी मान्यता मिली हुई है.

सीएए असमिया की पहचान के लिए खतरा, विपक्षी दलों ने किया विरोध

## पीएम के दौरे से पहले असम में प्रदर्शन

**भाषा। गुवाहाटी**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया. सोलह-सदस्यीय यूनाइटेड अपोजिशन फोरम, असम (यूओएफए) ने काजीरंगा के समीप धरना प्रदर्शन किया. प्रधानमंत्री का यहां रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है.

यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया. गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया. इसलिए हम एक दिन पहले विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सीएए असमिया लोगों की पहचान के लिए खतरा है और वे इसका विरोध करते रहेंगे.

### पुडुचेरी बंद के आह्वान से जनजीवन प्रभावित रहा

**पुडुचेरी।** एक नाबालिग लड़की की हत्या को रोकने में पुडुचेरी सरकार की कथित विफलता की निंदा करने के लिए विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के आह्वान पर आयोजित 12 घंटे के बंद के दौरान शुक्रवार को यहां सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा. विपक्षी दलों ने मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने में सरकार की विफलता को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने नौ वर्षीय लड़की की हत्या में शामिल दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की. नाबालिग का शव मंगलवार को सोलाई नगर में उसके घर के पास एक नाले में मिला था. अन्नाद्रमुक के राज्य सचिव ए अंबलगन के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ओडियनसलाई क्षेत्र में गिरफ्तारी दी.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बना सकते हैं कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग में ऐसी फील्ड है, जिसमें एयरक्राफ्ट को ऑपरेट करना, उसकी डिजाइनिंग औरडेवलपमेंट शामिल हैं. यह कोर्स नए प्रोफेशनल्स को कमर्शियल या मिलिट्री एयरक्राफ्ट, मिसाइल्स और स्पेसक्राफ्ट के कंस्ट्रक्शन, डिजाइनिंग, टेस्टिंग और एनालिसिस में ट्रेनिंग देता है. इसके अलावा एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में कमर्शियल एविएशन, डिफेंस सिस्टम्स और स्पेस एक्सप्लोरेशन में रिसर्च करना भी शामिल है. एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग दोनों ही अलग अलग फील्ड है लेकिन इन दोनों ही फील्ड का काम लगभग मिलता जुलता है. एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग उन वायुयानों के डिजाइन और विकास के लिए है जो पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर उड़ान भरते हैं, जबकि एयरोस्पेस इंजीनियरिंग उड़ान भरने वाले सभी हवाई जहाजों के साथ-साथ पृथ्वी के बाहर के वातावरण का भी अध्ययन कराती है. इस प्रकार इसमें मिसाइल्स, रॉकेट्स, सैटेलाइट्स, स्पेसक्राफ्ट, स्पेस स्टेशन आदि का अध्ययन शामिल है.



**कॅरियर स्कोप**

- रिसर्च असिस्टेंट
- लेक्चरर/प्रोफेसर
- एयरक्राफ्ट तकनीशियन
- एयरोस्पेस मेडिसिन एक्सपर्ट
- एयरक्रैश इन्वेस्टीगेशन एक्सपर्ट
- एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर
- टेक्निकल अफसर
- एयरक्राफ्ट डिजाइन इंजीनियर
- क्यूए इंजीनियर
- एयरवर्दीनेस इंजीनियर
- एयरोडायनमिस्ट
- स्ट्रक्चर एंड मैटेरियल इंजीनियर
- एकॉस्टिक एक्सपर्ट्स
- स्ट्रेस एनॉलिस्ट

**स्किल**

- समस्या को सुलझाना
- त्वरित निर्णय लेना
- जटिल अन्वेषण
- विशेषज्ञ गणितीय योग्यता
- समय प्रबंधन
- कंप्यूटर टूल्स
- मौखिक और लिखित संचार कौशल
- नेतृत्व क्षमता
- टीम वर्क
- सहयोग

**एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के लिए कोर्सेज**

बैचलर इन एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग
बीई एरोस्पेस इंजीनियरिंग
बीएससी एयरोनॉटिक्स
बीटेक इन एविनिक्स
बीई/ बीटेक इन एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग
बीई इन एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग
डिप्लोमा इन एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग
एमई एयरोनॉटिकल मैनेजमेंट
मास्टर इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग
मास्टर इन एयरोनॉटिकल एंड एयरो स्पेस इंजीनियरिंग
एमटेक इन स्पेस इंजीनियरिंग एंड राकेट्री




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)